

किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853



दैनिक
# समाज जागरण

राष्ट्रीय संस्करण

RNI: UPHIN/2021/84200

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छतीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

वर्षः 1 अंकः 309 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) रविवार 27 अगस्त 2023 http://samajjagran.in पृष्ट - 12 मूल्य 5 रुपया


## ढहता हिमाचल ?



## बारिश के कहर के बाद हर तरफ दिख रहा मौत और तबाही का मंजर

समाज जागरण



शिमला. राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली से करीब 400 किलोमीटर दूर स्थित हिमाचल प्रदेश के शिमला जाने में सड़क मार्ग से आमतौर पर 7 घंटे लगते हैं, लेकिन अब यहां पहुंचने में 10 घंटे लग रहे हैं. इस पहाड़ी राज्य में बीते दिनों हुई मूसलाधार बारिश के बाद आई भीषण बाढ़ और भूस्खलन के कारण हालात बेहद खराब है. वहीं इतिहास की इस सबसे भीषण प्राकृतिक आपदा से शिमला सबसे ज्यादा प्रभावित हुआ है.

हिमाचल में बीते एक महीने के दौरान ज्यादा कुछ सुधार नहीं हुआ है और पर्यटकों के बीच खासा लोकप्रिय यह राज्य वापस पटरी पर लौटने के लिए संघर्ष कर रहा है. पंजाब या इसकी सीमा से लगे किसी अन्य राज्य से हिमाचल में जैसे ही आप दाखिल होते हैं तो आपको भूस्खलन के कारण मलबे से भरी कई सड़कें दिखेंगी. इनमें से कई जगहों पर, जेसीबी मशीनें और सड़क साफ करने वाले अन्य उपकरण रास्ते को खोलने की कोशिश में कड़ी मेहनत कर रहे हैं.

### सुरक्षित आसरा ढूंढना भी मुश्किल

आम तौर पर इस पहाड़ी राज्य के लिए अगस्त सुहावने मौसम वाला महीना है, लेकिन इस बार आपको छुट्टियों पर हिमाचल आने से पहले दो बार सोचना पड़ सकता है. चारों ओर दिख रही ढही इमारतों को देखकर सही बसेरे का फैसला करना भी आपके लिए मुश्किल भरा काम साबित हो सकता है.

किसी भी राज्य में विकास के लिए सड़कों और सुचारू यातायात प्रवाह को खासा अहम माना जाता है. यह बात पहाड़ी क्षेत्रों पर कुछ ज्यादा ही लागू होती है, जहां दैनिक आवागमन केवल सड़कों के जरिये ही संभव है. लेकिन हिमाचल में मूसलाधार बारिश और भूस्खलन के कारण ज्यादातर हाईवे, मेन रोड और इससे जुड़ने वाली छोटी सड़कें सब चौपट दिख रही हैं. उदाहरण के लिए रूट डायवर्जन के कारण शिमला से मंडी पहुंचने में अब छह से सात घंटे लग रहे हैं. इस दूरी को तय करने में आमतौर पर पहले चार घंटे लगते थे.


शेष भाग पृष्ठ संख्या 3 पर


## मध्यप्रदेश के हजारों पटवारी सरकार से अपनी न्यायोचित मांगे मंनवाने राजधानी भोपाल में जुटे।

संभागीय ब्यूरो, समाज जागरण



भोपाल। पिछले 3 दिन से अवकाश पर रहने के बाद पटवारियों ने राजधानी में तिरंगा यात्रा निकाली वे अटल पथ (बुलेवर्ड स्ट्रीट) से उट हाउस के लिए बढ़े, लेकिन पुलिस ने उन्हें आगे नहीं जाने दिया। पुलिस ने उट हाउस से पहले रास्ते को बैरिकेड लगाकर बंद कर रखा था।टवारी सड़क पर ही बैठ गए। 2 घंटे तक सड़क पर प्रदर्शन करने के बाद ही वे हटे। इस प्रदर्शन में कोटवार भी शामिल हुए। सभी मानदेय बढ़ाने समेत अन्य मांगों को लेकर यह प्रदर्शन कर रहे थे।टवारियों की तिरंगा यात्रा सुबह साढ़े 11.30 बजे से शुरू हुई। मध्यप्रदेश पटवारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष उपेंद्र सिंह बघेल ने बताया कि उट हाउस तक शांतिपूर्वक तिरंगा यात्रा निकाल रहे थे। यह किसी प्रकार का प्रदर्शन नहीं था, लेकिन पुलिस ने रास्ते में ही रोक दिया।स प्रदर्शन में भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, जबलपुर, उज्जैन, शाजापुर, विदिशा, रायसेन, सीहोर समेत प्रदेशभर से पटवारी शामिल हुए। उनका कहना है कि मांगें पूरी नहीं होने पर प्रदेशभर के पटवारी 28 अगस्त से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जाएंगे।

### पटवारियों की मुख्य मांगें एक नजर में

मध्यप्रदेश में पटवारियों को 1998 में निर्धारित किए गए वेतनमान के अनुसार ही वर्तमान 2023 में वेतन दिया जा रहा है। पिछले 25 साल में प्रदेश के पटवारियों के वेतनमान में कोई बढ़ोतरी नहीं की गई है। जबकि, पटवारियों से पूरे सेवाकाल में कार्य लेने वाले राजस्व विभाग एवं उसकी पद स्थापना वाले भू-अभिलेख विभाग के सभी पदोन्नत पदों (राजस्व निरीक्षक, नायब तहसीलदार, सहायक अधीक्षक भू-अभिलेख, तहसीलदार, अधीक्षक भू-अभिलेख) के वेतनमान में कई बार वृद्धि की गई। पटवारी वेतनमान पे ग्रेड 2800 के लिए वर्ष 2007 पटवारी महाअधिवेशन सनावद में घोषणा की गई थी। राजस्व मंत्री ने 2800 पे-ग्रेड किए जाने का लिखित आश्वासन दिया था, लेकिन अब तक इस पर अमल नहीं हो पाया है।

## स्वदेशी गाय की खरीद पर ट्रांसपोर्टेशन और बीमा का खर्च उठाएगी योगी सरकार

लखनऊ, 26 अगस्तः प्रदेश के गौ पालकों की आय बढ़ाने, आत्मनिर्भर बनाने एवं स्वदेशी नस्ल की गायों के प्रति उनका रुझान बढ़ाने के लिए योगी सरकार ने नन्द बाबा दुग्ध मिशन के तहत मुख्यमंत्री स्वदेशी गौ संवर्धन योजना शुरू की है। इसको लेकर शासन ने शुक्रवार को शासनादेश जारी कर दिया है। शासनादेश में योजना से संबंधित पात्रता, सब्सिडी के मानक, योजना का उद्देश्य और स्वरूप को स्पष्ट किया गया है। इसके अनुसार गौ पालक द्वारा दूसरे प्रदेशों से साहिवाल, थारपारकर, गिर एंव संकर प्रजाति की गाय खरीदने पर उन्हे ट्रांसपोर्टेशन, ट्रांजिट इंश्योरेंस एवं पशु इंश्योरेंस समेत अन्य मदों पर खर्च होने वाली धनराशि पर सब्सिडी दी जाएगी। यह सब्सिडी गौ पालकों को अधिकतम दो स्वदेशी नस्ल की गायों की खरीद पर मिलेगी। यह सब्सिडी गौ पालकों को कुल व्यय धनराशि का 40 प्रतिशत यानी 80 हजार रुपये तक दी जाएगी। पहले चरण में यह योजना प्रदेश के 18 मंडल मुख्यालय के जनपदों में लागू की जाएगी। इसके बाद इसे प्रदेश के सभी जनपदों में लागू किया जाएगा।

*अमेरिका, ब्रिटेन, सिंगापुर, खाड़ी देशों सहित तमाम देशों में भेजी जा रही राखियां*

## डाकघरों से देश के साथ-साथ विदेशों में भी भाईयों के लिए बहनें भेज रही राखियां

शशिकांत ओझा, ब्यूरो चीफ/संतोष सिंह, समाज जागरण





बलिया : रेशम के धागों ने सोशल मीडिया पर चल रही वर्चुअल राखियों को बौना साबित कर दिया है। वाट्सएप, फेसबुक, स्काइप, टेलीग्राम जैसे बड़े सोशल प्लेटफॉर्म को छोडकर बहनें, भाईयों की कलाइयाँ सजाने के लिए डाक से रंग-बिरंगी राखियाँ भेजना

### राखी के धागों की अहमियत बरकरार

*वाराणसी परिक्षेत्र के डाकघरों से देश-विदेश में भेजी गईं 75 हजार राखियां : केके यादव*

पसंद कर रही हैं। डाक विभाग भी इसके लिए मुस्तैद है और तमाम तैयारियां किए हुये है। वाराणसी परिक्षेत्र के पोस्टमास्टर जनरल कृष्ण कुमार यादव ने बताया कि वाराणसी परिक्षेत्र से अब तक 75 हजार से ज्यादा राखियाँ विभिन्न डाकघरों से देश-विदेश में भेजी जा चुकी हैं। रक्षाबंधन के दिन भी डाक वितरण के विशेष प्रबंध किए गए हैं, ताकि किसी भाई की कलाई सूनी न रहे।

राखी का क्रेज देश से बाहर विदेशों में भी खूब है। पोस्टमास्टर जनरल कृष्ण कुमार यादव ने कहा कि वाराणसी से विदेशों के लिए भी स्पीड पोस्ट और रजिस्टर्ड डाक द्वारा राखियाँ भेजी जा रही हैं। लगभग 800 राखियाँ वाराणसी के डाकघरों द्वारा विदेशों के लिए बुक की गईं। इनमें ज्यादातर राखियाँ संयुक्त राज्य अमेरिका, ब्रिटेन, सिंगापुर, संयुक्त अरब अमीरात, जर्मनी, सऊदी अरब, फ्रांस, न्यूजीलैंड, ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण अफ्रीका, कनाडा, ओमान इत्यादि देशों में भेजी गई हैं। वहीं विदेशों में रह रही बहनें भी वाराणसी में अपने भाईयों को राखी भेज रही हैं, जो डाक विभाग के माध्यम से तुरंत वितरित हो रही हैं। विदेशों में राखियाँ भेजने के लिए बहनें पहले से ही तैयारी करने लगती हैं, ताकि सही समय पर भाईयों को राखी पहुँच जाये और उनकी कलाई सूनी न रहे।

पोस्टमास्टर जनरल कृष्ण कुमार यादव ने कहा कि डाक विभाग ने राखी डाक की बुकिंग के साथ-साथ स्पेशल सॉर्टिंग और इनके त्वरित वितरण हेतु डाकघरों से लेकर रेलवे मेल स-र्विस और नेशनल सॉर्टिंग हब तक में विशेष प्रबंध किये गए हैं। चिट्ठियों के माध्यम से खुशियां बिखेरते रहने वाले डाक विभाग ने रिश्तों के इस त्यौहार को भी एक नया आयाम दिया है।

## सूनी न रहने देंगे उनकी कलाई, देश की रक्षा में लगे हैं जो भाई

संवाददाता समर्थ कुमार सक्सेना

लखनऊ। इस भावना के साथ आज दिनांक 26 अगस्त 2023 को नवयुग कन्या महाविद्यालय, राजेंद्र नगर लखनऊ की 19 उत्तर प्रदेश एनसीसी विंग द्वारा रक्षाबंधन पर्व का आयोजन महाविद्यालय प्रांगण में किया गया कजिसमें मुख्य अतिथि के रूप में मेजर जनरल अशोक कुमार, विशिष्ट सेवा मेडल (सेवानिवृत्त), चार बटालियन एसएसबी असिस्टेंट कमांडेंट जितेंद्र पाईप बैंड तथा जवानों के साथ और 19 उत्तर प्रदेश गर्ल्स बटालियन एनसीसी से सूबेदार दीपेंद्र राई तथा अन्य फौजी जवान उपस्थित रहे

महाविद्यालय के प्रबंधक श्री विजय दयाल तथा प्राचार्य प्रोफेसर मंजुला उपाध्याय ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की ककार्यक्रम का संयोजन तथा संचालन एनसीसी अधिकारी मेजर डॉ मनमीत कौर सोढ़ी ने किया .

इस विशेष आयोजन में कैडेट शुभांगी निगम ने गणेश वंदना के साथ कार्यक्रम का आरंभ किया कतत्पश्चात जिया थापा ने मनमोहन स्वागत नृत्य तथा कैडेट साक्षी सोनकर ने विभिन्न प्रदेशों के संगीत पर आधारित शास्त्रीय नृत्य प्रस्तुत किया क कैडेट आयुषी शर्मा ने सुमधुर गीत एवं कैडेट अंजली राय, कीर्ति रस्तोगी,ज्योति उपाध्याय, सुप्रिया गोपाल तथा शिवानी वर्मा ने समूह नृत्य के माध्यम से माहौल में जोश भर दिया कसांस्कृतिक कार्यक्रम का संचालन कैडेट तनु सारस्वत ने किया ककार्यक्रम का मुख्य आकर्षण एसएसबी जवानों का पाइप बैंड रहा कजिन्होने जोशपूर्ण प्रस्तुति के साथ और फॉर्मेशन दिखाकर पूरे परिसर को देशभक्ति से भर दिया

की मेजर जनरल अशोक कुमार ने अपने संबोधन में कैडेट्स को अपना लक्ष्य निर्धारित करते हुए दृढ़ संकल्प के साथ उसे पर लगातार चलते रहने के लिए प्रेरित किया कदेश के सभी नागरिकों को विशेष तौर पर युवाओं को अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन पूरी निष्ठा के साथ करना चाहिए यही वास्तव में देश भक्ति है

प्रो मंजुला उपाध्याय ने उपस्थित समस्त अतिथियों को धन्यवाद देते हुए कहा कि देश के जवानों की प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करने के लिए इस प्रकार के कार्यक्रम युवा शक्ति को एक नई दिशा देने के लिए अत्यंत आवश्यक हैं करक्षाबंधन जैसे पावन पर्व के अवसर पर देश के जवानों की दीघार्यु की कामना के साथ उनका रक्षा सूत्र बांधना अत्यंत ही पुनीत कार्य है.



### कार्यक्रम संयोजक मेजर डॉ मनमीत कौर सोढ़ी ने कहा

*फरिश्ते सिर्फ आसमान में नहीं रहते जमीन ए हिंद पर उन्हें जवान रहते हैं*



देश की सीमा और आंतरिक सुरक्षा के लिए जवान है तभी हम अपने घर में सुरक्षित हैं और सभी त्योहारों को हर्षोल्लास के साथ मन का रहे हैं इसलिए हम सब की जिम्मेदारी है कि ऐसे अवसर पर जवानों को भी अपने परिवार की कमी न महसूस होने दें क

बड़ी संख्या में उपस्थित कैडेट्स और छात्राओं ने ने उपस्थित जवानों को रक्षा सूत्र बांधकर उनके दीघार्यु होने की कामना की ककार्यक्रम में 19 उत्तर प्रदेश गर्ल्स बटालियन से बीएचएम बिश्वजीत सरकार, नायब सूबेदार इलियास हवलदार दीपक नायक प्रताप और नायक रोहित, महाविद्यालय की प्रोफेसर संगीता कोतवाल, सुनीता सिंह, ललिता पांडे समेत बड़ी संख्या में प्रवक्ता एवं छात्राएं उपस्थित रहे .

## चलती ट्रेन में सिलेंडर फटने से ट्रेन में लगी आग, 9 की मौत, 20 घायल होने की खबर

दैनिक समाज जागरण



तमिलनाडु के मदुरै रेलवे स्टेशन पर लखनऊ रामेश्वरम टूरिस्ट ट्रेन के निजी कोच में भीषण आग से 9 लोगों की मौत हो गई है. रेल अधिकारियों के मुताबिक कुछ लोग कोच में अवैध तरीके से गैस सिलेंडर ले जा रहे थे. इससे पहले यह जानकारी मिली थी कि कोच के अंदर कुछ लोग चाय बना रहे थे उसी दौरान गैस सिलेंडर फट गया. मौके पर दमकल की गाड़ियां पहुंची और आग बुझाने का काम शुरू किया गया. अधिकारियों का कहना है कि जांच के बाद ही पुख्ता तौर पर कुछ कहना सही होगा. फिलहाल जो लोग कोच के अंदर फंसे हुए हैं उन्हें बाहर निकालने की कोशिश जारी है. घायलों को अस्पताल पहुंचाने का काम किया जा रहा है.

जिस समय यह हादसा हुआ उस समय ट्रेन मदुरै जंक्शन पर रुकी हुई थी. अधिकारियों के मुताबिक कुछ यात्री अवैध तरीके से गैस सिलेंडर के साथ कोच में घुस गए थे. इस हादसे का वीडियो भी सामने आया है जिसमें आप देख सकते हैं कोच धूं धूं कर जल रहा है और उसमें से आवाजें भी आ रही हैं. अधिकारियों का कहना है कि शनिवार सुबह सवा पांच बजे जानकारी मिली कि एक निजी कोच में आग लग गई है. मौके पर आग पर काबू पाने की कोशिश की गई लेकिन सवा सात बजे तक आग बुझाने में कामयाबी मिली. आग की वजह से किसी और कोच में नुकसान नहीं हुआ है. जिस कोच में आग लगी उसे नागरकोइल जंक्शन पर जोड़ा गया थछा. आग बुझाने के बाद कोच तो मदुरै में ही स्टैबलिंग लाइन पर डाल दिया गया है.

### ब्रिक्स में शामिल होगा पाकिस्तान? इस्लामाबाद ने जारी किया बयान, बातों-बातों में छलका दर्द!

इस्लामाबाद. ब्रिक्स समूह में हाल में हुए विस्तार के बीच खबर थी कि पाकिस्तान भी इस समूह का हिस्सा बनना चाहता था, लेकिन उसे इसमें जगह नहीं मिली. अब इसे लेकर पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय की तरफ से बयान आया है, जिसमें उसका दर्द साफ झलकता दिखा.

## अमेरिका के फ्लोरिडा में अंधाधुंध फायरिंग, 3 लोगों की मौत, हमलावर ने खुद को भी मार ली गोली

वाशिंगटन. अमेरिका (US) के फ्लोरिडा के जैक्सनविले में शनिवार दोपहर को एक शख्स ने गोलियां चलाकर कम से कम 3 लोगों की हत्या कर दी. अमेरिका में सामूहिक गोलीबारी में मौतों की ये सबसे नई घटना है. बाद में बंदूकधारी ने खुद को भी गोली मार ली, जिससे उसकी मौत हो गई. स्थानीय पुलिस अधिकारियों ने कहा कि शनिवार को फ्लोरिडा के जैक्सनविले में एक डॉलर जनरल स्टोर में एक बंदूकधारी ने अश्वेत लोगों को निशाना बनाकर गोलीबारी की जिसमें तीन लोगों की मौत हो गई. सीएनएन की एक रिपोर्ट के मुताबिक जैक्सनविले के शेरिफ टी.के. वाटर्स ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि ह्ययह गोलीबारी नस्लीय नफरत से प्रेरित थी और वह अश्वेत लोगों से नफरत करता था. वाटर्स ने कहा कि हमलावर 20 साल का एक गोरा शख्स था.

उसने हमले के बाद खुद को गोली मार ली और आत्महत्या कर ली. संदिग्ध ने अपने पीछे वह चीज छोड़ी है, जिसमें उसकी 'नफरत की घृणित विचारधारा' और हमले के उसके मकसद का हवाला दिया गया है. उसके हमले का शिकार हुए तीनों लोग अश्वेत थे. वाटर्स ने कहा कि शूटर अपने माता-पिता के साथ जैक्सनविले के दक्षिण में फ्लोरिडा के क्ले काउंटी में रहता था. उसने अपने पिता को एक मैसेज करके उसका कंप्यूटर देखने के लिए कहा. पिता को वाटर्स की घोषणा मिली और उन्होंने अधिकारियों को बुलाया.

वाटर्स ने कहा कि जब तक अधिकारियों को उसके बारे में सतर्क किया गया, तब तक बंदूकधारी ने डॉलर जनरल स्टोर में हमला शुरू कर दिया था. बताया गया कि बंदूकधारी ने डॉलर जनरल डिस्काउंट स्टोर के पास से गुजर रही कारों पर गोलीबारी की. फिर उसने कथित तौर पर खुद को अंदर बंद कर लिया और बाद में खुद को गोली मार ली. गौरतलब है कि इससे पहले दिन में बोस्टन में एक कैरेबियाई उत्सव में सामूहिक गोलीबारी के बाद कम से कम सात लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया था. जबकि अधिकारियों ने कहा कि एक रात पहले शिकागो में बेसबॉल खेल के दौरान दो महिलाओं को गोली मार दी गई थी.

# योग से जीवन को स्वस्थ व शक्तिशाली बनाएं

## निरोगी काया के लिए योग अद्भुत विधा।

**दैनिक समाज जागरण**

योग स्वयं के माध्यम से स्वयं की यात्रा है' अवार्चीन भारतीय दर्शन शास्त्र की पाठशाला में एक महत्वपूर्ण एवं अद्भुत पाठशाला योग भी है' योग शब्द मूलतः संस्कृत की भाषा से उपजा शब्द है। योग शब्द की उत्पत्ति संस्कृत के शब्द 'युज,से हुई है इसके दो अर्थ है पहला अर्थ जोड़ना तथा दूसरा बहुत ही वृहद व्यापक शब्द अनुशासन है। योग से उसके अभ्यास के कारण शरीर तथा मस्तिष्क में एक सामंजस्य और संबंध बन जाता है, जिससे मस्तिष्क शांत तथा अनुशासित रहता हैं। यह व्यायाम का ही एक अंग है,जिससे शरीर तथा मन नियंत्रित रह कर जीवन को परिस्थितियों के अनुकूल एवं सफल बनाता है। योग स्वस्थ जीवन जीने का एक विज्ञान है। यह एक प्रकार की यौगिक औषधि है, वह हमारे शरीर के काम करने के तरीकों को धीरे-धीरे बेहतर कर शिथिल अंगों को स्वयं हल्के हल्के ठीक कर देता है।

निरोगी काया श्रेष्ठ जीवन का वरदान होती है। यदि आप निरोगी और स्वस्थ हैं तो आप सफलतम व्यक्ति बन सकते हैं धन लिप्सा आकांक्षा लालच से योग मुक्त कर एक खुशनुमा जीवन जीने की जीजिविषा तथा जुजुस्ता पैदा करता है। योग जीवन की एक कला है जो वर्तमान परिवेश में और भौतिक जगत में अत्यंत प्रासंगिक भी है। योग हमें शारीरिक तथा मानसिक रूप से स्वस्थ रखने का एक सशक्त माध्यम है हम सबको, आपको लगता है कि आज के आधुनिक जीवन में हमें एक बहुत अस्त व्यस्त तथा मानसिक असंतुलन वाली जीवन शैली मिली है। यह सभी अनियमित भोजन की आदतों, अभाव या अनुचित नींद या लंबे समय तक कठोर श्रम करने के कारण प्राप्त हुई है। नई पीढ़ी के बच्चे, युवा स्वस्थ जीवन शक्ति सार्वजनिक लचीलापन ऊर्जा और रोगों के लिए प्रतिरोधात्मक क्षमता की खोज में लगे हुए है,और सही सहीं माना जाए तो इन सब का जवाब योग अभ्यास में ही है।

योग के आसन प्राणायाम और ध्यान से संयमित शरीर और आत्मा के साथ संतुलित जीवन शैली को प्राप्त किया जा सकता है। और इस जीवन में हम अपने को शक्तिवान,ऊजार्वान महसूस करने लगते हैं। योगाभ्यास के जरिए न केवल बीमारियों से छुटकारा पाया जा सकता है बल्कि स्वयं के अंदर एक नई ऊर्जा का संचार भी किया जा सकता है। अपने बेडौल शरीर को भी योग अभ्यास के जरिए सही आकार में लाने का यह सर्वाधिक सुरक्षित आसान और कारगर तथा लागत विहीन जरिया है। योग्य के वैसे तो कर्म योग, भक्ति योग,ज्ञान योग, राजयोग और हठयोग भी अलग-अलग विभेद हैं, पर सभी पांचों योगों के अलग-अलग तरीके तथा अलग-अलग फायदे हैं।

कर्म योग सदैव दूसरों की सेवा के लिए प्रेरित करता है। और इसका मूल्य देश सामाजिक कल्याण यह समाज सेवा ही है। भक्ति योग हमें ईश्वर की साधना कैसे की जाए, यह पाठ पढ़ाता है ।भक्ति योग मनुष्य के अंदर हृदय तथा मस्तिष्क को संतुलित कर एक सकारात्मक ऊर्जा की ओर प्रेरित करता है ।भक्ति योग एक प्रकार का मानसिक योग है जिससे मन शांत रहकर सहिष्णुता की उत्पत्ति होती है, यह अहिंसक मार्ग की ओर प्रेरित करता है। ज्ञान योग बुद्धि के विकास एकाग्रता बढ़ाने तथा समाजिक ज्ञान विज्ञान की प्रेरणा देते एवं अध्ययन मनन में मनुष्य की सहायता करता है। राजयोग सर्वाधिक प्रचलित कथा लोकप्रिय योग है। यह योग की सबसे महत्वपूर्ण विधा है इसमें यम, नियम, आसन, प्राणायाम,प्रत्याहार धारणा और ध्यान या समाधि इसमें परम आनंद की प्राप्ति या मोक्ष प्राप्ति की विधाओं के बारे में विस्तृत वर्णन है।

योग का इतिहास पांच सौ साल पुराना है। पश्चिमी देशों के लोगों का परिचय योग से तब हुआ जब स्वामी विवेकानंद ने अपने शिकागो की यात्रा के समय लोगों को योग के महत्व के बारे में व्यापक रूप से बताया था। इसके बाद पूरे विश्व में योग के प्रचार प्रसार के लिए कई योग गुरु ने अनथक प्रयास कर योग को विश्वव्यापी फलक पर विराजमान किया। पहली बार अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून 2015 को मनाया गया। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने इसकी पहल कर 27 सितंबर 2014 को संयुक्त राष्ट्र संघ की आम सभा में अपने भाषण में उल्लेख कर इसे प्रतिपादित किया। उन्होंने अपने भाषण में कहा था कि योग शारीरिक तथा मानसिक सामंजस्य का अद्भुत सहयोग तथा तरीका है। यह मनुष्य तथा प्रकृति के बीच का एक सामंजस्य स्थापित करने वाला अद्भुत से सेतु है। और तब 11 दिसंबर 2014 को संयुक्त राष्ट्र संघ में उसके 177 सदस्यों द्वारा 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाने की सहमति देकर इस प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की थी। इस प्रस्ताव को बहुत ही कम समय में मंजूरी प्रदान कर दी गई, जो कि संयुक्त राष्ट्र संघ के इतिहास की सबसे कम समय में दी गई मंजूरी थी।

योग के वैसे तो अनगिनत फायदे हैं। और हम यह कह सकते हैं कि योगाभ्यास ईश्वर द्वारा मानव सभ्यता को दिया गया अप्रतिम उपहार है। योग किसी चमत्कार से कम नहीं।जिन असाध्य बीमारियों का वर्तमान चिकित्सा पद्धति से इलाज नहीं हो पाता,योग उन बीमारियों को शनै शनै उपचार कर ठीक कर देता है। यह शारीरिक मानसिक शांति ऊर्जा शक्ति तो देता ही है, साथ में हमें आत्म संयम, आत्मबल तथा आत्मज्ञान से भी रूबरू कराता है। योग बहुत ही आसान व्यायाम है,यह दैनिक क्रियाओं के साथ स्वस्थ शरीर और मन की क्रिया है। नाड़ी शोधन, कपालभाति, शीतली, अनुलोम विलोम जैसी क्रियाओं से शरीर में प्राण वायु की संतुलित मात्रा बढ़ती है, एवं स्नायु तंत्र मजबूत होता है। कोरोना संक्रमण काल मे कपालभाति,अनुलोम विलोम, नाड़ी शोधन शरीर में ऑक्सीजन की मात्रा बढ़ाने के कारगर उपायों में गिना जाता रहा है, और इसने मरीजों की बहुत मदद भी की है। योग से रोगों की तीव्रता कम हो जाती है, तथा कई रोगों से छुटकारा भी मिल जाता है।अतः आप सभी को योग दिवस की शुभकामनाएं स्वस्थ रहें मस्त रहें निरोगी रहें।



**संजीव ठाकुर, स्वतंत्र टिप्पणीकार, लेखक, रायपुर छत्तीसगढ़**

# बैठकी चंद्रयान-3 ने खोली, कितनों की पोल

**दैनिक समाज जागरण**

ए सरजी! ये नेता सब एमपी, एमएलए, मंत्री बनके हमारे भविष्य को बेहतर करने की बात करते हैं! विकास करने की लम्बी चौड़ी बातें करते हैं लेकिन हमारा चंद्रयान-3 चंद्रमा से जुड़ी जानकारियां, तो देने लगा



हीं है लेकिन उससे भी पहले,अपने देश के तथाकथित नेताओं के ज्ञान की पोल भी खोल गया!--बैठते हीं मास्टर साहब, छेड़ दिये!

उ का मास्टर साहब!!-- मुखियाजी पुछ बैठे!

उत्तर प्रदेश के मौसम वैज्ञानिक नेता अर्थात जब समाजवादी पार्टी का पलड़ा भारी दिखता है तो उससे हाथ मिला लेते हैं और जब भाजपा का देखते हैं तो तुरंत पाला उधर कर लेते हैं तात्पर्य "ओम प्रकाश राजभरजी"! इनसे पत्रकार, चंद्रयान-3 की सफलता पर प्रतिक्रिया जानना चाहा तो कहते हैं-- "हमारे वैज्ञानिकों ने अच्छा काम किया है! जब वे वहाँ से लौटेंगे तो उनका स्वागत,अच्छे तरीके से होना चाहिए! भला बताईये इन्हें ये भी पता नहीं कि चंद्रयान आदमी नहीं लैंडर और रोवर लेकर गया है!-- मास्टर साहब चुप हुए!

लिजिये और नेताओं के ज्ञान को भी सुनिये!

आरजेडी के प्रवक्ता शक्ति यादव, चंद्रयान-3 की सफलता पर नासा को बधाई दे रहे थे!

राजस्थान के खेलमंत्री अशोक चांदनाजी ने प्रतिक्रिया दी--"चंद्रयान-3 में गये यात्री को सलाम करता हूँ"! ये भी राजभर की तरह लैंडर और रोवर को यात्री की संज्ञा दे रहे!

प. बंगाल की मुख्यमंत्री, ममताबनर्जी जी ने तो राकेश शर्मा की जगह राकेश रौशन को हीं अंतरिक्ष यात्री बना दिया! राकेश रोशन भी, बेचारे कन्फ्यूज हो गये होगें कि मैंने एलियंस पर तो फिल्म बनाई थी लेकिन मैं कब चांद पर गया था!!! 😁😁

अब बिहार के मुख्यमंत्री की सुनिये !नितीश बाबू से जब पत्रकारों ने पुछा तो वे,इतनी बड़ी घटना से अनजान दिखे, ठीक उसी तरह जैसे बिहार में लगातार होती दुखदायी घटनाओं के संदर्भ में पुछने पर कहते हैं--"अच्छा ऐसा हुआ है!! रुकिये जानकारी लेते हैं!" ये वे लोग हैं जो विपक्षी गठबंधन, आई. एन. डी.आई.ए. का निर्माण करके देश और लोकतंत्र बचाने चले हैं!-- डा. पिंटू मुंह बनाये!

डा. साहब, आपने अखिलेशजी का ट्वीट पढा नहीं न है!! श्रीमान लिखते हैं-- "चंद्रयान की सफलता पर देश और वैज्ञानिकों को मुबारकबाद"! यहाँ भी सपा का उत्तर प्रदेश में मुस्लिम तुष्टीकरण साफ नजर आता है !जबकि इस अभियान में कोई भी मुस्लिम वैज्ञानिक नहीं था!--कुंवरजी बोल पड़े!

देखिये, यहाँ हिन्दू, मुस्लिम की बात नहीं है! हमारे देश के सभी जागरूक नागरिक चाहे किसी धर्म, जाति का हो, चंद्रयान-3 की सफलता पर गर्वान्वित है! हां अखिलेश की सपा की तो राजनीति हीं मुस्लिम तुष्टीकरण पर आधारित रही है!--मुझे कुंवरजी का अंतिम वाक्य बुरा लगा!

छोड़िये, चंद्रयान-3 की सफलता के साथ हीं क्रेडिट लेने की दौड़ में कांग्रेस सबसे आगे है! उनका कहना है कि "चंद्रयान-3 की सफलता नेहरुजी द्वारा इसरो की आधारशिला रखने का परिणाम है!"--पारस नेता बहुत देर बाद चुप्पी तोड़े!

ए भाई, हम त सुनले हयीं जे नेहरुजी 1964 में मरल रहन आ इसरो के स्थापना 1969 में भईल रहे! डा. विक्रम साराभाई 15 अगस्त 1969 के कईले रहन! एहिसे चंद्रयान-3 के नामकरण- "विक्रम" कईल गईल! बाकि पहिला राकेट 1963 में छोड़ल गईल रहे जेकरा के, साइकिल पर लाद के, प्रक्षेपण स्थल पर ले जाइल गईल रहल हा आ दुसरका बैलगाड़ी से प्रक्षेपण के जगह प ले गईल रहले लोग!-- मुखियाजी भी बहस में!

इसबीच बेटी चाय का ट्रे रख गई और हम सभी एक एक कप उठाकर पुनः वार्ता की ओर.....

कांग्रेस क्रेडिट लेने के चक्कर में भूल गयी कि भूतकाल में उसके द्वारा किये गए कुकर्मों को भी याद किया जायेगा!--पारस नेता, हाथ चमकाये!

उ का नेताजी!!-- मुखियाजी पुछ बैठे!



हमें वैज्ञानिक "नंबी नारायण" का आजीवन आभारी होना चाहिए जिन्होंने देशी, विदेशी एजेंसियों के लाख प्रतिरोधों के बावजूद क्रायोजेनिक इंजन का अविष्कार किया जिसका उपयोग चंद्रयान-3 में किया गया! कांग्रेसियों ने हीं षड्यंत्र करके इस होनहार वैज्ञानिक को जेल के सिकचों के पिछे पंहुचा दिया था जिससे भारत का स्पेस मिशन 20 साल पिछे चला गया! खैर मोदीजी सरकार ने इन्हें पद्मश्री से विभूषित करके कर्ज चूकाया!--पारस नेता मुंह बनाये!

इतना हीं नहीं नेताजी, कांग्रेस काल में पश्चिमी देशों और चीन के दबाव से "मिशन शक्ति-ए-सेट" को मंजूरी नहीं मिली! "अंतरिक्ष दिवस" डील में घपला किया गया! सबसे दुखद चक्र ये चला कि हमारे सैकड़ों वैज्ञानिकों को जिसमें होमी भाभा भी शामिल हैं, अज्ञात कारणों से मृत्यु हुई या हत्यायें हुई! आखिर क्यों!! इसका उत्तर ये लोग क्यों नहीं देते!!--डा. पिंटू के कथन के बाद थोड़ी देर के लिए सन्नाटा छा गया!

अजी इधर देखिये! झूठ और प्रोपेगेंडा कैसे फैलाया जाता है!!चंद्रयान को लेकर कांग्रेस के दिग्विजय सिंह ने कहा कि हमारे इसरो के वैज्ञानिकों को 17 महिनों से वेतन का भुगतान हीं नहीं किया गया है!! जबकि ये सफेद झूठ निकला!--मास्टर साहब ने ट्रैक बदला!

अजी कल, बंगलोर के इसरो कमांड सेंटर में भाषण देते हुए मोदीजी ने,हर साल 23 अगस्त को "नेशनल स्पेस डे" मनाने की हीं घोषणा नहीं की बल्कि चंद्रयान-2 के लैंड स्थल का नामकरण "तिरंगा" किया और जहाँ चंद्रयान-3 लैंड किया है उसका नामकरण "शिवशक्ति" कर दिया!

अब क्या था शुरू हो गयी तुष्टीकरण की राजनीति! अब आपलोग सोचिये- भगवान शिव ने चंद्रमा को अपने सर पर धारण कर रखा हैं तो यदि नामकरण शिवशक्ति हीं कर दिया गया तो कौन सा पहाड़ टूट गया!!--कुंवरजी मुंह बनाये!

बिलकुल सही किया गया! उधर मोदीजी ने नामकरण किया और इधर कांग्रेस भड़क गई !कांग्रेस के नेता- राशिद अल्वीजी बोल पड़े-- हम चांद के मालिक हैं !! जो उसका नामकरण किया गया!! अगर लैंड स्थल का नामकरण करना हीं था तो "हिंदूस्तान" करते! ये शिवशक्ति क्यों रखा!! जब पत्रकार ने कहा कि आपलोगों ने तो चंद्रयान-1के इंपैक्ट प्वाइंट को "जवाहर प्वाइंट" नाम दिया था! भाजपा चाहती तो नामकरण अटल बिहारी वाजपेयी या नरेंद्र मोदी रख सकती थी! लेकिन ऐसा नहीं किया! भाजपा का कहना है--"हम परिवार प्रथम नहीं राष्ट्र प्रथम रखते हैं! बस फिर क्या था- नेताजी भाग खड़े हुए!-- कहकर पारस नेता मुस्कुरा दिये!

ए भाई लोग,पिछे के सरकार 67 बरिस में कश्मीर में तिरंगा ना फहरा सकल बाकि मोदी सरकार कश्मीर के छोड़, चांद प लहरा दिहले! देश के वैज्ञानिकन के शुभ आशिर्वाद दे तानी!

अच्छा अब चलल जाय!-- कहकर मुखियाजी उठ गये और इसके साथ हीं बैठकी भी.....!!!!



**प्रोफेसर राजेन्द्र पाठक (समाजशास्त्री)**

# कविता देती है रसधार

मैं नही वियोगी कभी रहा,
पर कविताएँ लिखता था,
कभी विरह में नही जला,
पर गीत, गजल रचता था।

कल्पना मेरी, लेखनी मेरी,
इस मन-मानस के साथी हैं,
सोच- समझ की स्वरमाला,
अच्छरमाला बन जाती है ।

शब्दों का चयन, वागदा का वर,
नव स्वर सरगम बन जाते हैं ।
कुछ नव स्वर हों, नव गीत रचूँ,
नव ताल लिये लय लाते है ।

आदि कवि से स्वर लेकर,
सारे कवि कविता लिख पाये।
कवि सूर सूर्य, तुलसी शशि,
कवि केशव उड्डगन कहलाये।

काव्यों-महाकाव्यों की रचना,
प्रतिभूति-न्यास वांगमय के ।
वेद, उपनिषद, पुराण, संहिता,
बृहद कोष समृद्ध संस्कृति के।

रामायण, महाभारत, गीता
ज्ञान गंगा की गहरी धार।
गोते गहरे लगा लगा कर,
मानव करते जीवन पार ।

काव्य-कौमुदी है बैतरणी,
पुण्य प्रतापी है सलिला ।
सारे तीर्थों का यश लेकर,
उतरें पार पुरुष व महिला ।

काम, क्रोध, मद, लोभ छोड़,
सुख- शान्ती ऐश्वर्य मिले ।
कवि की कविता कहती है,
विद्या पाकर विनय मिले ।

गीतों में रोमांस भरा हो,
गजलों में दिखती तकरार ।
चल-चित्रों में नायक गाकर,
अभिनेत्री से करता प्यार ।

विरह, वियोग, योग कविता
के होते हैं अनुपम आधार ।
आदित्य कल्पना ही कवि की,
कविता में देती रसधार ।



**कर्नल आदि शंकर मिश्र, आदित्य लखनऊ**

# अधूरी जिंदगी

ऐ वक़्त थम जा जरा....
पलट कर देखूँ अतीत के पन्नो को,
याद कर लूं जरा उन लम्हों को
कुछ पराये कुछ अपने,
कुछ आधे-अधूरे सपने
सुख के कुछ पलों के साथ
रंगीन थी यह जिंदगी,
गमों के दौर ने न जाने
कितना दर्द दिल में भर
ऐ वक़्त थम जा जरा....

बाकी है चंद साँसे अभी
कुछ धड़कने है बाकी,
कुछ अधूरे अरमान
कुछ अधूरी ख्वाहिश,
कभी सुख का सूरज
कभी गम की बारिश,
कुछ अंतर्द्वंद भी है
क्या करे,क्या ना करें?
कोई तो बता दे जरा
ऐ वक़्त थम जा जरा....

जरा थम जा
मैं जी लूं अपनी जिंदगी
भर लूं उन खुशियों को
अपने आँचल में ,
जिनके लिये सदा ही
तरसती रही यह जिंदगी।
पर धीरे-धीरे बढ़ रहा यह जीवन
अपने अवसान की ओर,
ऐ वक़्त तू ही बताउ
कब पूर्ण होगा जीवन?
कुछ अधूरे ख्वाब लिये
कुछ अधूरी चाह लिये,
जीने को आतुर है
अधूरी जिंदगी।

**बिंदु अग्रवाल**

# सटट बाजार में टिकट केसिंल करवाने पर लगा सटटा

## मुलताई से चन्द्रशेखर की टिकट कटवाने के मुंह मांगे दाम.....?

**दैनिक समाज जागरण**

बैतूल, चुनाव की घोषणा के बाद ही पता चलेगा कि मैदान में कौन किसके आमने - सामने होगा लेकिन बैतूल जिले में सबसे बड़ा सटटा इस बार जिले की मुलताई विधानसभा में हार - जीत के नतीजे के पहले ही बड़ा दांव खेला जा रहा है कि कांग्रेस सरकार के पूर्व केबिनेट मंत्री रहे सुखदेव पांसे के खिलाफ भाजपा द्वारा घोषित प्रत्याशी चन्द्रशेखर देशमुख की टिकट कटवाने पर जो इन दिनो बाजार की चौक चौराहो पर चर्चा का केन्द्र बना हुआ है। जानकार सूत्रो का कहना है कि अभी तक सुखदेव पांसे के खिलाफ भाजपा द्वारा घोषित प्रत्याशी चन्द्रशेखर देशमुख ने वर्ष 1998 में कांग्रेस के दिग्गज नेता एवं पूर्व केबिनेट मंत्री रहे पिछडा वर्ग आयोग के अध्यक्ष रहे पांच बार के विधायक 1972 से 2003 तक विधायक रहे रामजी महाजन को मात्र 1 हजार 481 वोटो से चुनाव हरा दिया। रामजी महाजन इस हार को बर्दास्त नहीं कर पाए और उनका निधन हो गया। वर्ष 2003 में कुंबी समाज के दो युवा नेता एक दुसरे के खिलाफ मैदान में उतरे। छात्र नेता सुखदेव पांसे और चन्द्रशेखर देशमुख की आमने - सामने की टक्कर में 139 मासोद विधानसभा क्षेत्र में कांटे की टक्कर में मात्र 3 हजार 720 वोट से कांग्रेस के युवा छात्र नेता सुखदेव पांसे से चुनाव हार गए थे। वर्ष 2008 के चुनाव में एक दुसरे के खिलाफ मैदान में उतरे कांग्रेस के छात्र नेता सुखदेव पांसे ने एक बार फिर भाजपा के चन्द्रशेखर देशमुख को मात्र 2 हजार 891 वोट से चुनाव हरा दिया। सुखदेव पांसे की लगातार दो बार मासोद एवं मुलताई विधानसभा चुनाव में जीत हुई और चन्द्रशेखर देशमुख की लगातार दुसरी बार हार हुई। इस बार के चुनाव में मासोद मुलताई में शामिल हो गई थी। इस बार हार का अंतर कम हुआ और चन्द्रशेखर देशमुख के वोटो का इजाफा 829 वोट का हुआ। तीसरी बार दोनो का आमना सामना 2013 के चुनाव में हुआ जब सुखदेव पांसे को 31 हजार 869 वोटो से बुरी तरह से हराया। वर्ष 2013 का चुनाव सुखदेव पांसे सबसे अधिक वोटो से हारे थे। वर्ष 2018 के चुनाव में चन्द्रशेखर देशमुख को टिकट न देकर राजा पंवार को मैदान में उतारा गया जहां पर सुखदेव पांसे ने राजा पंवार को 17 हजार 250 वोटो से चुनाव हरा दिया। इस बार के चुनाव में कंबी समाज का शत - प्रतिशत वोट सुखदेव पांसे को मिला। वर्ष 2023 के चुनाव में सुखदेव पांसे का चन्द्रशेख देशमुख से चौथी बार आमना - सामना होंने जा रहा है। दो बार 4 हजार से कम वोटो से सुखदेव पांसे से चुनाव हार एवं रिकार्ड मतो 31 हजार 869 वोटो से पांसे को चुनाव हरा चुके चन्द्रशेखर देशमुख को वर्ष 2018 के चुनाव मे टिकट दे दी गई होती तो सुखदेव पांसे को दुसरी बार भी चुनाव हारना पड़ता लेकिन भाजपा के नेताओ की कांग्रेस के नेताओ के संग साठ गांठ के कारण राजा पंवार को टिकट दी गई थी। इस बार पांसे गुट और स्वंय पांसे भाजपा से अपने खिलाफ चन्द्रशेखर के बदले नरेश फाटे को टिकट देने की वकालत कर रहे थे। बीत लगभग 8 महीने से नरेश फाटे और राजू पंवार को भाजपा के दो गुटो ने विधानसभा क्षेत्र में सक्रिय कर रखा था ताकि पांसे 2023 के चुनाव में कुंबी वोटर्स को भाजपा की ओर डायवर्ड करवा सके लेकिन भाजपा - कांग्रेस की युति काम नहीं कर पाई और चन्द्रशेखर देशमुख को यकीन नहीं था कि पार्टी उसे मैदान में उतारेगी। इधर जब से चन्द्रशेखर देशमुख मैदान में पड़े है पांसे समर्थक भाजपा के नेताओ के संपर्क में ही ताकि कैसे भी चर्न्द्रशेखर देशमुख की टिकट कट जाए....? टिकट कटवाने के लिए कांग्रेस का धड़ा कोई भी कीमत देने को तैयार है। इधर भाजपा में आए केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया से भी संपर्क है ताकि महाराज साहब को बोल कर मुलताई में चन्द्रशेख देशमुख के मुकाबले किसी अन्य को टिकट दे दी जाए। जानकार सूत्रो का तो यहां तक कहना है कि जब तक कुंबी समाज का एक व्यक्ति चुनाव लड़ेगा तब सुखदेव पांसे को कोई भी मांई का लाल चुनाव लड़ ले पांसे को हरा नहीं सकता। आज की स्थिति में चन्द्रशेखर देशमुख सुखदेव पांसे पर सवा मन भारी है। कांग्रेस के क ई बड़े नेताओ का दिल्ली - नागपुर सघन जन सम्पर्क जारी है।

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिंटिंग प्रेस बी-42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कूल श्याम लाल कॉलोनी बरौला सेक्टर 49 नोएडा 201304, गौतमबुद्धनगर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
संपर्क 9891706853, संपादक- रमन कुमार झा, समस्त विवादों का निपटारा गौतमबुद्धनगर न्यायालय मे होगा। Website: https://samajjagran.in/ Email: vatankiawaz@gmail.com UPHIN/2021/84200

# राष्ट्रीय लोक अदालत को प्रचार-प्रसार करने में मीडिया की अहम भूमिका-जिला जज।

## मीडिया के साथ जिला जज, जिला पदाधिकारी, पुलिस अधीक्षक का संयुक्त प्रेस कान्फ्रेंन्स का आयोजन किया गया।

**दैनिक समाज जागरण, अनिल कुमार मिश्रा ब्यूरो चीफ/ सत्य प्रकाश नारायण सहायक विधि संवादाता /धनंजय कुमार विधि संवाददाता बिहार- झारखंड, प्रदेश**

बिहार प्रदेश के औरंगाबाद जिले का जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष सह जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री सम्पूर्णानन्द तिवारी, जिला पदाधिकारी श्री सुहर्ष भगत, पुलिस अधीक्षक स्वपना जी मेश्राम एवं अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार श्री प्रणव शंकर द्वारा जिला एवं सत्र न्यायाधीश के प्रकोष्ठ में जिले के विभिन्न समाचार पत्रो, प्रिट मिडिया, इलेक्ट्रॉनिक मिडिया के साथ प्रेस कान्फ्रेंस का आयोजन किया गया, जिसमें 09-सितंबर 2023 को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत पर विस्तृत जानकारी उपलब्ध करायी गयी।

जिला जज ने बताया कि आगमी 09 सितम्बर, 2023 को राष्ट्रीय लोक अदालत आयोजित होना है इसके लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा अबतक किये गये विभिन्न गतिविधियों से सभी को अवगत कराया गया। उनके द्वारा बताया कि अबतक पूर्वविवाद से सम्बन्धित 3500 वादों को चिन्हित किया गया है जिसमें प्री-सिटिंग एवं प्री-कॉन्सेलिंग की कार्रवाई 350 वादों में किया गया है तथा इससे सम्बन्धित 2600 नोटिस निर्गत करने की कार्रवाई की गयी है तथा 1000 के आस-पास नोटिस का तामिला प्रतिवेदन भी प्राप्त हो गया है। पूर्व विवाद से सम्बन्धित 750-800 तक राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से निस्तारित करने का लक्ष्य है जिसमें बहुत सारे वादों में समझौता की सहमति प्राप्त हो गयी है।

जिला जज द्वारा समाचार-पत्र के ब्यूरो प्रमुख को न्यायालय में लम्बित सुलहनीय वादों की जानकारी उपलब्ध करायी गयी जिसके अन्तर्गत बताया गया कि न्यायालय में 1810 लम्बित सुलहनीय वादों को चिन्हित किया गया है, जिसमें प्री-सिटिंग एवं प्री-कॉन्सेलिंग की कार्रवाई 415 वादों में किया गया है तथा इससे सम्बन्धित 6000 नोटिस निर्गत करने की कार्रवाई की गयी है तथा 4000 के आस-पास नोटिस का तामिला प्रतिवेदन भी प्राप्त हो गया



है। न्यायालय से सम्बन्धित सुलहनीय वाद से सम्बन्धित 500 तक राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से निस्तारित करने का लक्ष्य है जिसमें बहुत सारे वादों में समझौता की सहमति प्राप्त हो गयी है। उनके द्वारा बताया गया कि राष्ट्रीय लोक अदालत के पूर्व और वादो में प्री-कॉन्सेलिंग की कार्रवाई प्रक्रियाधीन है।

संवाददाताओं से वार्ता के क्रम में जिला जज ने बताया कि जो भी पक्षकार राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से अपने सुलहनीय वादों का निस्तारण कराना चाहते हैं और उन्हें कोई नोटिस प्राप्त नहीं भी होता है और वे राष्ट्रीय लोक अदालत के दिन या उसके पूर्व किसी भी कार्य दिवस में उपस्थित होकर जिला विधिक सेवा प्राधिकार में अपना आवेदन दाखिल करते हैं तो सम्बन्धित न्यायालय से उस वाद का अभिलेख का मांग करते हुए निस्तारण की कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने आम लोगों से भी अपील किया कि दिनांक 09 सितंबर 2023 को आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत का अधिक से अधिक लाभ उठायें।

जिला जज द्वारा बताया गया कि माननीय राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) द्वारा आयोजित कार्यक्रमों में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन महत्वपूर्ण कार्यक्रम है, और जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा पूर्ववर्ती आयोजित सभी राष्ट्रीय लोक अदालत से सम्बन्धित विविध गतिविधियों में सभी पत्रकारो का महत्वपूर्ण सहयोग प्राप्त हुआ है। आगामी 09 सितम्बर, 2023 को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत में सभी का महत्वपूर्ण सहयोग के लिए अपील किया गया।

मीडिया के लोगो को सम्बोधित करते हुए कहा गया कि प्रिंट मीडिया का समाज में काफी गहरा प्रभाव होता है और इसी का परिणाम है कि मीडिया लोगों के सहयोग के कारण जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा किये जाने वाले प्रत्येक गतिविधियों के साथ-साथ राष्ट्रीय लोक अदालत की चर्चा शहर से लेकर सुदूर गॉव तक होने लगी है और लोग स्वतः भी इसकी तिथि को लेकर इंतजार करते हैं, जो आपके द्वारा दिये गये समाचार के माध्यम से लोगो को सुलभ हो जाता है।

जिला जज द्वारा यह भी बताया गया कि पूर्व में पारिवारिक मामलों को राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से निष्पादन कराने वाले औरंगाबाद जिला पुरे बिहार में अव्वल जिला रहा है, और आप सभी के सहयोग से यह जिला अपने ही पूर्व के रिकॉर्डो को तोड़ेगा।

संवाददाताओं को जानकारी देते हुए जिला पदाधिकारी सह जिला विधिक सेवा प्राधिकार के उपाध्यक्ष श्री सुहर्ष भगत ने कहा कि जिला विधिक सेवा प्राधिकार के द्वारा आयोजित होने जा रहे आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता हेतु जिला प्रशासन अपने स्तर से काफी प्रयास कर रहा है विभिन्न माध्यमों से इसके प्रचार-प्रसार करने एवं आमजनों को इसका लाभ दिलाने हेतु कार्रवाई की जा रही है। संवाददाताओं को जानकारी देते हुए पुलिस अधीक्षक स्वपना जी मेश्राम ने बताया कि जितने भी नोटिस न्यायालय या प्राधिकार के द्वारा निर्गत की जा रही है उसको प्राथमिकता देते हुए सम्बन्धित थानाध्यक्षो एवं पुलिस पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि यथाशिघ्र उसका तामिला करायें तथा समय से पहले तामिला से सम्बन्धित तामिला प्रति जिला विधिक सेवा प्राधिकार के कार्यालय को वापस करें, इसके साथ-साथ पुलिस विभाग भी अपराध एवं विवाद मुक्त समाज बनाने हेतु लोगो से अपील कर रहा है कि अपना विवाद राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से निपटायें।

अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह प्राधिकार के सचिव श्री प्रणव शंकर ने बताया कि सभी न्यायालयों में पक्षकारो के साथ प्री-कान्सेलिंग की प्रक्रिया राष्ट्रीय लोक अदालत के पूर्व तक सम्बन्धित न्यायालयो द्वारा किया जायेगा। उनके द्वारा यह भी बताया गया कि सम्बन्धित वादों में पक्षकारो के सम्पर्क हेतु सम्बन्धित अधिवक्ता, अधिवक्ता लिपिक, एवं पक्षकारो की सम्पर्क संख्या उपलब्ध कराये जा रहे हैं ताकि राष्ट्रीय लोक अदालत के दिन किसी भी तरह की कोई तकनीकी कठिनाई से निपटा जा सके।

# ट्रक से डकैती करने वाला तीन शातिर अपराधियों को गया के पुलिस ने किया गिरफ्तार

**दैनिक समाज जागरण विश्वनाथ आनंद वरीय संवाददाता मगध प्रमंडल.**

गया( बिहार )- ट्रक से डकैती करने वाला तीन शातिर अपराधियों को गया पुलिस ने बड़ी करवाई करते हुए गिरफ्तार किया है . बताते चलें कि ट्रक से डकैती करने वाले तीन शातिर अपराधियों को गया की पुलिस ने गिरफ्तार किया है. बताया जाता है कि उक्त शातिर अपराधियों ने चालक के छाती पर चाकू मार कर ट्रक के सभी सामानों को लूट लिया था. जिसकी तलाश पुलिस कर रहे थे.बिहार के गया में पुलिस ने बड़ी करवाई करते हुए डकैती करने वाले तीन अपराधी को लूट गए सामान के साथ गिरफ्तार किया है. गिरफ्तार अपराधी राहुल कुमार, चंदन कुमार है, जो गया जिले के डेल्हा थाना क्षेत्र के बड़की डेल्हा का और पवन कुमार गया जिले के चंदौती थाना क्षेत्र के कुजापी गांव का रहने वाला है.इसकी खुलासा गया के एसएसपी आशीष भारती ने प्रेसवार्ता कर जानकारी दिया है.एसएसपी आशीष भारती ने प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि चाकन्द थाना अंतर्गत डुमरी गांव से थोड़ा पीछे एनएच 83 पर सामान से लदा ट्रक को एक मोटरसाइकिल पर सवार 4 अपराधी के द्वारा ट्रक को रुकवा कर चालक के छाती पर चाकू से वार कर दिया था, जिसमें चालक घायल हो गया और ट्रक को अपने कब्जे में लेकर डेल्हा थाना अंतर्गत सीमेंट गो-



डाउन के पास ले गया और सारा सामान को उतरा लिया। इसके बाद घायल चालक के द्वारा चाकन्द थाना में लिखित आवेदन देकर मामला दर्ज कराया जिसके बाद कांड संख्या 281/2023 दर्ज कर कारवाई शुरू की गई.

इस मामले को काफी गंभीरता से लिया गया और कांड के उद्वेदन एवं सम्मिलित अपराधियों को गिरफ्तार के लिए एक विशेष टीम का गठन किया गया। इसके बाद गठित टीम के द्वारा सीसीटीवी फुटेज के आधार पर सम्मिलित अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी किया गया। इस दौरान सूचना के आधार पर डकैती की घटना में शामिल अपराधी राहुल कुमार, पवन कुमार और चंदन कुमार को गिरफ्तार किया गया जिससे पूछताछ में उसने डकैती की घटना में अपना संलिप्ता को स्वीकार है। गिरफ्तार अपराधियों के निशानदेही पर लूट गए सामान का बरामद की की गई है और ट्रक को डेल्हा ठाकुरबारी मंदिर के बगल से बरामद किया गया। वही, इस घटना में शामिल एक अपराध कमी की गिरफ्तारी के लिए छापामारी जा रही है जल्द ही इन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# प्रभु की आज्ञा के सामने हमारी प्रतिज्ञा मूल्यहीन-श्री. माधव जनार्दन रटाटे

**दैनिक समाज जागरण विश्वनाथ आनंद वरीय संवाददाता मगध प्रमंडल.**

गया( बिहार )- गया स्थानीय सुनंदा महाराष्ट्र भवन काठ गच्ची में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा महायज्ञ के समापन के अवसर पर रटाटे ने कहा कि हमारे यहां सनातन संस्कृति की परंपरा में श्रीमद्भागवत का स्थान सर्वोपरि है.उन्होंने यह कहा यह हमें लोक कल्याण के लिए सत्य करुणा नैतिकता और मैत्री भाव के सिद्धांत द्वारा नैतिकता एवं सदाचार का पाठ पढ़ाता है. मानव मात्र को व्यक्ति पारिवारिक सामाजिक और राष्ट्रीय प्रगति के लिए केवल भौतिकवादी सभ्यता अनर्थकारी होती है. उन्होंने यह भी कहा कि यह सामाजिक सुधार की ओर नहीं ले जा सकती. इसके लिए आवश्यक है वेद और विज्ञान का समन्वय. इसी में मानवता का व्यापक कल्याण निहित है. उल्लेखनीय है की रटाटे जी महामहिम राष्ट्रपति द्वारा सम्मानित देश के जाने-माने कथा वाचक एवं बीएचयू में धर्मशास्त्र मीमांसा विभाग के विभाग अध्यक्ष हैं .इस अवसर पर रटाटे के अलावे सभी उपस्थित



लोगों ने श्रीमद्भागवत कथा के आयोजिका ख्याति प्राप्त ज्योतिषाचार्य धर्म परायण विदुषी श्री सुनंदा मराठे को एक स्वर से लोगों ने प्रभु से उनकी लंबी आयु की कामना किया. श्रीमद् भागवत कथा समारोह को जिन प्रमुख व्यक्तियों ने सफल बनाने में प्रमुख भूमिका निभाई उनमें देवेश्वर आर्वीकर , अच्युत मराठे, गौरी, रुक्मिणी पाठक ,आर्वीकर ,गायत्री मराठे, अनंत मराठे ,प्रीति मराठे ,अलका जोशी ,विनायक जोशी ,चिंतामणी मराठे ,कविता रावत, देवेंद्र नाथ मिश्रा ,पवन मिश्रा ,नीलम कुमारी, अर्चना वैशम्पायन, प्रेरणा मराठे, पार्वती मराठे, नीमा पावगी , डॉक्टर विवेकानंद मिश्र, शालन गोखले, कुंदन बरनवाल ,किरण पाठक ,सरिता पांडेय ,ऋषिका मराठे, कुंदन बरनवाल एवं सरिता पांडे का नाम शामिल है .

# गया शहर के स्थानीय भाजपा विधायक ने बाबा कन्या उच्च विद्यालय का किया शिलान्यास

**दैनिक समाज जागरण विश्वनाथ आनंद वरीय संवाददाता मगध प्रमंडल.**

गया( बिहार )- गया शहर के स्थानीय रामचंद्र सिंह बनमाली बाबा कन्या उच्च विद्यालय मे नई सड़क, सरपंच मोहल्ला गया के विद्यालय भवन का शिलान्यास, राशि 14,99,000 के लागत से पूर्व मंत्री सह नगर विधायक डॉ प्रेम कुमार के कर कमलों द्वारा संपन्न किया गया. बताते चलें कि उक्त विद्यालय का स्थापना वर्ष 1966 ई० में किया गया था .58 वर्ष पुराने भवन होने के कारण जर्जर था . जो किसी भी समय मौत का गवाह बन सकता है. तथा अप्रिय घटना हो सकती है .राज्य सरकार एवं शिक्षा विभाग का ध्यान आकृष्ट कराया था. लेकिन भवन का निर्माण नहीं हो पाया है। अंत में डॉ प्रेम कुमार के पहल पर मुख्यमंत्री क्षेत्र विकास योजना के राशि से विद्यालय निर्माण का स्वीकृति प्राप्त हुआ है.और भवन का मार्ग प्रशस्त हुआ . स्थानीय विधायक डॉ प्रेम कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि दिसंबर 2023 तक भवन का निर्माण पूर्ण हो जायेगा.वर्तमान में विद्यालय को विधायक द्वारा निर्मित सामुदायिक भवन एवं विराज मोहनी कन्या मध्य विद्यालय में विद्यालय पढ़ाई की व्यवस्था की गई है. छात्राओं को संबोधित करते हुए श्री



कुमार ने आगे कहा कि केंद्र की मोदी सरकार ने नई शिक्षा नीति 202029 जुलाई 2020 को घोषित किया.1986 में जारी हुई नई शिक्षा नीति के 35 वर्षों बाद शिक्षा में मोदी सरकार का क्रांतिकारी परिवर्तन का कदम है.वर्तमान शिक्षा नीति 2020 अंतरिक्ष वैज्ञानिक के कस्तूरीरंगन की अध्यक्षता वाली समिति की रिपोर्ट पर आधारित है.इसकी प्रमुख बातें हैंवर्ष 2030 तक सफल नामांकन अनुपात 100% लाने का लक्ष्य है। शिक्षा क्षेत्र पर सकल घरेलू उत्पाद के 6% हिस्से के सार्वजनिक व्यय का लक्ष्य रखा गया हैमानव संसाधन प्रबंधन मंत्रालय का नाम परिवर्तित कर शिक्षा मंत्रालय कर दिया गया है।पांचवी कक्षा तक शिक्षा में मातृभाषा,स्थानीय या क्षेत्रीय भाषा की शिक्षा के माध्यम को अपने पर बोल दिया गया है।मातृभाषा को कक्षा 8 और आगे की शिक्षा के लिए प्राथमिकता रहेगी।देशभर के उच्च शिक्षा संस्थानों के लिए भारतीय उच्च शिक्षा परिषद नामक एक एकल नियामक की परिकल्पना की गई है।पहले जहां 10+2+3 की संरचना थी. इसे बदलकर अब 5 +3 + 3 + 4 फॉर्मेट किया गया है।सभी विषयों की पढ़ाई अब विद्यार्थी कर सकेंगे।वैकल्पिक विषय के रूप में आर्ट वाले साइंस ले सकते हैं। साइंस वाले आर्ट का विषय भी ले सकते हैं,कॉमर्स के विषय भी ले सकते हैं।विदेशी भाषाओं की पढ़ाई बच्चे कर सकेंगे।देश में विश्व के टॉप 10 यूनिवर्सिटी के फैकल्टी खुलेंगे। जहां विद्यार्थी अध्ययन कर पाएंगे।बता दें इस विद्यालय में 11 शिक्षक कार्यरत है वा 484 छात्राएं हैं। 12 वीं कक्षा में अभी 17 की सीट खाली है।वही विधायक की मांग है कि बिहार सरकार खाली सीटों पर अविलंब शिक्षकों की नियुक्ति करें ताकि बच्चों की पठन पाठन और सुदृढ़ तरीके से हो। इसकेसाथ ही वार्ड 36 गेवल बिगहा बौलिया पर पथ एवं नाली का निर्माण का उद्घाटन राशि 8 लाख के लागत से हुआ है।इस मौके पर राजीव सिन्हा, धीरज रौनीयार,कमल बारीक,मुन्ना पांडेय,विकास कुमार,सुरेंद्र यादव,देवानंद पासवान,टिंकू गोस्वामी,अमित पासवान,विनय चंद्रवंशी,दीपक राय,धीरू,नलिन नवीन,गोपीनाथ,मनीष,अनिल कुमार, करुण ,ऋषि लोहानी,अमित लोहनी,रंजन कुमार,चंदन कुमार,आकाश चंद्रवंशी का नाम शामिल है.

# मध्य विद्यालय कुटुंबा में 'अभिभावक शिक्षक संगोष्ठी' सम्पन्न

**दैनिक समाज जागरण, विजय कुमार सिंह संवाददाता कुटुंबा प्रखंड**

औरंगाबाद (बिहार) 26 अगस्त 2023 :- बिहार सरकार के शिक्षा विभाग के निदेशानुसार शनिवार को प्रखंड के विद्यालयों में 'अभिभावक शिक्षक संगोष्ठी' का आयोजित की गई। जिसमें पहली, दूसरी और तीसरी कक्षा के विद्यार्थियों के अभिभावकों नें भाग लिया। मध्य विद्यालय कुटुंबा में भी अभिभावक शिक्षक संगोष्ठी आयोजित की गई जिसकी अध्यक्षता प्रधानाध्यापक चंद्रशेखर प्रसाद साहू ने की। प्रधानाध्यापक ने अभिभावकों से अनुरोध किया कि वे अपने बच्चों को नियमित रुप से स्कूल ड्रेस में विद्यालय भेजें क्योंकि विद्यालय में बच्चों की 75% उपस्थिति अनिवार्य है। उन्होंने बच्चों में घर पर पढ़ने की आदत को बढ़ावा देने के लिए अभिभावकों को प्रेरित किया और बच्चों की उपलब्धि स्तर पर भी चर्चा की। इस दौरान बच्चों ने अभिभावकों के समक्ष चहक मॉड्यूल, खेल , गीत एवं कविता पर आधारित गतिविधियों का प्रदर्शन किया। प्रधानाध्यापक ने 29 अगस्त को राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर विद्यालय में आयोजित होने वाली दौड़, कबड्डी



आदि खेल प्रतियोगिता की जानकारी दी। अभिभावकों ने विद्यालय में उपलब्ध एफ एल एन किट का अवलोकन किया तथा विद्यालय परिसर, वर्ग कक्ष ,पुस्तकालय, रसोई घर आदि का भ्रमण किया।

गोष्ठी में अभिभावक विकास राम, कंचन कुमारी,मालती कुंवर,सोनी देवी,सुनैना देवी,मालती देवी,सरस्वती देवी, रामा देवी, मानमती देवी, सुनीता देवी,ममता देवी, सुशीला देवी, मनोरमा देवी, ममता देवी, शिक्षिका संगीता कुमारी , अहमद रजा, शिक्षा सेवक चौधरी, गोपाल शर्मा आदि लोग उपस्थित थे।

# नंदवंशी चेतना मंच के तत्वाधान में गया के ऐतिहासिक मैदान से निकाला तिरंगा यात्रा

**दैनिक समाज जागरण विश्वनाथ आनंद वरीय संवाददाता मगध प्रमंडल.**

गया (बिहार )- नंदवंशी चेतना मंच के तत्वाधान में गया के गाँधी मैदान से



तिरंगा यात्रा निकाला गया .यह यात्रा गाँधी मैदान से होते हुए टॉवर चौक, रमना रोड, पितामहेश्वर, रामसागर होते हुए म्यूजियम सभागार में एकत्रित हुआ. इस मौके नंदवंशी चेतना मंच के द्वारा सम्मान समारोह आयोजन किया गया है .इस मौके पर राष्ट्रीय अध्यक्ष आनंदी कुमार राजवंशी ने कहा कि आज नंदवंशी समाज को एकत्रित होने की आवश्यकता है .उन्होंने यह भी कहा कि आज जिस तरह से दूर दराज के लोग गया के गांधी मैदान में एकजुट हो रहे हैं, यह तिरंगा यात्रा सफल होने की पहचान है . उन्होंने आगे कहा कि इस यात्रा में प्रदेश अध्यक्ष चंदन नंदवंशी, जिला अध्यक्ष संतोष कुमार नंदवंशी, नगर जिला अध्यक्ष, रोशन कुमार नंदवंशी, पवन कुमार नंदवंशी, संदीप कुमार नंदवंशी प्रवक्ता, जैकी कुमार, विकाश कुमार शक्ति कुमार नंदवंशी के साथ महिलाओं के साथ हजारों लोग उपस्थित थे.

# केंद्रीय विद्यालय क्रमांक 2 गया में संभागीय खेलकूद प्रतियोगिता का किया गया शुभारंभ- ब्रिगेडियर डीएस बसेरा

**दैनिक समाज जागरण विश्वनाथ आनंद वरीय संवाददाता मगध प्रमंडल.**

गया (बिहार )- गया केंद्रीय विद्यालय क्रमांक 2 गया में संभाग स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता एथलेटिक्स बालिका वर्ग का रंगारंग शुभारंभ किया गया. जिसका विधिवत उद्घाटन स्वागत गीत एवं नृत्य के साथ किया गया. कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर ओटीए के ब्रिगेडियर डी एस बसेरा 'वीएसएम' उपस्थित थे.

मुख्य अतिथि ब्रिगेडियर डी एस बसेरा ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया और पूरे जज्बे और जोश के साथ खिलाड़ियों को खेलने की सीख दिया . विद्यालय के प्राचार्य उमेश पांडेय ने मीडिया को बताया कि केंद्रीय विद्यालय संगठन विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुए एकेडमिक प्रदर्शन के साथ-साथ खेलकूद गतिविधियों में अच्छे प्रदर्शन हेतु प्रतिवर्ष खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन करता है.इसी के अंतर्गत संभागीय खेलकूद प्रतियोगिता के तहत केंद्रीय विद्यालय पटना संभाग के सभी केंद्रीय विद्यालयों की



लड़कियों के लिए एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन स्थल केंद्रीय विद्यालय क्रमांक 2 गया को बनाया गया है. यह प्रतियोगिता दो दिन चलेगी। यहां जीतने वाली छात्राएं केंद्रीय विद्यालय संगठन द्वारा आयोजित राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में भागीदारी करेंगी.प्रतियोगिताओं के अंतर्गत 100 मीटर, 200 मी, 400 मीटर, 800 मीटर, 3000 की दौड़, लंबी कूद, शॉटपुट, डिस्कस थ्रो जैसी गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है.

उद्घाटन कार्यक्रम का संचालन श्रीमती टी. सुल्ताना ने किया है. इस कार्यक्रम में विद्यालय के शारीरिक शिक्षक पंकज एवं वीरेंद्र कुमार यादव, सविंद्र कुमार पांडेय, डॉक्टर निर्मला कुमारी, मुख्तार अंसारी, राहुल शर्मा, विवेकानंद, संदीप कुमार सहित शिक्षक उपस्थित थे.

# बीडीओ ने प्रगणकों के साथ बैठक कर जाति गणना का किया समीक्षा

**दैनिक समाज जागरण गौतम कुमार , अनुमंडल संवाददाता दाउदनगर**

औरंगाबाद (बिहार)हसपुरा प्रखंड कार्यालय के सभाकक्ष में जाति आधारित गणना की समीक्षा को लेकर बीडीओ प्रदीप कुमार चौधरी ने प्रगणकों के साथ बैठक की। जिसमें प्रगणक सहित डाटा आपरेटर शामिल हुए। बीडीओ ने पंचायत वार जाति आधारित गणना कार्य का समीक्षा किया। कहा जाति गणना कार्य अंतिम चरण में है। बताया जाता है ऐप पर अपलोड का कार्य में किसी तरह की गड़बड़ी नहीं हो इसकी जांच डाटा आपरेटर बारीकी से जांच



कर रहे हैं। बीडीओ प्रदीप कुमार चौधरी ने बताया कि सभी प्रगणकों के सहयोग से जाति आधारित गणना कार्य पूर्ण किया गया है। उन्होंने कहा कि जाति आधारित गणना कार्य बिहार सरकार का महत्वपूर्ण कार्य है। बताया जाता है कि जब जाति आधारित गणना कार्य पूर्ण हो जायेगा तो मुख्यमंत्री द्वारा बिहार को मांडल बिहार बनाने का रास्ता साफ हो जाएगा।

# जायलो के अंदर छुपा कर रखी गई टनाका देसी शराब बरामद, तस्कर फरार

**दैनिक समाज जागरण, विजय कुमार सिंह संवाददाता कुटुंबा प्रखंड**

औरंगाबाद (बिहार) 26 अगस्त 2023 :- अंबा थाना की पुलिस ने गश्ती के दौरान शुक्रवार की रात्रि 9:40 बजे रहम बिगहा मध्य विद्यालय के सामने



से शराब की खेप बरामद की। तस्कर जाइलो कार में शराब लादकर उक्त रास्ते से जा रहे थे। दूर से पुलिस की गाड़ी आता देख तस्कर ने गाड़ी सड़क पर खड़ी कर दी और फरार हो गया। जांच के दौरान गाड़ी के अंदर छुपा कर रखी गई 180 एम एल की 2544 बोतल में 457. 92 लीटर टनाका देसी शराब बरामद हुई। यह कार्यवाही बलराम पासवान ने की। थानाध्यक्ष रमेश कुमार ने बताया कि मध निषेध अधिनियम के तहत शराब को जप्त कर तस्कर की तलाश की जा रही है। जल्द ही तस्कर पुलिस की गिरफ्तार में होंगे।

# जदयू ने किया ग्राम संसद सद्भावना की बात कार्यक्रम का आयोजन

**दैनिक समाज जागरण, विजय कुमार सिंह संवाददाता कुटुंबा प्रखंड**

औरंगाबाद (बिहार) 26 अगस्त 2023:- मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के 18 वर्षों के शासनकाल में बिहार का सर्वाधिक विकास हुआ है। इस बार भी नीतीश कुमार का जादू चलेगा और हमारी सरकार बनेगी। उक्त बातें पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष पंकज पासवान नें जदयू की राज्यव्यापी ग्राम संसद- सद्भावना की बात कार्यक्रम के तहत शनिवार को ग्राम पंचायत भरौंधा के आजाद बीघा टोला में कही। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम के तहत 15 अगस्त से 31 अगस्त तक घर-घर जाकर बिहार सरकार द्वारा संचालित लोक कल्याणकारी एवं विकासात्मक कार्यों की जानकारी दी जाएगी। इस कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों के बीच सामाजिक समरसता एवं सद्भाव का संदेश देना है। उन्होंने लोगों से अपील किया की नफरत फैलाने वाले लोगों से दूर रहें। प्रखंड अध्यक्ष विजय



कुमार वर्मा ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि नीतीश कुमार ने अनुसूचित जाति, जनजाति, अतिपिछड़ा व महिलाओं को पंचायत चुनाव में आरक्षण देकर मुख्य धारा में लाने का काम किया है। सात निश्चय योजना के तहत हर घर नल का जल पहुंच रहा है और हर मोहल्ले में पक्की सड़क बनाई गई है। इस दौरान पूर्व मुखिया विजय कुमार दास, रमाकांत सिंह, वीरेंद्र मेहता ने लोगों को मुख्यमंत्री उद्यमी योजना, मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना, मुख्यमंत्री साइकिल योजना, पोशाक योजना आदि कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष विजय कुमार वर्मा की। इस अवसर पर बबन राम, मुन्ना सिंह चंद्रवंशी, चंद्रवती देवी, शकुंतला देवी, राजमनी देवी, रामचंद्र राम, उमेश पासवान, शिवपूजन राम, मुकेश राम, सत्यनारायण राम, पूनम देवी, कविता देवी, शांति देवी आदि लोग उपस्थित हुए।

# घेजना गांव में वृद्ध की हत्या के मामले में चार लोगों पर प्राथमिकी दर्ज

**दैनिक समाज जागरण गौतम कुमार , अनुमंडल संवाददाता दाउदनगर**

औरंगाबाद (बिहार)गोह थाना क्षेत्र के देवहरा पंचायत के घेजना गांव में चार दिन पूर्व आधी रात को बेखौफ अपराधियों के द्वारा एक वृद्ध को गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। हत्या के मामले में मृतक स्व रामचंद्र मिस्त्री के पुत्र सुरज कुमार ने अपने पिता के अंतिम संस्कार के बाद शुक्रवार को एक लिखित आवेदन गोह थाने में दी है। थानाध्यक्ष कमलेश पासवान ने बताया कि हत्या के मामले मृतक के पुत्र सुरज कुमार के बयान पर कांड संख्या 291/23 दर्ज किया गया है। जिसमें चार लोगों को नामजद अभियुक्त बनाया गया है। मामले में पुलिस आरोपितों के विरुद्ध छानबीन कर रही है।

# जिला शतरंज संघ की नई कार्यकारिणी समिति गठित

**राहुल साह, दैनिक समाज जागरण किशनगंज**

जिला पदाधिकारी श्री श्रीकांत शास्त्री की अध्यक्षता में शनिवार को समाहणालय के सभाकक्ष में जिला शतरंज संघ के वार्षिक सामान्य सभा की बैठक संपन्न हुई। इसमें संघ के मानद महासचिव शंकर नारायण दत्ता एवं वरीय अधिवक्ता रंजन चक्रबर्ती द्वारा आंकेक्षित विगत वित्तीय वर्ष 2022-23 का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया गया। इस पर जिला पदाधिकारी महोदय ने दिशानिर्देश दिया कि इस रिपोर्ट को किसी मान्यता प्राप्त लेखापरीक्षक के द्वारा भी अनुमोदित करा ली जाए। तत्पश्चात पुरानी कार्यकारिणी समिति को भंग कर एक नई समिति का गठन किया गया।

नई समिति में भाजपा जिलाध्यक्ष सुशांत गुप्त को संरक्षक पद पर मनोनीत किया गया। उपाध्यक्ष पदों पर राकेश जैन, आयशा खातून, मनोज मजूमदार, नवीन कुमार सिंह, बासुकीनाथ गुप्ता, विशाल जैन एवं एजाज सोहेल को आसीन करवाया गया। श्रीमती रूमी सिन्हा भी सदस्य के रूप में शामिल हुईं।

इनके अलावे श्रीमती आंची देवी जैन ,युगल किशोर तोषनीवाल ,



डॉक्टर दिलीप कुमार जायसवाल, त्रिलोक चंद्र जैन, डॉक्टर राजकरण दफ्तरी, डॉक्टर इच्छित भारत, टीटू बदवाल ,श्रीमती ए कविता जूलियाना, धनंजय जायसवाल, कमल मित्तल, उदय शंकर दुबे, मनोज गट्टानी, मनीष जालान, बिमल मित्तल ,अंकित अग्रवाल, मोहम्मद कलीमुद्दीन ,विनीत अग्रवाल, रवि राय, डॉक्टर एम आलम,शिफा सैयद हफीज, सुनील कुमार जैन ,श्रवण कुमार सिंघल ,दीप कुमार , डॉक्टर शेखर जालान, आलोक कुमार ,मनीष कासलीवाल, पदम जैन, श्रीमती अमृता साव, राजेश कुमार दास, डॉक्टर अशोक प्रसाद, डॉक्टर अमर कुमार ,दानिश इकबाल, दिनेश पारीक, आसिफ इकबाल, दीपक श्रीवास्तव, मिक्की साहा, मोहम्मद तारिक अनवर, कमल कर्मकार सहित 74 पुराने लोग अपने-अपने पदों पर बने रहे। महासचिव श्री दत्ता को 28 वीं बार इस पद का दायित्व सौंपा गया।

सभा के अंत में बाल राष्ट्रीय खिलाड़ी सुरोनोय दास, धान्वी कर्मकार, सीनियर ग्रुप में मुकेश कुमार,रोहन कुमार, अंतर्राष्ट्रीय शतरंज कोच कमल कर्मकार सम्मानित किए गए।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में प्रधान लिपिक की समीक्षा बैठक आहूत

**राहुल साह, दैनिक समाज जागरण किशनगंज**

किशनगंज जिलाधिकारी, श्रीकांत शास्त्री की अध्यक्षता में समाहरणालय सभा कक्ष में सभी कार्यालयों के प्रधान लिपिकों की समीक्षा बैठक आहूत की गई। समीक्षा के क्रम में यह पाया गया कि बैठक में कई लिपिक अकारण अनुपस्थित है, सभी अनुपस्थित कर्मियों से स्पष्टीकरण की मांग एवं उनका वेतन स्थगित करने का निर्देश दिया गया। बैठक में प्रधान लिपिक के स्तर से संचिका निष्पादन,पत्र उपस्थान, कैशबुक संधारण और अन्य बिंदुओं पर गहन समीक्षा की गई। साथ ही प्रखंड, अंचल स्तर पर सेवानिवृत लिपिक, पंचायत सचिव, राजस्व कर्मचारी, अंचल अमीन एवं कार्यालय परिचारी से संबंधित सेवांत लाभ का भुगतान ससमय निष्पादन करने का निर्देश दिया गया।

बैठक में प्रखण्ड कार्यालय में सभी प्रधान लिपिक को निदेश दिया गया कि सभी पदस्थापित पंचायत सचिवों का अंतिम वेतन प्रमाण पत्र जिला पंचायती राज कार्यालय में शीघ्र भेजना सुनिश्चित करेंगें।

श्री अरविंद कुमार मंडल प्रखण्ड नाजीर ठाकुरगंज के द्वारा जिला



समाजिक सुरक्षा कोषांग एवं जिला पंचायती राज कार्यालय के नजारत का प्रभार अबतक नही सौंपें जाने के कारण अगले आदेश तक वेतन स्थगित रखने का निदेश दिया गया। श्री पशुपति मंडल, अंचल कार्यालय किशनगंज के अंचल नजारत का प्रभार नहीं सौंपे जाने के फलस्वरूप श्री मंडल का वेतन अगले आदेश तक स्थगित करने का निदेश दिया गया।

प्रखंड कार्यालय टेढागाछ के नजारत का प्रभार आदान- प्रदान नहीं होने के फलस्वरूप संबंधित प्रखण्ड नाजीर/ प्रखण्ड विकास पदाधिकारी का वेतन अगले आदेश तक स्थगित करने का निर्देश दिया गया। श्री नौसाद आलम एवं श्री उमाकांत मंडल द्वारा अपने-अपने पदस्थापित अंचल नजारत का प्रभार अद्यतन ग्रहण नही करने के फलस्वरूप इनका अगले आदेश तक वेतन स्थगित रखने का निदेश दिया गया। सभी प्रधान लिपिकों को अपने अपने कार्यालय से संबंधित सेवान्त लाभ एवं टअउढ से संबंधित कारवाई शीघ्र करने का निदेश दिया गया।

बैठक में जिला स्थापना उप समाहर्त्ता,सभी कार्यालय के प्रधान लिपिक उपस्थित थे।

# आपसी विवाद में युवक घायल, स्थिति नाजुक

**राहुल साह, दैनिक समाज जागरण किशनगंज**

किशनगंज जिले के पहाड़कट्टा थाना क्षेत्र अंतर्गत रतुआ हाट मे सरपंच प्रतिनिधि की दबंगई का मामला प्रकाश में आया है. मिली जानकारी के अनुसार सरपंच प्रतिनिधि और उसके गुर्गों द्वारा किए गए हमले से रुईटोला नया बस्ती निवासी 45 वर्षीय मोहम्मद जहीर गंभीर रूप से घायल हो गया.



घायल अवस्था में स्थानीय लोगो के द्वारा आनन-फानन में जिला मुख्यालय स्थित सदर अस्पताल में भर्ती करवाया गया. वहीं सदर अस्पताल में उचित इलाज करते हुए चिकित्सकों द्वारा स्थिति को नाजुक देखते हुए घायल व्यक्ति मोहम्मद जहीर को बेहतर इलाज हेतु हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है. परिजनों के मुताबिक मोहम्मद जहीर रतुआ हाट की ओर बाइक पर सवार होकर जा रहा था. इसी दौरान पीछे से वर्तमान सरपंच प्रतिनिधि सागर, रेजबी और उनके साथियों ने मोहम्मद जहीर पर हमला कर दिया. परिजनों के मुताबिक सरपंच प्रतिनिधि के द्वारा गोली चलाई गई साथ ही चाकू से भी हमला किया गया. हालाकि गोली लगने की आधिकारिक पुष्टि नहीं हो पाई है. चिकित्सक के मुताबिक गोली लगी है या नही वो सीटी स्कैन के बाद ही पता चल पाएगा. पुलिस के द्वारा मामले का अनुसंधान किया जा रहा है. वही परिजनों ने पुलिस से शिकायत किए जाने की बात कही है. वही घायल को सदर अस्पताल से एमजीएम मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया है. परिजनों ने पुलिस प्रशासन से आरोपी के खिलाफ सख्त कारवाई करने की मांग की है.

# पूर्णियाँ:यूएई निर्मित 5 किलो 840 ग्राम सोने के बिस्किट के साथ एक गिरफ्तार

**पियुष रंजन सिंह समाज जागरण विशेष संवाददता पूर्णियां प्रमंडल**

(पुर्णियां) बिहार एवं पश्चिम बंगाल की सीमा पर स्थित बायसी थाना अंतर्गत दालकोला मद्य निषेध चेक पोस्ट पर शुक्रवार की शाम सिलीगुड़ी से पटना जा रही ईपाल डीलक्स बस की चेकिंग के दौरान एक महाराष्ट्र निवासी युवक को युएई निर्मित 50 पीस सोने की बिस्किट के साथ गिरफ्तार किया गया,जिसका कुल वजन 5 किलो 840 ग्राम है। 24 कैरेट शुद्ध सोने से बने प्रत्येक बिस्किट का वजन 116.80 ग्राम है,जिसकी कीमत करीब 3 करोड़ 53 लाख रु बताई जा रही है। शनिवार को आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान पूर्णियां पुलिस अधीक्षक आमिर जावेद ने बताया कि शराब की तस्करी की रोकथाम के लिए प्रत्येक दिन की तरह दालकोला चेक पोस्ट पर मध्य निषेध पुलिसकर्मी वाहनों की जांच पड़ताल कर रहे थे। इसी क्रम में सिलीगुड़ी से पटना जा रही ई-पाल डीलक्स बस में सवार एक युवक के पेट में पट्टी की तरह बंधे सोने की बिस्किट को बरामद किया गया। पूछताछ में उसने बताया कि उसका नाम सोमनाथ लहु सावंजी,उम्र 22 वर्ष,पिता लहु सावंजी,साकिन भालवनी,थाना मंगेड़वेड़ा जिला सोलापुर(महाराष्ट्र)



का निवासी है। उसने बताया कि 3 दिन पहले ही सिलीगुड़ी के कुछ लोगों के साथ कैरियर के रूप में काम करने के लिए उसका ऑनलाइन संपर्क हुआ था,इसके बाद वह पुणे होता हुआ सिलीगुड़ी पहुंचा था। सिलीगुड़ी में माटीगाड़ा के समीप एक पुल के नीचे उसे कुछ सामान पटना पहुंचाने के लिए दिया गया था।उसने बताया कि वह सामान सोने के रूप में होने से अनभिज्ञ था।इसके बदले में उसे 20000 रु दिया गया था। पुलिस अधीक्षक आमिर जावेद ने बताया कि सोने के बिस्किट पर यूएई का मार्का चिन्हित है।कुल 50 बिस्कीट, प्रत्येक बिस्कीट का वजन 116.80 ग्राम,कुल 5किलो 840ग्राम सोने के साथ एक काला रंग का विभो स्मार्ट फोन बरामद किया गया है। प्राप्त जानकारी के आधार पर आगे का अनुसंधान किया जा रहा है।शीघ्र ही सोने की तस्करी में संलिप्त तस्करों के पूरे रैकेट का खुलासा किया जाएगा।मामले में बायसी थाना कांड सं-349/23,दिनांक-25.08.2023,धारा-414 भादवि के तहत दर्ज कर विधि-सम्मत कार्रवाई पूर्ण करते हुये गिरफ्तार अभियुक्त को न्यायिक हिरासत में भेजने की वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

# एनीमिया से बचाव के लिए जीवनशैली में करें बदलाव

**-खानपान का रखें ख्याल, प्रोटीन और आयरनयुक्त आहार लें**

**-हर उम्र के लोग आ सकते हैं एनीमियो की चपेट में**

राहुल साह, दैनिक समाज जागरण किशनगंज मौजूदा समय में एनीमिया एक गंभीर बीमारी है। खासकर महिलाएं और प्रसूताओं को इस बीमारी से ज्यादा परेशानी हो रही है। ऐसे में इस पर नियंत्रण की कोशिश बहुत जरूरी है। थोड़ी सी भी लापरवाही जान को जोखिम में डाल सकती है। इसलिए लोगों को इसे गंभीरता से लेने की जरूरत है। सिविल सर्जन डॉ कौशल किशोर ने बताया कि आज की जीवनशैली में एनीमिया एक आम बीमारी हो गई है। व्यक्ति के शरीर में आयरन की कमी के कारण जब हीमोग्लोबिन का बनना सामान्य से कम हो जाता , तब शरीर में खून की कमी होने लगती है। इस स्थिति को ही एनीमिया कहा जाता है। इस बीमारी से बचाव के लिए लोगों को जीवनशैली में बदलाव और आयरनयुक्त आहार का सेवन करने की जरूरत है। इससे काफी हद तक एनीमिया के प्रकोप में आने से बचा जा सकता है। स्वास्थ्य विभाग, केंद्र सरकार द्वारा संचालित एनीमिया मुक्त भारत निर्माण योजना को प्रभावी बनाने के प्रयासों में जुट गया है।

**ये हैं एनीमिया के लक्षण:**

सिविल सर्जन डॉ कौशल किशोर ने बताया कि एनीमिया का शुरूआती लक्षण थकान, कमजोरी, त्वचा का पीला होना, दिल की धड़कन में बदलाव, सांस लेने में तकलीफ, चक्कर आना, सीने में दर्द होना, हाथों और पैरों का ठंडा होना, सिरदर्द आदि हैं। ऐसे लक्षण अगर आपको दिखाई दे तो तत्काल अपनी जीवनशैली में बदलाव करें और डॉक्टर के पास जाकर इलाज करवाएं। डॉक्टर की सलाह के मुताबिक दवा और खानपान लें।

**गर्भवती महिलाओं को आवश्यक जांच कराते रहना चाहिए:**

एसीएमओ डॉ सुरेश प्रसाद ने बताया कि गर्भवती महिलाओं के गर्भस्थ शिशु के विकास के लिए शरीर में रक्त का निर्माण होते रहना जरूरी होता है। इसमें कमी के कारण एनीमिया होने की प्रबल संभावना रहती है। इसलिए गर्भवती महिलाओं को नियमित हीमोग्लोबीन समेत अन्य आवश्यक जांच कराते रहना चाहिए। चिकित्सकों के मुताबिक वैसे तो बच्चों से लेकर बड़ों तक हर उम्र के लोग एनीमिया ग्रस्त हो जाते , लेकिन किशोरावस्था, प्रसव के बाद और रजोनिवृत्ति के बीच की आयु में यह समस्या अधिक देखी जाती है। आमतौर पर ऐसा तब होता है, जब शरीर में लाल रक्त कणों की कोशिकाओं के नष्ट होने की दर उनके निर्माण की दर से अधिक होती है।

आहार पर विशेष ध्यान देने की जरूरत:

सिविल सर्जन डॉ किशोर ने बताया कि एनीमिया के लक्षण महसूस होने पर तुरंत किसी अच्छे चिकित्सक से परामर्श तो ले हीं, लेकिन खानपान का विशेष ख्याल रखने की जरूरत है। आयरन और प्रोटीनयुक्त आहार लें। एनीमिया के दौरान प्रोटीनयुक्त भोजन जैसे- पालक, सोयाबीन, चुकंदर, लाल मांस, मूंगफली, मक्खन, अंडे, टमाटर, अनार, शहद, सेब, खजूर आदि का सेवन करें, जो कि आपके शरीर में खून की कमी को पूरा करता है। इन चीजों का सेवन करते रहने से आप एनीमिया की चपेट में आने से बच सकते हैं।

**विद्यालय व आंगनबाड़ी केंद्रों पर दी जाती है निःशुल्क दवा**

जिला योजना समन्वयक विश्वजीत कुमारे ने बताया कि आशा कार्यकताओं द्वारा गृह भ्रमण के दौरान 06 से 59 माह के बच्चों को सप्ताह में दो बार आयरन फोलिक एसिड (आईएफए) सिरप एक एमएल दिया जा रहा है। जबकि 5-9 साल के बच्चों को सप्ताह में गुलाबी आयरन फोलिक एसिड की एक गोली प्राथमिक विद्यालय में प्रत्येक बुधवार को मध्याह्न भोजन के बाद शिक्षकों के माध्यम से दी जा रही है। विद्यालय नहीं जाने वाले लडके-लडकियों को आशा के माध्यम से दवा की खुराक दी जाती है। 10 से 19 साल के किशोर और किशोरियों को हर हफ्ते आईएफए की एक नीली गोली दी जाती है। जिसे विद्यालय एवं आंगनबाड़ी केन्द्रों पर प्रत्येक बुधवार को भोजन के बाद शिक्षकों एवं आंगनबाड़ी सेविका के माध्यम से निःशुल्क प्रदान की जाती है।

**मानसिक व शारीरिक क्षमता को प्रभावित करता है एनीमिया--**

सिविल सर्जन डॉ किशोरे ने बताया कि एनीमिया एक गंभीर स्वास्थ्य समस्या है। ये लोगों के शारीरिक व मानसिक समस्या को प्रभावित करता है। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण-05 के अनुसार, बिहार में 6 से 59 माह के 69.5 प्रतिशत बच्चे, प्रजनन आयु वर्ग की 63.6 प्रतिशत महिला एवं 58.3 प्रतिशत गर्भवती महिलाएं एनीमिया से ग्रसित हैं। सिविल सर्जन ने बताया कि इस अभियान के तहत 6 विभिन्न आयु वर्ग की महिलाएं व बच्चों को लक्षित किया गया है। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य एनीमिया जैसे गंभीर रोगों से उनका बचाव करना है। इस कार्यक्रम के तहत एनीमिया में प्रतिवर्ष 3% की कमी लाने का लक्ष्य रखा गया है।

# इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी किशनगंज शाखा के मैनेजिंग कमिटी के सदस्यो का मतदान की तैयारी पूर्ण, आज मतदान

**राहुल साह, दैनिक समाज जागरण किशनगंज**

जिलाधिकारी - सह - प्रेसिडेंट इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी,किशनगंज श्रीकांत शास्त्री के निदेशानुसार इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी के प्रबंधन समिति की का निर्वाचन 27 अगस्त को पूर्वाह्न 9 बजे इंडोर स्टेडियम के दो बूथ पर होगा। पीसीसीपी में दो पार्टी और विधि व्यवस्था में 4 दंडाधिकारी प्रतिनियुक्ति किए गए है। बिना सदस्यता प्रमाण पत्र के मतदान में कोई सदस्य भाग नहीं ले सकते है।

इन्डियन रेडकॉस सोसायटी ,जिला इकाई में 292 आजीवन सदस्य,7 संरक्षण और उपाध्यक्ष अर्थात 299 सदस्य पूर्व से थे और 709 नए सदस्य जुड़े हैं।इस प्रकार कुल 1008 मतदाता 25 उम्मीदवार के भाग्य का फैसला करेंगे। 20 सदस्य की समिति का गठन किया जाना है।

नोडल पदाधिकारी रंजीत कुमार ने बताया कि जिलाधिकारी - सह - प्रेसिडेंट इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी किशनगंज शाखा के द्वारा सर्वसम्मति से श्री श्वेताँक लाल ,वरीय उप समाहर्त्ता - सह -ओएसडी को निवार्ची पदाधिकारी नामित किया गया था। निर्वाचन तिथि की घोषणा के उपरांत 16 अगस्त से 23 अगस्त तक नामांकन प्रक्रिया की गई। 20 सदस्यीय प्रबंधन समिति के लिए 26 उम्मीदवार ने नामांकन किया ,एक उम्मीदवार के नामांकन पत्र वापसी के उपरांत 25 उम्मीदवार मैदान में रह गए है। आजीवन सदस्य नामांकन किए हैं। 27 अगस्त को मतदान प्रक्रिया (फर्स्ट हाफ में 9 बजे से 14 बजे तक) होगी। मतगणना (सेकंड हाफ 27 अगस्त 16 बजे से) उपरांत 29 अगस्त को परिणाम



घोषित कर 30 अगस्त या उसके बाद ही नए एजीएम की बैठक निर्धारित की गई है। मैनेजिंग कमिटी के 20 सदस्यों के बीच ही मैनेजिंग कमिटी के पदधारको पर सर्वसम्मति से निर्णय होगा। सारी प्रक्रिया मात्र प्रबंधन समिति के लिए अपनाए गए है। अन्य समिति यथा कार्यकारिणी समिति,वित्त समिति,सचिव या अन्य पर लागू नहीं होगा।

विदित हो कि इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी एक गैर सरकारी संगठन (एनजीओ) के रूप में कार्य करता है।इसके सदस्यों को आपातकाल, आकस्मिक, आवश्यकतानुसार लोगो की सेवा करनी पड़ती है,इसमें कोई मानदेय भुगतान नहीं होता है।इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी, जिला इकाई के एक्स ऑफिसियो प्रेसिडेंट डीएम होते है और वाइस प्रेसिडेंट डीएम ही नामित करते है। इसके प्रशासनिक कार्यों पर नियंत्रण हेतु एक सचिव भी नामित करते है।

मतदान पार्टी और मजिस्ट्रेट को ब्रीफिंग के उपरांत रवाना किया गया। जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री ने निर्देश दिया कि सभी पदाधिकारी आपसी समन्वय से रेड क्रॉस का मतदान शांतिपूर्ण संपन्न कराएं। पारदर्शी तरीके से मतदान प्रक्रिया हेतु आवश्यक निर्देश दिए गए है। उपद्रवी तत्वों से निपटने हेतु पुलिस पदाधिकारी/बल की पर्याप्त प्रतिनियुक्ति है।बिना सदस्यता प्रमाण के मतदान स्थान के पास किसी सदस्य की प्रवेश की अनुमति नहीं है। विधि व्यवस्था के वरीय प्रभार में तेज तर्रार दो अफसर साकेत सुमन सौरव ,अपर अनुमंडलाधिकारी और रंजीत कुमार,वरीय उप समाहर्त्ता की प्रतिनियुक्ति की गई है। उनके स्तर से मतदान स्थल का निरीक्षण किया गया है। नोडल पदाधिकारी कार्मिक कोषांग संदीप कुमार ने निर्देश दिया कि पूरी प्रक्रिया की वीडियोग्राफी होगी।मतदान के बाद बैलेट बॉक्स सिल करना अनिवार्य होगा, बिना रेडक्रॉस रसीद के कोई भी मतदान नहीं कर सकता है।

# बाघझांपा प्राइमरी स्कूल में "रीडिंग फेस्टिवल" मनाया गया।

**बिभूति भूषण भद्र दैनिक समाज जागरण झाड़ग्राम पश्चिम बंगाल**

झाड़ग्राम जिले के झाड़ग्राम पूर्वी चक्र के बाघझांपा प्राथमिक विद्यालय में "रीडिंग फेस्टिवल" गरिमामय ढंग से मनाया गया। यह स्कूल सुदूर जंगल इलाके में अवस्थित है। स्कूल के कुल 65 छात्रों में से 44 लोधा सबर समुदाय से हैं।इस क्षेत्र में हमेशा हाथियों के हमले से डर लगा रहता है। क्षेत्र में कई लोग हाथी के हमले से प्रभावित भी हुए हैं। वर्तमान समय में भी हाथियों के हमले से अपनी जान गंवा रहे हैं। पश्चिम मेदिनीपुर जिले के पिंगला पुलिस स्टेशन के गंगादासचक गांव के रहने वाले प्रधान शिक्षक भवतोष भौमिक उन बच्चों की कमी को धीरे-धीरे पूरा करने की कोशिश कर रहे हैं। जो कोविड महामारी के कारण पिछड़ रहे हैं। कोविड के बाद से प्रधान अध्यापक श्री भौमिक लोधा सबर और कुछ अन्य गरीब परिवारों के बच्चों को स्कूल प्रारंभ से पहले और बाद में मुफ्त ट्यूशन दे रहे हैं। गर्मी की छुट्टियों में भी उन्होंने सरकार के निदेर्शों का पालन करते हुए रात में



बच्चों को पढ़ाया। इस कार्य में दो सहायक शिक्षक मानस हटुई एवं बाबूराम सारेन ईमानदारी से सहयोग कर रहे हैं।बच्चों को समग्र विषय पर पढ़ने एवं आगे ले जाने के उद्देश्य से, पश्चिम बंगाल सरकार शिक्षा विभाग की पहल से 18 से 25 अगस्त तक प्रत्येक शैक्षणिक संस्थान में छात्रों को सर्वगुण में दक्षता के साथ पठन से भय मुक्त होकर मंच में संबोधन करने तथा वाक्यों की प्रदर्शता अर्जित करने के साथ-साथ पठन-पाठन में अव्वल रहने में मददगार साबित होगा। रीडिंग फेस्टिवल में स्कूल के बच्चों ने बंगाली और अंग्रेजी में पढ़ने, कहानियों और नाटकों में भाग लिया। यहां तक कि पाठ्यपुस्तक से बाहर के विषयों में भी स्वामी विवेकानन्द के आदर्शों पर आधारित श्रीनवनिहरण मुखोपाध्याय द्वारा लिखित पुस्तक से माइंडफुलनेस पर पाठ पढ़ा गया है। इससे बच्चों में ध्यान लगाकर पढ़ने में रुचि बढ़ेगी, उत्सव में शामिल होने वाले माता-पिता भी बच्चों के ध्यान पर प्रकाश डालेंगे।

# इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी के मतगणना हेतु मतगणना दल की ब्रीफिंग संपन्न, पार्टी रवाना

**राहुल साह, दैनिक समाज जागरण किशनगंज**

पोलिंग पार्टी को मतदान सामग्री सुपुर्द कर मतदान केंद्र के लिए किया गया रवाना। मजिस्ट्रेट को सख्त निर्देश, 27 अगस्त को प्रातः 7:30 पर पोलिंग पार्टी को बूथ पर पहुंचना अनिवार्य, विधि व्यवस्था की चाक चौबंद व्यवस्था।



निवार्ची पदाधिकारी, श्वेताँक लाल ने मतदान /मतगणना स्थल का किया भ्रमण

# 30 दिवसीय बिजली सुधारण एवं घरेलू बिजली फिटिंग प्रशिक्षण का उद्घाटन

**उत्तम सिंह: संवाददाता: दैनिक समाज जागरण: सिलीगुड़ी (दार्जिलिंग):**

शनिवार को 41 वीं वाहिनी रानीडंगा द्वारा मानव संसाधन विकास नागरिक कल्याण कार्यक्रम के अंतर्गत 30 दिवसीय बिजली सुधारण एवं घरेलू बिजली फिटिंग प्रशिक्षण का उद्घाटन श्री नवीन कुमार , द्वितीय कमान अधिकारी ,



कार्यवाहक कमांडेंट , 41 वीं वाहिनी , एस.एस.बी रानीडंगा के द्वारा दिनांक शनिवार को सीमा चौकी बक्सरवीटा में किया गया । कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कार्यवाहक कमांडेंट , 41 वीं वाहिनी , एस.एस.बी रानीडंगा ने बताया कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य सीमावर्ती आबादी की सामाजिक - आर्थिक स्थिति का उत्थान करना एवं सीमावर्ती वेरोजगार युवक-युवतियों को व्यावसायिक प्रशिक्षण देना ताकि वे इस प्रशिक्षण के माध्यम से भविष्य में अपना स्वरोजगार विकसित कर अपना तथा अपने गाँव की आर्थिक स्थिति को सुधार कर सके ।इसके साथ ही महोदय ने देश में व्याप्त नशे के दुष्परिणाम के बारे में बताया एवं उपस्थित लोगों से नशे से बचने की नसीहत दी ।इसके बाद महोदय ने प्रशिक्षनार्थियों को इस प्रशिक्षण को लगन सीखने के लिए कहा ।इसके बाद प्रशिक्षण कराने वाली संस्था देशबंधु इंस्टिट्यूट व व्यावसायिक प्रशिक्षण सिलीगुड़ी के सचिव श्रीमती अर्पिता बरुआ ने प्रशिक्षण कार्यक्रम एवं पाठ्यक्रमों के बारे में अवगत कराया ।इस कार्यक्रम में श्री नवीन कुमार , द्वितीय कमान अधिकारी कार्यवाहक कमांडेंट , 41 वीं वाहिनी , एस.एस.बी रानीडंगा , कंपनी कमांडर निरीक्षक एल गांगटे , उप निरीक्षक सुशील यादव , एवं एस.एस.बी के अन्य बलकर्मी , देशबंधु इंस्टिट्यूट व व्यावसायिक प्रशिक्षण सिलीगुड़ी के सचिव श्रीमती अर्पिता बरुआ , प्रशिक्षनार्थी व अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे ।

# बड़ी खुशखबरी: जल्द ही बंगाल सफारी पार्क में सुनाई देगी शेर की दहाड़, दिखेंगे ब्लैक पैंथर और जेब्रा भी

**उत्तम सिंह: संवाददाता : दैनिक समाज जागरण : सिलीगुड़ी (दार्जिलिंग):**

सिलीगुड़ी के बंगाल सफारी पार्क से एक बड़ी खुशखबरी सामने आई है। जल्द ही पार्क में अब लोगों को शेर की दहाड़ सुनाई देने वाली है। शेर को देखने के लिए अब से लोगों को अपने बच्चों को लेकर चिड़ियाघर नहीं जाना पड़ेगा। क्योंकि दिसंबर में सिलीगुड़ी में बंगाल सफारी पार्क में शेर की दहाड़ सुनाई देगी। बंगाल सफारी पार्क घूमने आने वाले पर्यटक अब शेर को देख सकेंगे। सफारी पार्क में शेर के अलावा जेब्रा, जिराफ और ब्लैक पैंथर को भी लाया जाएगा।आज राज्य के वन मंत्री ज्योतिप्रिय मल्लिक ने सिलीगुड़ी में बंगाल सफारी पार्क का दौरा करते हुए इसकी जानकारी दी है।वहीं, कुछ दिन पहले रॉयल बंगाल टाइगर रिका ने बंगाल सफारी पार्क में तीन शावकों को जन्म दिया है।

वन मंत्री ने बताया कि तीनों शावक स्वस्थ हैं। 19 अगस्त को तीन शावकों का जन्म हुआ है। लेकिन संक्रमण के डर से किसी को भी शावकों के पास जाने की इजाजत नहीं है। बंगाल सफारी के अधिकारी और चिकित्सक सीसीटीवी कैमरे के जरिए मां और शावक पर नजर रख रहे हैं। कुछ दिन पहले सफेद रॉयल बंगाल टाइगर कीका ने दो शावकों को जन्म दिया था। हालांकि दो शावकों की मौत हो गई है।

वन मंत्री ने कहा कि जन्म के बाद एक शावक के ऊपर कीका गिर गई थी। जिससे शावक की मौत हो गई थी। दूसरे शावक की फेफड़ों में संक्रमण से मौत हो गई है। इसलिए बंगाल सफारी पार्क के अधिकारी रिका के बच्चों पर अतिरिक्त नजर रख रहे हैं।

# विभिन्न बधाओं को पार कर शेख जहीर अब्बास ने सिविल सेवा परीक्षा में 114 वीं रैंक हासिल किया

**बिभूति भूषण भद्र दैनिक समाज जागरण झाड़ग्राम पश्चिम बंगाल**

मेहनत करने वालों की कभी हार नहीं होती है। जिसने भी संघर्ष और परिश्रम किया उसने सफलता प्राप्त की है। परिश्रम संघर्ष का जज्बा व्यक्ति को सबसे आगे की लाइन में खड़ा कर देता है। जिसका प्रत्यक्ष उदाहरण है। झाड़ग्राम जिले के नयाग्राम निवासी शेख जहीर अब्बास। इन्होंने सहायक आयुक्त राजस्व सेवा समूह (ए जनरल) सिविल सेवा परीक्षा में 114 वीं रैंक हासिल कर। गांव प्रखंड के साथ-साथ जिले का नाम भी रौशन किया है। विभिन्न बधाओं को दरकिनार कर आज सफलता का परचम लहराने में सफल रहा है। शेख जहीर अब्बास के इस सफलता पर पूरा गांव में जश्न सा माहौल है। लोग उन्हें फूल मालाओं से लाद कर अभिनंदन एवं बधाई दे रहे हैं। अब्बास नयाग्राम के शेख सलीम और मलीदा बीबी के पुत्र हैं। अब्बास का एक छोटा भाई भी है। अब्बास ने बताया उनकी बड़ी बहन की कुछ वर्ष पहले मौत हो गई है। अब्बास छोटी उम्र से ही आर्थिक तंगी में बड़ा हुआ है। पढ़ाई लिखाई में भी बचपन से अब्बास मेधावी रहा है। पिता मामूली दर्जी का काम करते थे। अब्बास ने कहा वे माध्यमिक परीक्षा उत्तरीण किया। इसके बाद मेदिनीपुर कॉलेज से रसायन विज्ञान में ऑनर्स के साथ स्नातक प्रथम श्रेणी में उत्तरीण हुआ। एक



स्वयं बच्चों को ट्यूशन पढ़ाकर अपने परिवार का भरण पोषण करते थे। आठवीं कक्षा तक बिनपुर हाई स्कूल से पढ़ाई करने के पश्चात, मेदिनीपुर के गोविंद नगर मुस्लिम हाई स्कूल से 87.25% अंकों के साथ माध्यमिक उत्तरीण किया। फिर बगनान के हॉलन हाई स्कूल से 81% अंकों के साथ उच्च सवाल के जवाब में अब्बास ने कहा " मुझे शिक्षा का महत्व तब समझ में आया जब मैं अच्छे अंक प्राप्त किया तो लोगों को मेरा प्रशंसा करते देखा। अपने सफलता का श्रेय माता-पिता को देते हुए अब्बास कहता है माता-पिता के विश्वास नहीं मुझे प्रेरित किया है। तथा मेरा अगला लक्ष्य यूपीएससी में रैंक करने की है।

## अररिया पत्रकार हत्याकांड मामले में नेशनल जर्नलिस्ट एसोसिएशन के द्वारा निकल गई कैंडल मार्च, मृतक के परिजन को 20 लाख आर्थिक मदद और एक सरकारी नौकरी का किया मांग

**समाज जागरण जिला ब्यूरो प्रभात कुमार मिश्रा**

भागलपुर (बिहार)अररिया पत्रकार हत्याकांड मामले को लेकर पूरे बिहार के पत्रकारों में आक्रोश है। सरकार और जिला प्रशासन से लगातार पत्रकार सुरक्षा कानून की मांग कर रहे है। लोकतंत्र के चौथे स्तंभ पर हो रहे हमले को लेकर लगातार पत्रकारों द्वारा सवाल उठाए जा रहे हैं। अररिया में एक प्रिंट मीडिया के पत्रकार विमल यादव को गोली मारकर हत्या कर दी। नेशनल जर्नलिस्ट एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष अरुण भारती ने कहा कि खबर संगठन करने के दौरान भी पत्रकारों पर हमला होता है एरिया में एक प्रिंट मीडिया के पत्रकार विमल यादव को अपराधियों ने गोली मारकर हत्या कर दी नेता के परिजनों को 20 लख रुपए आर्थिक मदद और एक सरकारी नौकरी सरकार दे। जिसको




लेकर नेशनल जर्नलिस्ट एसोसिएशन के भागलपुर जिला अध्यक्ष अरुण भारती के नेतृत्व में कचहरी चौक से कैंडल मार्च निकाला गया, कचहरी चौक से होते हुए सेंडिस कंपाउंड गेट होते हुए तिलकामांझी चौक पर श्रद्धांजलि अर्पित किया। इस मौके पर जिले के जिले के पत्रकार श्यामानंद सिंह, विवेक कुमार, अरुण भारती, धीरज कुमार अजय कुमार अरविंद कुमार अमरजीत कुमार सिंह, निवास मोदी 'रवि आर्यन 'सुबोध कुमार संजय कुमार एवं कई पत्रकार में मजूद थे।

## नौ दिवसीय हरि कीर्तन की पूणाहुति के अवसर पर भव्य 11 फीट की शिवलिंग के जला अभिषेक हेतु 121 फीट की कांवर लेकर निकली गई यात्रा

**समाज जागरण/ अमन चौरसिया**

पीरपैंती (बिहार) प्रखंड के दुबौली में ब्रम्ह बाबा के प्रांगण में बाल संत त्यागी जी महाराज के सानिध्य में श्रावण मास के पावन बेला में नौ दिवसीय अखंड हरिकीर्तन का आयोजना हुआ था जिसके समाप्ति के उपलक्ष में 121 फीट की कावर यात्रा गाजे बाजे के साथ निकली गई, जिसका शुभारंभ स्थानीय मुखिया प्रतिनिधि घनश्याम दास, बबुआ दुबे, भुलन दुबे, रंजित दुबे,रामखेलावन मिश्रा, के सम्मिलित रूप से फीता काट कर प्रारम्भ हुआ, वहीं इस आयोजन में महत्वपूर्ण एवं आकर्षण का केंद्र ग्यारह फीट का शिव लिंग रहा ,कावर यात्रा दुबौली , कमलघोराए होते हुए खुटनाशी गंगा घाट पर जल भरी का कार्यक्रम हुआ



तत्पश्चात निर्धारित स्थान पर पहुंच ग्यारह फीट के पार्थिव शिवलिंग पर स्थानीय कर्मकांड विद्वान बाबा मुरलीधर पांडेय के द्वारा प्राण प्रतिष्ठा के पश्चात जलाभिषेक किया गया क वहीं आयोजन में दुबौली पथलखान, सलेमपुर, पकड़िया, कमघोराए, सहित सैकड़ों संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे वही इस अवसर पर रंजीत दुबे,आदित्य दुबे,मोनू दुबे, महंथ पांडेय, सहित हजारों की संख्या में लोग शामिल रहे

## बलदेव तिवारी आदर्श मध्य विद्यालय, कामतटोला में मनाया गया सुरक्षित शनिवार

### मॉकड्रील से बच्चों ने सीखे नाव दुर्घटना व पानी में डूबने से बचाव के तरीके

**समाज जागरण/अमन चौरसिया**

पीरपैंती (बिहार) प्रखंड के बलदेव तिवारी आदर्श मध्य विद्यालय कामतटोला में अगस्त महीने के चौथे बैगलेस डे सुरक्षित शनिवार को चहक के स्टेट लेवल मास्टर ट्रेनर सह फोकल शिक्षक शिवनाथ रविदास उर्फ.चहकनाथ भागलपुरी के नेतृत्व में बच्चों ने खेल-खेल में जीवंत गतिविधियों के माध्यम से नाव दुर्घटना और पानी में डूबने से बचाव के उपाय सीखे। बच्चों को बताया गया कि लदान निशान, पंजीकरण, मानक क्षमता, लाइफ जैकेट, टायर, रस्सी, लग्गी, डांड़, टिकट, प्रशिक्षित मल्लाह, केला थम्भ, प्राथमिक उपचार किट, मौसम विभाग की अनुमति आदि से विहिन पुराने जर्जर नाव पर अत्यावश्यकता होने पर भी कभी भी यात्रा नहीं करनी चाहिए। इस संदर्भ में गोस्वामी तुलसीदास जी के दोहे के हवाले से कहा गया कि नदी और नाव के संयोग से ही यात्रा सुखद होती है ।

तुलसी यह संसार में,भाँति-भाँति के



लोग सबसे हिलमिल रहिए,नदी नाव संजोग ।।


वही विद्यालय में कक्षा एक से तीन तक के विद्यार्थियों के अभिभावकों तथा शिक्षकों की संगोष्ठी भी आयोजित की गई। साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम में भी बच्चों ने हिस्सा लिया। वही आदित्य, ओमराम, बिट्टू, हेगुरु, हरिओम, बोलोबम, रिशु, मनीष, शिखा, गौरव, श्रीओम, लक्ष्मी, सुरुचि, राहुल, दिवाकर, मुस्कान, आँचल, आयुषी, सूरज आदि ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। वही इस अवसर पर प्रधानाध्यापक अम्बिका मंडल, शिक्षक उपेन्द्र मंडल, शिक्षिका बबिता देवी, प्रीति कुमारी, डौली कुमारी, अभिभावक विनोद रजक, धनेश्वर रजक, विन्देश्वरी मंडल एवं अन्य कई लोग मौजूद थे।

## पुलिस कर्मियों की मुस्तैदी ने लुटेरों को लुटे गये सभी सामानों व उपयोग में लाया गया मोटरबाइक, देसी कट्टा, जिंदा गोली, चाकू के साथ धर दबोचा

**समाज जागरण अनुमंडल संवादाता मनोज कुमार शाह**

महागामा (झारखण्ड) थाना क्षेत्र के केसरी मोहल्ला में स्थित मेसर्स वी०एन० ज्वेलरी एण्ड सनस में अज्ञात अपराधियों के द्वारा दुकान में घुस कर सोने-चाँदी के आभूषणों को लूट कर अपने साथ लेकर भाग गये, जिसकी सूचना मिलने पर त्वरित कार्रवाई करते हुए बिहार तथा सीमावर्ती क्षेत्र के थानों में वाहन चेकिंग लगाया गया। इसी दौरान मेहरमा थाना क्षेत्र के घोरीचक एवं भुस्का हटिया के बीच में पुलिस की चेकिंग को देखते हुये अपराधी भागने लगे। इसे देखकर चेकिंग में तैनात पुलिस पदाधिकारी / कर्मी उन्हे पीछा कर

02 अपराधकर्मी को पकड़ लिया गया, जिसके पास से लूटा गया सामान, 02 देसी कट्टा एवं हो हल्ला सुनकर अन्य 02 अपराधकर्मी को स्थानीय ग्रामीणों के द्वारा पीछा किया गया, जिसमें में दोनों अपराधकर्मी अपने को बचाने के लिए नहर में कूद गया, जिसमें से 01 अपराधी तैरकर भाग गया एवं 01 अन्य अपराधी को स्थानीय ग्रामीणों की मदद से उन्हें निकालकर अविलम्ब चिकित्सा संस्थान में ले जाया गया, जहाँ चिकित्सक ने उन्हें मृत घोषित कर दिया । अन्य फरार अभियुक्तों के विरूद्ध गिरफ्तारी हेतु छापामारी की जा रही है। वही 02 बाइक



बरामद किया गया है।

उल्लेखनीय है कि उक्त घटना की सूचना प्राप्त होने के मात्र डेढ़ घंटे के अन्दर ही उपरोक्त अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया गया एवं लूटे गये सोने-चाँदी के पूरे

आभूषणों को भी बरामद कर लिया गया। उक्त छापामारी दल में प्रतिनियुक्ति पुलिस

पदाधिकारी / कर्मियों को सम्मानित किया जायेगा।

गिरफ्तारी :-

1. मुकेश कुमार गोंड, उम्र - 33 वर्ष, पिता-स्व0 जीतू गोंड, साकिन-पुरानी
साहेबगंज, थाना-नगर, जिला-साहेबगंज।
2. उदय गोंड, उम्र 30 वर्ष, पिता-स्व0 जीतू गोंड, साकिन पुरानी साहेबगंज,
थाना-नगर, जिला-साहेबगंज।

बरामदगी :-

1. लूट गया सोने-चाँदी के पूरे आभूषण एवं 17.600/-रूपया
2. मोटरसाईकिल - 02
3. देशी कट्टा-02, 08 जिन्दा गोली, 01 फायर किया हुआ खोखा
4. 01 छोटा चाकू

## पंचायती राज मंत्रालय की स्वामित्व योजना ने ई-गवर्नेंस 2023 के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार जीता

पंचायती राज मंत्रालय की स्वामित्व (ग्राम आबादी का सर्वेक्षण और ग्राम क्षेत्रों में सुधारित प्रौद्योगिकी के साथ मानचित्रण) योजना ने नागरिक केंद्रित सेवाएं प्रदान करने के लिए उभरती तकनीकों के अनुप्रयोग के लिए ई-गवर्नेंस 2023 (गोल्ड) राष्ट्रीय पुरस्कार जीता। यह स्वामित्व टीम द्वारा किए गए उत्कृष्ट और अनुकरणीय कार्यों की मान्यता है। प्रौद्योगिकी बहुत तेजी से विकसित हो रही है। शासन सुधारों के साथ प्रौद्योगिकी को एकीकृत करने की पहल के परिणाम मिलने शुरू हो गए हैं और स्वामित्व कार्यक्रम के तहत प्रौद्योगिकी के उपयोग ने ग्रामीण भारत

## मानवीय संवेदना, शिक्षक बहाली में आए अभ्यर्थियों को झेलनी पर रही थी काफी परेशानियां, रात गुजारने व खाने की व्यवस्था थी कई समाजसेवियों ने

**समाज जागरण जिला संवादाता विवेक कुमार**

भागलपुर ( बिहार )मानवीय संवेदना दिखी। बिहार में बीपीएससी द्वारा 1 लाख 70 हजार 461 पदों पर शिक्षक बहाली निकाली गई। उस बाबत भागलपुर में भी कई परीक्षा केंद्र बनाए गए , भागलपुर में जितने भी परीक्षार्थी थे लगभग सभी परेशान दिखे उनके परेशानियों का कारण था उन्हें रात गुजारने के लिए जगह नहीं मिल रही थी सारे होटल बुक हो चुके थे परीक्षार्थी और उसके साथ आए परिजन रात भर सड़कों पर भटक रहे थे। उनकी परेशानियों को देखते हुए कई समाजसेवियों ने एक निर्णय लिया और उन भटकते हुए परीक्षार्थी और उनके अभिभावकों के ठहरने और खाने की व्यवस्था की सचमुच यह कार्य मानवीय संवेदना को दशार्ता है। बारिश के मौसम में भटकते पर-

हूँ। किसी ने अपने समाज परिवार के लिए होटल के रेस्तरां को खाल



ीक्षार्थी को देख समाज के कई लोग सामने आए। जिस परीक्षार्थी को कोई होटल या बसेरा नहीं मिला उसे सामाजिक सरोकार के लोगों ने सोशल मीडिया के माध्यम से सूचित किया कि मैं आपकी मदद को तैयार कर रात गुजारने की कि व्यवस्था की तो, किसी ने अपना धर्मशाला ही फ्री कर दिया।गौरतलब हो की भागलपुर में तीन दिनों में लगभग डेढ़ लाख परीक्षार्थी और उसके परिजन पहुंचे थे।

## पूर्व विधानसभा अध्यक्ष सबरार आलम की अगवाई में बिहार प्रदेश के पूर्व उपाध्यक्ष प्रवीण कुशवाहा का मनाया गया जन्मदिन

**दैनिक समाज जागरण, श्याम कुमार ठाकुर**

बिहपुर,,( बिहार), बिहपुर प्रखंड में शनिवार को युवा कांग्रेस एवं कांग्रेस कार्यकताओं ने अखिल भारती कांग्रेस कमेटी के सदस्य सह पटना साहिब के पूर्व महा गठबंधन प्रत्याशी प्रवीण सिंह कुशवाहा के जन्मदिन के मौके पर बिहपुर के स्वराज आश्रम में केक काटकर एवं वृक्षारोपण किया गया।इस कार्यक्रम की अगवाई पूर्व युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष मोहम्मद सबरार आलम ने किया। मौके पर बिहार कांग्रेस अल्पसंख्यक के प्रदेश उपाध्यक्ष मोहम्मद अरशद अली भागलपुर जिला के पंचायती राज के जिला अध्यक्ष राधा कृष्ण, बिहपुर प्रखंड अध्यक्ष इरफान आलम, पूर्व युवा कांग्रेस अध्यक्ष राहुल सिंह, पंचायत समिति प्रतिनिधि मोहम्मद जावेद, पंचायती राज के प्रखंड अध्यक्ष मोहम्मद खुर्शीद, कांग्रेस नेता रंजीत राणा, पूर्व युवा कांग्रेस के सचिव मोहम्मद फिरोज , टॉप एजुकेशन कोचिंग के संस्थापक



मोहम्मद अकरम, आईटी सेल के सचिव परवेज रसूल, मोहम्मद राजा, मोहम्मद मुस्तकीम, अन्यलोक उपस्थित थे। कार्यक्रम के वक्त प्रवीण सिंह कुशवाहा वीडियो कॉलिंग पर सभी कार्यकताओं अभिवादन किया और उन्होंने कहा कि यह एकता हमारी और भाईचारा बरकरार रहनी चाहिए। पूर्व विधानसभा अध्यक्ष मोहम्मद सबरार आलम ने कहा कि प्रवीण सिंह कुशवाहा नेता नहीं गरीबों व बेसहारों के मसीहा है युवाओं के चहेते पूरे बिहार में प्रवीण सिंह कुशवाहा को युवा वर्ग के लोग काफी पसंद करते हैं। बिहार प्रदेश अल्पसंख्यक के प्रदेश उपाध्यक्ष मोहम्मद अरशद अली ने कहा कि प्रवीण कुशवाहा एक जमीनी कांग्रेस के सिपाही है। राजीव गांधी पंचायती राज भागलपुर के जिला अध्यक्ष राधा कृष्ण ने कहा कि पूरे बिहार के के सुवे में प्रवीण सिंह सभी कांग्रेस कार्यकताओं को सम्मान देने का हर वक्त काम करते हैं जहां भी जरूरत पड़ती है वह हमेशा कार्यकताओं के साथ कंधे से कंधा मिलाकर मौजूद रहते हैं।

## अमरपुर में भगवती मंदिर में चोरी, ग्रामीणों में आक्रोश

**दैनिक समाज जागरण श्याम कुमार ठाकुर**

बिहपुरः (बिहार) बिहपुर प्रखंड में शुक्रवार की देर रात अज्ञात चोरों ने बिहपुर प्रखंड के लत्तीपुर उत्तर पंचायत के अमरपुर गांव स्थित इलाके के आस्था व श्रद्धा का केंद्र कहे जने वाले मां भगवती स्थान में चोरी की घटना को अंजाम दिया है।शनिवार की सुबह इसकी जानकारी मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मंदिर पहुंचे।ग्रामीणों ने इसकी सूचना बिहपुर थाना को भी दिया।जिसके बाद एएसआई विद्यानंद तिवारी पुलिस बलों के साथ मौके पर पहुंचे।जहां उन्हें बताया व दिखाया गया कि मंदिर की दानपेटी को चोरों तय स्थान से उठाकर उसे तोड़ा।फिर उसमें से करीब 35 हजार रूपया की चोरी करने के बाद दानपेटी को मंदिर के पिछले हिस्से में फेंक दिया।पूर्व मुखिया राजीव सनगही,ग्रामीण रंजन चौधरी, मिथिलेश कुमार,दीपक चौधरी,दल्लू चौधरी व प्रिंस गोलू आदि ने इस घटना को सबसे घृणित व जनआस्था को ठेस पहुंचाने वाला बताया।चोरी की घटना पर मंदिर पहुंचे बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने कहा कि गांव में पुलिस की गाड़ी आती है।लेकिन इस गश्ती को नियमित किया जाए।क्योंकि मंदिर व आसपास में ऐसे तत्वों

को पूरी तरह से गुप्त रखा जाएगा।समाज में शांति व अपराध नियंत्रण में पुलिस को भी जन सहयोग अपेक्षित है।वहीं इस चोरी की घटना को लेकर इस मंदिर कमेटी



जमघट लगता है।जिसे वहां से हटाने में ग्रामीण परहेज करते हैं।पुलिस ने पूर्व में यहां से ऐसे लोगों को खदेड़ा था।लेकिन वे भी यहां पर अपना जमघट लगाना शुरू कर दिया है।इधर थानाध्यक्ष राजकुमार सिंह ने ग्रामीणों से अपील किया है कि आप गांव की शांति भंग करने वाले व नशा/शराब/स्मैक का सेवन व खरीद-बिक्री करने वाले के बारे में हमें सूचना दें।आपके नाम व पहचान के अध्यक्ष सुबोध चौधरी ने मामले में अज्ञात चोरों को आरोपी बनाते हुए केस दर्ज कराने को लेकर थाना में आवेदन भी दिया है।जिस आवेदन पर बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भी हस्ताक्षर कर पुलिस प्रशासन से इस चोरी की घटना करने वाले चोरों को जल्द से जल्द गिरफ्तार करने की मांग किया है।इस घटना को लेकर ग्रामीणों में जबरदस्त रोष व गुस्सा है।

## बेंगलुरू में इसरो केंद्र से लौटने के बाद दिल्ली में एक सभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री के सन्देश का मूल पाठ

आज प्रातः मैं बेंगलुरू में था, सुबह बहुत जल्दी पहुंचा था और तय किया था कि भारत में जाकर देश को इतनी बड़ी सिद्धी दिलाने वाले वैज्ञानिकों के दर्शन करूँ और इसलिए मैं सुबह-सुबह वहां चला गया। लेकिन वहां जनता जनार्दन ने सुबह से ही सूर्योदय से भी पहले हाथ में तिरंगा लेकर चंद्रयान की सफलता का जिस प्रकार का उत्सव मनाया, वो बहुत ही प्रेरित करने वाला था और अभी कड़ी धूप में सूरज बराबर तप रहा है और इस महीने की धूप तो चमड़ी को भी चीर देती है। ऐसी कड़ी धूप में आप सबका यहां आना और चंद्रयान की सफलता को सेलिब्रेट करना और मुझे भी सेलिब्रेशन में हिस्सेदार बनने का सौभाग्य मिले, ये भी मेरा सौभाग्य है। और मैं इसके लिए आप सबका अभिनंदन करता हूं। आज जब मैं इसरो पर सुबह पहुंचा था तो चंद्रयान द्वारा जो तस्वीरें ली गई थीं, उन तस्वीरों को पहली बार रिलीज करने का भी मुझे सौभाग्य मिला। शायद अब तो आपने भी टी.वी पर वो तस्वीरें देखी होंगी। वो खूबसूरत तस्वीरें अपने आप में एक बहुत बड़ी वैज्ञानिक सफलता की एक जीती जागती तस्वीर हमारे सामने प्रस्तुत हुई। आमतौर पर एक परंपरा है दुनिया में कि इस प्रकार के सफल अभियान के साथ कुछ पॉइंट का कोई इनको इनाम दिया जाए तो बहुत सोचने के बाद मुझे लगा और जहां पर चंद्रयान-3 ने लैंड किया हुआ है उस पॉइंट को एक नाम दिया गया और नाम दिया है ह्यशिवशक्तिह्व और जब शिव की बात होती है तो शुभम होता है और शक्ति की बात होती है तो मेरे देश की नारी शक्ति की बात होती है। जब शिव की बात होती है तो हिमालय याद आता है और शक्ति की बात होती है तो कन्याकुमारी याद आता है, हिमालय से कन्याकुमारी तक की इस भावना को उस पॉइंट में प्रतिबिंबित करने के लिए इसका नाम ह्यशिवशक्तिह्व तय किया है। इसके साथ ही 2019 में चंद्रयान-2 उस समय ये नाम रखने की चर्चा मेरे सामने आई थी, लेकिन मन तैयार नहीं था, भीतर ही भीतर मन ने संकल्प कर लिया था कि पॉइंट 2 को भी नाम तब मिलेगा, जब हम सच्चे अर्थ में हमारी यात्रा में सफल होंगे। और चंद्रयान-3 में सफल हो गए तो आज चंद्रयान-2 का जो पॉइंट था, उसका भी नामकरण किया और उस पॉइंट का नाम रखा है ह्यतिरंगाह्व। हर संकटों से जूझने का सामर्थ्य तिरंगा देता है, हर सपने का साकार करने की प्रेरणा तिरंगा देता है और इसलिए चंद्रयान 2 में विफलता मिली चंद्रयान 3 में सफलता मिली तो प्रेरणा बन गई तिरंगा। और इसलिए चंद्रयान-2 के पॉइंट को अब तिरंगा के रूप में जाना जाएगा। और भी एक महत्वपूर्ण बात आज सुबह मैंने कही है, 23 अगस्त भारत की वैज्ञानिक विकास यात्रा में एक मील का पत्थर है और इसलिए हर वर्ष भारत 23 अगस्त को रूप में मनाएगा।

मैं पिछले दिनों BRICS Summit के लिए साउथ अफ्रीका में था, इस बार साउथ अफ्रीका के इफ्क्कऊर र४े३ के साथ-साथ पूरे अफ्रीका को भी वहां निमंत्रित किया गया था। और इफ्क्कऊर र४े३ में मैंने देखा शायद ही दुनिया का कोई व्यक्ति हो, जिसने चंद्रयान की बात न की हो, बधाई न दी हो और जो बधाइयां मुझे वहां मिली हैं, वो आते ही मैंने सब वैज्ञानिकों के सामने उनको सुपुर्द कर दी हैं और आप सबको भी सुपुर्द कर रहा हूं कि पूरे विश्व ने बधाइयां भेजी हैं।

हर कोई ये जानने का प्रयास करता था चंद्रयान की इस यात्रा के संबंध में, ये कालजयी उपलब्धि के संबंध में और नया भारत, नए सपने, नए संकल्प और नई सिद्धी एक के बाद एक दुनिया के अंदर एक नया प्रभाव, अपने भारत के तिरंगे का सामर्थ्य अपनी सफलताओं के आधार पर, के आधार पर आज दुनिया अनुभव भी कर रही है, स्वीकार भी कर रही है और सम्मान भी दे रही है।

मेरा ग्रीस जाना हुआ, 40 साल बीत गए भारत के किसी प्रधानमंत्री ने ग्रीस की यात्रा नहीं की थी। मेरा सौभाग्य है कि बहुत सारे काम जो छूट जाते हैं, वो मुझे ही करने होते हैं। ग्रीस में भी जिस प्रकार से भारत का मान-सम्मान, भारत का सामर्थ्य और ग्रीस को लगता है कि भारत और ग्रीस की दोस्ती, ग्रीस एक प्रकार से यूरोप का प्रवेश द्वार बनेगा और भारत और ग्रीस की दोस्ती, भारत और यूरोपीयन यूनियन के रिश्तों को मजबूती देने का एक बहुत बड़ा माध्यम बनेगा।

## हत्याकांड व चोरी मामले में, पुलिस ने तीन लोगो को धरदबौचा

**समाज जागरण जिला ब्यूरो प्रभात कुमार मिश्रा**

भागलपुर (बिहार )डीएसपी डाक्टर गौरव कुमार ने हत्याकांड के आरोपी सहित चोरी मामले में तीन लोगो गिरफ्तार किया।खुलासा कर जानकारी साझा किये। दो माह पुर्व श्यामबाग के रहनेवाले मुकेश यादव के हत्याकांड के आरोपी दिपक कुमार को गिरफ्तार कर लिया गया है और महादलित परिवर के मंटु मांझी को पीट पीट कर हत्या करनेवाले आरोपी सकलदेव कुमार



उर्फ सकला मंडल को गिरफ्तार कर न्याय हिरासत में भेज दिया गया है। और एसआई किरण सोनी, एसआई प्रमोद कुमार ने गस्ती के दौरान अलग अलग जगहों में छापेमारी करते हुए जहांगीर गंगा घाट किनारे से टाटा मैक्सी भैन से भारी मात्रा में अगुवानी पुल का कभर वायर तार बरामद किया गया।और कोलगामा बगिचा से एक ट्रैक्टर में अगुवानी पुल का भारी मात्रा में लोहे का अन्य समान बरामद करते हुए ट्रैक्टर चालक सुरज कुमार जो शाहाबाद के रहनेवाले को गिरफ्तार करते हुए न्यायालय भेज दिया गया है। इस दौरान थानाध्यक्ष प्रिय रंजन कुमार सहित इत्यादि पुलिस कर्मी मौजूद थे।

## भारत के वीर शहीद जवानों के लिए गुणवंत जोशी कांवर में जलभर कर अजगैविनाथ धाम से सोमनाथ, गुजरात पैदलयात्रा के लिए हुए रवाना

**समाज जागरण प्रखंड संवादाता विकास कुमार**

सुलतानगंज( बिहार )अजगैविनाथ धाम में एक ऐसा कांवरिया की बात करने जा रहे हैं जो धनबाद के रहनेवाले गुणवंत जोशी जो भारत के वीर शहीद जवानों के लिए गंगोत्री से पैदल चलकर अजगैविनाथ धाम पहुंचकर उत्तर वाहनी गंगा जल लेकर पैदलयात्रा करते हुए देवघर, बासुकीनाथ, धनबाद, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, तमाचड गामा, जय जागनाथधाम, सोमनाथ, द्वारका, गुजरात तक पैदल यात्रा कर रहे हैं इस दौरान धनबाद के रहनेवाले कांवरिया



गुणवंत जोशी ने बताया कि कांवर पैदलयात्रा दुसरी बार है जो भारत के वीर शहीदों के श्रद्धांजलि के लिए गंगोत्री से पैदल चलकर अजगैविनाथ धाम पहुचकर उत्तर वाहनी गंगा जल लेकर देवघर, बासुकीनाथ, धनबाद, महाराष्ट्र, जागनाथधाम, सोमनाथ, द्वारका, गुजरात तक जाएगें यह पैदलयात्रा दो माह में तय करते है की बात कहते हुए अजगैविनाथ धाम से सोमनाथ, गुजरात के लिए बोल बम, हर हर महादेव के नारों के साथ रवाना हुए'

## खाद्य निगम के कर्मचारियों को मॉक ड्रिल कर सिखाया गया आग से बचाव के तरीके

**समाज जागरण कार्यालय प्रभारी आनंद कुमार**

भागलपुर (बिहार) भारतीय खाद्य निगम भागलपुर शाखा के सभी कर्मचारियों को आज अग्नि समन सेवा विभाग की ओर से आपातकालीन स्थिति में आग



लग जाने के बाद कैसे बचाव हो कैसे इससे निजात मिले इन विषयों को लेकर मॉक ड्रिल के तहत कई बातें बताई गई, अग्निशमन विभाग के कर्मचारियों ने सबसे पहले मॉक ड्रिल किया उसके बाद भारतीय खाद्य निगम के कर्मचारियों को कई बिंदुओं पर ऐसे तरीके बताए गए जिससे की आग लगने की संभावना न हो और अगर आग लग जाए तो उसे जल्द से जल्द कैसे बुझाए जाए इसको लेकर कई बातें बताई गई वहीं अग्निशमन विभाग के गुंजन कुमार सिंह ने बताया कि हम लोगों ने आज जो मॉक ड्रिल बताई है उसे खाद्य निगम के कर्मचारियों को बहुत सीख मिली है उम्मीद है इसे अमल करेंगे और लोगों तक भी हमारी बातें पहुंचाएंगे जिससे आपातकालीन स्थिति में आग से बचाव किया जा सके।

## चंद्रयान 3 के सफलतापूर्वक पर, पूर्व विधायक प्रत्याशी श्री पप्पू यादव की ओर से सभी देशवासियों को ढेरों सारी बधाई एवं शुभकामनाएं।

**दैनिक समाज जागरण जिला ब्यूरो प्रभात कुमार मिश्रा**

भागलपुर (बिहार) भारत दुनिया का पहला देश है जो चंद्रयान 3 सफलतापूर्वक अपनी उपस्थिति दर्ज कराई है। ऐसे में इसरो के तमाम वैज्ञानिकों को एवं इस काम में लगे सभी लोगों को भागलपुर नाथनगर पूर्व विधायक प्रत्याशी श्री पप्पू यादव बधाई देते हुए कहते हैं कि सभी देशों से हमारा भारत देश मजबूत देश हो गया है।



जिले में विकास पुरुष के नाम से फेमस पूजा शांति समिति के अध्यक्ष श्री यादव अपने कार्य को लेकर क्षेत्र में अलग प्रकार और वरीय प्रशासनिक स्तर पर काफी मजबूत पकड़ है । श्री यादव आगे कहते हैं कि चंद्रयान का सफल लैंडिंग के साथ ही पूरी दुनिया भारत को सलाम करती है। भारत का नाम चुनिंदा देशों में शामिल हो गया है, इन्होंने चंद्रमा पर सॉफ्ट लैंडिंग करने में सफलता हासिल की है। भारत के इस त्यौहार पर देशवासियों को भी बहुत-बहुत बधाई ढेरों सारा प्यार और शुभकामनाएं।वही भागलपुर शांति सद्भाव भाईचारे का विशाल नाथनगर विधानसभा पूर्व प्रत्याशी एवं विकास पुरुष श्री पप्पू यादव लगभग 30 वर्षों से सद्भावना भाईचारे का मिसाल स्थापित किये है। इसके साथ ही प्रशासन में भी मजबूत पकड़ है। हम आपको बता दे कि विषहरी पूजा हो होली, दुर्गा पूजा, दीपावली, मोहर्रम अन्य त्योहार हो। सभी त्योहार सभी कोम के लोगों के साथ मिलकर सद्भाव भाईचारे के साथ जो पूरे देश मे अमन का पैगाम जाता है।मौके पर पूजा समिति के अध्यक्ष पप्पू, महामंत्री देवाशीष बनर्जी भावेश यादव आशोक राय ,दिलीप यादव,राजेन्द्र लाल ,प्रमोद सिह,शिव शंकर सिह,महबूब आलम ,जावेद ,अशोक सिह,अमरकांत मंडल,विक्रम यादव,दिलीप मालाकार ,राजू मालाबार,जियाउल रहमान,निजात अंसारी, मोहम्मद सिकंदर ,अब्दुल करीम अन्य

# स्वच्छ, सुंदर और विकसित नगर बनेगा हमारा रायसेन- स्वास्थ्य मंत्री डॉ चौधरी

## शहर में 41 लाख 50 हजार रू के निर्माण कार्यो का स्वास्थ्य मंत्री ने किया भूमिपूजन

**सीएल गौर, समाज जागरण ब्यूरो**

रायसेन। स्वास्थ्य मंत्री डॉ प्रभुराम चौधरी द्वारा रायसेन नगर के वार्ड क्रमांक-09 तथा वार्ड क्रमांक-10 में आयोजित भूमिपूजन कार्यक्रम में 41 लाख 50 हजार रू से अधिक राषि के निर्माण कार्यो का भूमिपूजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्वास्थ्य मंत्री डॉ चौधरी द्वारा कन्यापूजन और दीप प्रज्जवलन कर किया गया। इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित नागरिकों को संबोधित करते हुए कहा कि रायसेन नगर को स्वच्छ, सुंदर और विकसित नगर बनाना है। रायसेन नगर के वार्डो में कायाकल्प के तहत लाखों रूपए के विकास कार्य किए जा रहे हैं। वार्ड 11 में 56 लाख, वार्ड 14 में 25 लाख, वार्ड 13 में 19 लाख, वार्ड 15 में 25 लाख रू सहित अन्य वार्डो में भी विकास के काम किए जा रहे हैं। रायसेन नगर को एक नया स्वरूप देने की दिशा में पिछले तीन साल में अनेक कामों की शुरूआत की है। जिसमें के कई पूर्ण हो गए हैं तथा कई प्रगतिरत हैं। इनके अलावा और भी काम शुरू होने वाले हैं।




### अस्पताल में मिल रही सीटी स्कैन, डायलिसिस सहित अन्य सुविधाएं,,

स्वास्थ्य मंत्री डॉ चौधरी ने कहा कि रायसेन में स्वास्थ्य, शिक्षा, स्वच्छता हर क्षेत्र में विकास के काम किए जा रहे हैं। रायसेन जिला अस्पताल में सीटी स्कैन, डायलिसिस, आईसीयू, एसएनसीयू, डिजिटल एक्सरे, आधुनिक पैथॉलाजी लैब सहित अनेक स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध हैं। पहले किसी को सीटी स्कैन कराना होती थी तो वह विदिशा, भोपाल जाता था। अब यह सुविधा हमारे जिला अस्पताल में ही उपलब्ध है। पिछले एक महीने में लगभग ढाई हजार सीटी स्कैन हुई हैं। इसी प्रकार जिला अस्पताल में डाइलिसिस की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई हैं। पहले सिर्फ 250-300 प्रकार की दवाईयां होती थीं। आज जिला अस्पताल में 550 से अधिक प्रकार दवाईयां उपलब्ध हैं। चिकित्सकों की संख्या भी बढ़ाई गई है। गत दिनों ही जिला अस्पताल में दो नए डॉक्टर्स की नियुक्ति की गई है। एम्बुलेंस की संख्या भी बढ़ाई गई है।

स्वास्थ्य मंत्री डॉ चौधरी ने कहा कि रायसेन में 16 करोड़ 50 लाख रू से अधिक लागत से क्रिटिकल केयर यूनिट बनाया जाएगा, जिसका जल्द ही भूमिपूजन होगा। उन्होंने बताया कि 350 बेड का मॉडयूलर ओटी, इंटीग्रेटेड लैब सहित अनेक कार्य भी शीघ्र प्रारंभ कराए जाएंगे। नगर के मुख्य मार्ग का चौड़ीकरण और सौंदर्यीकरण भी कराया जा रहा है। इसके अलावा हमारे नगर में 38 करोड़ रू लागत से सीएम राईज स्कूल का भवन बनाया जा रहा है, जहां बच्चों को आधुनिक और तकनीकी शिक्षा मिलेगी। रायसेन किले के लिए 13 करोड़ 50 लाख रू का रोप-वे स्वीकृत कराया गया है। तालाबों का सौंदर्यीकरण कराया जाएगा। नवीन पार्क बनाए जाएंगे। पेयजल के लिए नवीन टंकियां बनाई जाएगी।

### सांची विधानसभा में बह रही विकास की गंगा,,

स्वास्थ्य मंत्री डॉ चौधरी ने कहा कि रायसेन नगर ही नहीं सांची विधानसभा क्षेत्र के प्रत्येक गॉव, नगर में विकास के काम किए जा रहे हैं। हमारा सांची नगर, देश की पहली सोलर सिटी बन रही है। इसके अलावा पैमत, सेवासनी, खरबई, सांचेत, नकतरा, बड़ौदा, चिलवाहा, मउ, बरूखार, नांद, परवरिया सहित अनेक ग्रामों में नए अस्पताल बनाए जा रहे हैं। परवरिया में पुल का भी निर्माण कराया जा रहा है, जिससे नागरिकों की समस्या हल होगी। उन्होंने कहा कि गॉव-गॉव में सड़कों का जाल बिछाया जा रहा है, नवीन स्कूल भवन, आंगनवाड़ी भवन, सामुदायिक भवन आदि बनाए जा रहे हैं। यहां के खिलाड़ियों को भी आगे बढ़ने के अधिक से अधिक अवसर उपलब्ध कराए जा रहे हैं और खिलाड़ी भी देश-प्रदेश में अपना और जिले का नाम रोशन कर रहे हैं।

स्वास्थ्य मंत्री ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि समाज के प्रत्येक वर्ग के विकास और कल्याण के लिए योजनाएं चलाई जा रही हैं। आयुष्मान भारत, लाड़ली बहना योजना, लाड़ली लक्ष्मी योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना, सीखो-कमाओ योजना सहित अनेकों योजनाएं चलाई जा रही हैं। जिनका लाभ प्रत्येक पात्र और जरूरतमंद व्यक्ति तक पहुंचाने का काम किया जा रहा है। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती सविता सेन ने भी संबोधित किया।

### स्वास्थ्य मंत्री ने इन निर्माण कार्यो का किया भूमिपूजन,,

स्वास्थ्य मंत्री डॉ चौधरी ने वार्ड क्रमांक-09 में वेयर हाउस से होते हुए नथ्थू सरपंच के मकान तक 15.10 लाख रू लागत से सीसी रिन्युवल कोट तथा सांची रोड से वेयर हाउस तक 8.97 लाख रू लागत के सीसी रिन्युबल कोट निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया। साथ ही वार्ड क्रमांक-10 में वेटनरी हॉस्पिटल के पास 10.35 लाख रुपए लागत से बनने वाले सार्वजनिक शौचालय तथा सागर भोपाल रोड से होते हुए सति माता मंदिर तक सात लाख 20 हजार रुपए लागत से बनने वाले सीसी रोड निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया। इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि श्री जमना सेन, वार्डो के पार्षदगण सहित अन्य जनप्रतिनिधि और अधिकारी भी उपस्थित रहे।

# गंगा के बढ़ते जल स्तर से खतरे में कानपुर के 22 गांव : सवा सौ से ज्यादा घरों में भरा पानी

## दर्जनों घर बार छोड़कर भागने को हुए मजबूर

**समाज जागरण ब्यूरो**

सुनील बाजपेई कानपुर। यहां लगातार बढ़ता गंगा का जलस्तर सैकड़ों लोगों की जिंदगी खतरे में डालता चला जा रहा है। अब तक यहां के लगभग 22 गांव बाढ़ की चपेट में आ चुके हैं। लगभग डेढ़ सौ गांवों में पानी भी घुस चुका है। इसी वजह से बहुत से लोग अपना घर छोड़कर सुरक्षित स्थानों पर जाने के लिए मजबूर हो चुके हैं। दूसरी ओर जिला प्रशासन राहत कार्यों में भी लगातार जुटा हुआ है।

चैनपुरवा, भोपालपुरवा, भगवानदीन पुरवा गांव में तो घरों में पानी पहुंच गया है। बीते को करीब 25 परिवारों ने गांव छोड़कर बैराज से सिंहपुर जाने वाले मार्ग पर तिरपाल के नीचे आशियाना बनाया है।

बीते गुरुवार को करीब 11 गांव और बाढ़ की चपेट में आ गए। गंगा का जलस्तर इतनी तेजी से बढ़ा कि गांव की बाहरी सीमा को छोड़कर अंदर के सभी मकानों में पानी घुस गया। जिसके फल स्वरुप ग्रामीण देर रात को परिवार समेत छत पर पहुंच गए। साथ ही जानवरों को बैराज से सिंहपुर को जाने वाले मार्ग के किनारे बांध दिया गया है। फिलहाल गंगा के बढ़ते जल स्तर से हालत लगातार खराब होते जा रहे हैंवहीं दूसरी ओर जिला प्रशासन भी राहत और बचाव कर में लगातार जुटा हुआ है।

# स्वयं सहायता समूह के लिए ऋण शिविर का किया आयोजन

**समाज जागरण ब्यूरो**



रायसेन। सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया एवं राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा रायसेन जिले में स्थित सेंट्रल बैंक की समस्त शाखाओं में स्वयं सहायता समूह के लिए ऋण शिविर का आयोजन शनिवार को किया गया। बेगमगंज में आयोजित मेगा ऋण शिविर में सेंट्रल बैंक आफ इंडिया के भोपाल क्षेत्र के प्रमुख बी आर रामकृष्ण नायक मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। श्री नायक ने शिविर में उपस्थित स्वयं सहायता समूह की सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा कि सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया ग्रामीण स्तर पर स्वरोजगार स्थापित करने के लिए सुगमता से ऋण उपलब्ध करा रहा है, स्वयं सहायता समूह इस सुविधा का उपयोग करते हुये स्वरोजगार स्थापित करें। उन्होंने कहा कि इस तरह के ऋण शिविर नियमित अंतराल पर लगातार आयोजित किए जाएंगे। रायसेन जिले के अग्रणी जिला प्रबंधक एच.एस.सोनी द्वारा अवगत कराया गया कि स्वयं सहायता समूह के ऋण प्रकरणों को शीघ्रता से स्वीकृत करने व उन्हें लाभान्वित करने के उद्देश्य से इस शिविर का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम में ए.पी.सिंह (मुख्य प्रबंधक, सेंट्रल बैंक आफ इंडिया, क्षेत्रीय कार्यालय भोपाल), रेखन जावरे (शाखा प्रबंधक, सेंट्रल बैंक आफ इंडिया, शाखा बेगमगंज) मुख्य रूप से उपस्थित थे। अंत में संदीप शर्मा (प्रबंधक राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन) द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित समस्त लोगों का आभार व्यक्त किया गया।

# ग्यारह दिवसीय स्नेह यात्रा का ग्राम बरखेड़ा सेतु में हुआ समापन

**समाज जागरण ब्यूरो**

रायसेन, 26 अगस्त 2023 प्रदेश सरकार द्वारा मप्र जन अभियान परिषद के समन्वय में जिले में चल रही स्नेह यात्रा के ग्यारवें दिवस औबेदुल्लागंज विकासखण्ड में भीमबैठिका से यात्रा प्रारंभ हुई। यहां स्वामी तुरियानंद महाराज जी द्वारा द्वारा मंदिर पुजारी जी को शाल एवं श्रीफल भेंट किए गए। यात्रा में स्वामी तुरियानंद महाराज जी ने उपस्थित नागरिकों को आर्शीवचन दिए एवं उपस्थित जन को रक्षासूत्र बांधकर आभार व्यक्त किया।



इसके उपरांत स्नेह यात्रा ग्राम बमनई, केसलवाडा, हर्रई, इमलियागोंडी, दाहोज पहुंची तथा यहां भी ग्रामीणों को आर्शीवचन देते हुए सामाजिक एकता, सद्भाव और समरसता का संदेश दिया गया। स्नेह यात्रा के सिहोरा में पहुंचने पर ग्रामीणों द्वारा स्वामी तुरियानंद महाराज जी सहित अन्य साधु-संतों का पुष्पमाला पहनाकर तथा पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। मुस्लिम समुदाय द्वारा भी स्वामी तुरियानंद महाराज जी का पुष्प मालाओं से भव्य स्वागत किया गया तथा स्वामी जी द्वारा रक्षासूत्र बाधकर आशीर्वाद दिया गया। स्नेह यात्रा में पंतजलि से प्रदेश प्रभारी पुष्पांजलि शर्मा जी द्वारा संत जी की महिमा का बखान किया गया तथा आभार प्रकट किया। ग्राम सिहोरा के साथ ही बरखेडा सेतू में संकीर्तन, भजन एवं आर्शीवचन उपरांत स्नेह यात्रा का समापन किया गया। इस अवसर पर मप्र जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक श्री कल्याण सिंह राजपूत सहित अन्य अधिकारी और गणमान्य नागरिक भी उपस्थित रहे।

# भोपाल मेट्रो को सीहोर और मंडीदीप तक बढ़ाया जाएगा- मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान

## भोपाल और इन्दौर में सितम्बर से आरंभ होंगे मेट्रो रेल के ट्रायल रन और अप्रैल-मई तक ट्रेन का संचालन आरंभ हो जाएगा

सीएल गौर, समाज जागरण, संभागीय ब्यूरो

भोपाल। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि मध्यप्रदेश नगरीय विकास के क्षेत्र में नई ऊचाईयाँ प्राप्त कर रहा है। इंडिया स्मार्ट सिटीज अवार्ड्स कॉन्टेस्ट-2022 में उत्कृष्ट कार्यों के आधार पर प्रदेश की पाँच स्मार्ट सिटी को विभिन्न श्रेणी में 13 अवार्ड मिले हैं। प्रदेश को बेस्ट स्टेट का अवार्ड मिला है और इन्दौर नेशनल स्मार्ट सिटी अवार्ड में प्रथम स्थान पर है। इन उपलब्धियों के लिए प्रदेशवासियों को बधाई। इसके साथ ही आज का दिन एक संकल्प और सपना साकार होने का दिन है। नगरीय विकास की दिशा में आगे बढ़ते हुए भोपाल और इन्दौर में हम मेट्रो ट्रेन के संचालन की ओर अग्रसर हो रहे हैं। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने श्यामला हिल्स स्थित स्मार्ट पार्क में मेट्रो ट्रेन के मॉडल कोच के अनावरण अवसर पर यह बात कही। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि मेट्रो ट्रेन केवल भोपाल शहर तक सीमित नहीं रहेगी। इसे भोपाल से मंडीदीप और फिर बैरागढ़ होते हुए सीहोर तक ले जाया जाएगा। मेट्रो ट्रेन का ट्रायल रन इन्दौर और भोपाल में सितम्बर माह में आरंभ हो जाएगा और अप्रैल-मई तक ट्रेन चलने लगेगी। अब भोपाल और इन्दौर मेट्रो रेल सिटी होंगे। मेट्रो ट्रेन से जनता को बहुत सुविधाएँ मिलेंगी। आवागमन का समय बचेगा और सफर भी आरामदायक होगा।

### कोरोना की कठिन परिस्थितियों के बाद भी मेट्रो रेल के लिए तेजी से कार्य किया गया

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि मध्यप्रदेश बदल रहा है और तेजी से आगे बढ़ रहा है। हमारी पिछली सरकार ने भोपाल औड्ट इन्दौर को मेट्रो सिटी बनाने का निर्णय लिया था और इस दिशा में काम भी शुरू कर दिया था, लेकिन दूसरी सरकार आने के कारण पंद्रह महीने काम बंद रहा। कोरोना की कठिन परिस्थितियों के बाद भी हमारी सरकार ने भोपाल और इन्दौर में मेट्रो रेल के लिए तेजी से कार्य किया। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने इस अवसर पर पौधरोपण भी किया। कार्यक्रम में भोपाल की महापौर श्रीमती मालती राय तथा जन-प्रतिनिधि व गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

### आमजन के अवलोकन के लिये खुला रहेगा मेट्रो ट्रेन कोच

> प्रदेश नगरीय विकास के क्षेत्र में नई ऊचाईयाँ प्राप्त कर रहा है
> मुख्यमंत्री ने मेट्रो ट्रेन के मॉडल कोच का किया अनावरण

उल्लेखनीय है कि स्मार्ट पार्क में मेट्रो ट्रेन कोच का वास्तविक मॉडल प्रदर्शित किया गया है। अनावरण के बाद मॉडल कोच को बच्चों एवं आमजन के अवलोकन के लिये खोला जायेगा। मेट्रो ट्रेन इस प्रकार के 3 कोच से मिल कर बनती है। भोपाल में 5 किलोमीटर एवं इंदौर में 6 किलोमीटर लम्बाई के मेट्रो ट्रॉयल रन की तैयारी तेजी से की जा रही है। भोपाल में मेट्रो की ऑरेंज एवं ब्लू लाइन निमार्णाधीन है, जिसकी कुल लम्बाई 31 किलोमीटर और लागत 7 हजार करोड़ रुपए है। ऑरेंज लाइन करोंद चौराहा से एम्स तक 17 किलोमीटर और ब्लू लाइन भदभदा चौराहा से रत्नागिरि चौराहा तक 14 किलोमीटर की लम्बाई की है। ऑरेंज लाइन का कार्य तेजी से चल रहा है। इंदौर मेट्रो में येलो लाइन निमार्णाधीन है। इसकी कुल लम्बाई 31 किलोमीटर एवं लागत 7500 करोड़ है।

### विश्व की अग्रणी तकनीक और आर्टिफिशियल इंटेलीजेन्स का उपयोग होगा मेट्रो ट्रेन के संचालन में

भोपाल-इंदौर मेट्रो को विश्व की अग्रणी तकनीक (ग्रेड ऑफ ऑटोमेशन-4) से संचालित करने के लिये डिजाइन किया गया है, जिसमें आर्टिफिशियल इंटेलीजेन्स का भी उपयोग किया गया है। इस तकनीक से मेट्रो की सेफ्टी सुनिश्चित करने तथा ऊर्जा संरक्षण में काफी फायदा होगा। प्रत्येक कोच में कुल 8 दरवाजे होंगे। मेट्रो ट्रेन में सीसीटीवी कैमरा प्रणाली, डिस्प्ले यूनिट, एयर कंडीशनिंग( ः) सिस्टम, अत्याधुनिक प्रणाली की लाइटिंग व्यवस्था, आपातकालीन स्थिति में यात्रियों की चालक से बात हो सके, इसके लिए पेसेंजर इमरजेंसी कम्युनिकेशन यूनिट की व्यवस्था होगी। यात्रियों की आग से सुरक्षा के लिये सबसे सुरक्षित स्तर यानी भ्स-3 लेवल से ट्रेन का डिजाइन तैयार किया गया है। ट्रेन में फायर अलार्म, स्मोक अलार्म सिस्टम एवं फायर एक्सटिंग्विशर की व्यवस्था भी होगी।

# विशाल काबड़ यात्रा का हुआ नगर आगमन,काबड कंधे पर रखे यात्रा में शामिल हुए विधायक रामपाल सिंह, किया नृत्य

**समाज जागरण ब्यूरो**

रायसेन/ सिलवानी। सावन माह के अंतिम सोमवार को भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक किए जाने को लेकर भक्तो में अपार उत्साह देखा जा रहा है। इसी कड़ी में भव्य व विशाल काबड़ यात्रा का नगर आगमन हुआ। रात्रि बिश्राम के बाद काबड़ यात्रा सुल्तानगंज के रास्ते बेगमगंज के लिए प्रस्थान करेगी। जहां कि सोमवार को बेगमगंज स्थित श्री सिद्व शिवालय धाम में नर्मदा जल से भगवान भोलेनाथ का काबडिट्टो के द्वारा जलाभिषेक किया जाएगा । बौरास स्थिम नर्मदा घाट से पूजन के बाद काबड़ यात्रा प्रारंभ हुई। यात्रा में हजारो की संख्या में काबड़ यात्री नर्मदा जल काबड़ में रखे शमिल हुए। इस यात्रा की विशेषता यह रही कि इसमें ऊंट, अश्व, डीजे, डोल आदि शामिल रहे। जो कि अपनी विघा से लोगो का मन मौह रहे थे बौरास से सिलवानी तक अनेको स्थानो पर काबड़ यात्रा का नागरिको ने स्वागत किया। भगवा परिधान में शामिल हुए काबड़ यात्री बम बम भोले, हर हर महोदव का जयकारा लगा रहे थे। बल्कि अनेक युवा डीजे पर बज रहे भक्ति गीतो पर नृत्य कर रहे थे।



विधायक श्री सिंह ने काबड़ लेकर किया नृत्य

काबड़ यात्रा में विधायक रामपाल सिंह पूरे धार्मिक मनोयोग के साथ शामिल हुए। व कंधे पर काबड़ रखे हुए धार्मिक भजनो पर नृत्य कर रहे थे। नगर आगमन पर बजरंग चौराहा पर नगर परिषद व भाजपा मंडल सिलवानी के द्वारा विधायक व काबड़ यात्रियो का फूल वर्षा कर स्वागत किया। यहां पर उप्र के विधायक विनोद शंकर अवस्थी, भाजपा मंडल अध्यक्ष विजय शुक्ला, विधायक प्रतिनिधि विभोर नायक, युवा नेता दुर्गेश राजपूत, सलीम काजी, मोनू मतांबर, श्याम साहू, रवि मांडरे, विनय जैन, प्रदीप कुशवाहा, मोहन साहू आदि मौजूद रहे।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात पर आधारित मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने दो पुस्तकों का किया विमोचन

**सीएल गौर, संभागीय ब्यूरो, समाज जागरण**

भोपाल। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने राजधानी के कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ह्यमन की बातह्न कार्यक्रम पर केंद्रित प्रथम एवं द्वितीय संस्करण का अनावरण किया। वहीं कार्यक्रम के मंच से इन पुस्तकों का लोकार्पण किया गया। इस अवसर पर केंद्रीय सूचना-प्रसारण, खेल व युवा कल्याण मंत्री अनुराग ठाकुर, बीजेपी के प्रदेशाध्यक्ष एवं सांसद वीडी शर्मा समेत अन्य गणमान्य जनप्रतिनिधि एवं नागरिक उपस्थित थे।इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने प्रदेश शिवराज सरकार की तारीफ करते हुए कहा कि मध्य प्रदेश एक ऐसा राज्य है, जिसने मेडिकल की पढ़ाई को हिन्दी में अपनी मातृभाषा में कराने का काम सबसे पहले किया । कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि इन किताबों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कौन से भाषणों को शामिल करें, यह सबसे बड़ी चुनौती थी। क्योंकि, पीएम मोदी का हर एक भाषण एक संदेश देता है। उन्होंने लोगों से अपील की कि आप सभी को यह पुस्तक अवश्य पढ़ना चाहिए। वहीं



सीएम शिवराज सिंह चौहान ने भी अपने संबोधन में इस पुस्तक को पढ़ने की अपील की है। सीएम ने कहा- प्रधानमंत्री जी की ह्लमन की बातह्व एक अद्भुत पहल है। मैं अनुरोध करूंगा कि ह्लसबका साथ, सबक विकास, सबका विश्वासह्व किताब को जरूर पढ़ें।इस कार्यक्रम को सीएम शिवराज ने कहा कि आज मैं नहीं, बल्कि जमाना कहता है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में यह भारत का दौर है। सचमुच यह हमारा सौभाग्य है कि हमें प्रधानमंत्री मोदी जैसा नेतृत्व मिला है। यह सिर्फ प्रधानमंत्री मोदी के मन की बात नहीं है बल्कि यह जन-जन की बात है। प्रधानमंत्री ह्यमन की बातह्न के माध्यम से सीधे लोगों से, उनकी चिंताओं और आकांक्षाओं से जुड़ते हैं। सीएम शिवराज ने कहा- प्रधानमंत्री मोदी कल (शुक्रवार को) ग्रीस में थे। उन्होंने वहां मध्य प्रदेश में निकली संत रविदास जी की अद्भुत यात्रा का वर्णन कर ग्रीस वालों से रविदास जी की जय-जयकार कराई। सीएम ने आगे कहा कि प्रधानमंत्री की ह्यमन की बातह्न एक अद्भुत पहल है। मैं अनुरोध करूंगा कि ह्यसबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वासह्न किताब को जरूर पढ़ें। प्रधानमंत्री मोदी ने समाज के हर वर्ग से सीधा, सरल और सहज संवाद स्थापित किया है।केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने अपने संबोधन के दौरान कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश को तुष्टिकरण और वंशवाद की राजनीति से मुक्त कर विकासवाद की राजनीति तक पहुंचाया है। इतना ही नहीं दुनिया कहती है कि पीएम नरेंद्र मोदी के व्यक्तित्व में और उनके संबोधन में परफेक्शन होता है। परफेक्शन इसलिए होता है क्योंकि उसके पीछे इमोशन, ट्रेडिशन, ट्रांसफार्मेशन, जेनरेशन और नेशन का सही कनेक्शन होता है। केंद्रीय मंत्री ठाकुर ने कहा कि चांद के साउथ पोल पर विक्रम लैंडर का उतरना ये देश की बड़ी उपलब्धि है। दुनिया में पहली बार किसी देश ने ऐसा किया है,

# तालाब में नहाने गए दो बच्चों की डूबने से मौत, गांव में पसरा मातम

**समाज जागरण/ शिवशंकर पाण्डेय ब्यूरो चीफ**

बालाघाट।(27 अगस्त ) परसवाड़ा थाना अंतर्गत ग्राम बीजाटोला में गांव के तालाब में नहाने गए दो बच्चों की डूबने से मौत हो गई। घटना के बाद पूरे गांव में मातम पसर गया। घटना की जानकारी मिलने के बाद घटनास्थल पहुंची पुलिस ने शव को तालाब से बाहर निकालकर पीएम कराकर शव परिजनों कों सौंप दिया।

घटना शनिवार सुबह लगभग 12 बजे के आस पास बताई जा रही है। ग्रामीणों ने बताया कि मयंक पिता रंजीत कोहरे उम्र 8 वर्ष और पुष्पेंद्र पिता ओंमकार दौने उम्र 7वर्ष तालाब में नहाने गए थे।दोनों बच्चे नहाने के दौरान तालाब के गहरे पानी में चले गए जहाँ दोनों मासूमो की डूबने से मौत हो गयी। घटना के बाद मृतक बच्चों के परिजनों में चीख-पुकार मच गई और पूरा माहौल गमगीन हो गया।



### अवैध उत्खनन से तालाब हुआ गहरा

ग्रामीण मनोहर बगारे के घर के पीछे ही वह तालाब है, जहां दो मासूम बच्चों की डूबने से मौत हो गई। उन्होंने बताया कि यदि तालाब की दृष्टि से इसे बनाया जाता, तो संभवतः ऐसा घटना घटित नहीं होती। लेकिन गर्मी में मुरूम और मिट्टी निकालने के लिए तालाब से जेसीबी मशीन से अवैध उत्खनन किया था। इससे यह तालाब नहीं बल्कि मौत का गड्ढा बन गया है।

लोगों की माने तो क्षेत्र में अवैध उत्खनन के कारण कई जानलेवा गड्ढे बन गए है। फिलहाल परसवाड़ा पुलिस ने शव बरामद कर पंचनामा कार्यवाही के बाद शव का पीएम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया है। बच्चों की मौत से गांव में गमगीन माहौल है।

# मुख्यमंत्री के 05 सितम्बर के कार्यक्रम को लेकर कलेक्टर ने ली अधिकारियों की बैठक

समाज जागरण/ शिवशंकर पाण्डेय ब्यूरो चीफ

बालाघाट।(27 अगस्त )मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का 05 सितम्बर को बालाघाट आगमन होना है। इसके लिए जिले में तैयारियां प्रारंभ कर दी गई है। इसी सिलसिले में कलेक्टर डॉ गिरीश कुमार मिश्रा ने अधिकारियों की बैठक लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिये। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डी एस रणदा, अपर कलेक्टर ओमप्रकाश सनोडिया एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि मुख्यमंत्री के 05 सितम्बर के कार्यक्रम में जिन कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया जाना है, उसके लिए सभी तैयारिंया कर लें। मुख्यमंत्री द्वारा बालाघाट पुलिस लाईन में आयोजित कार्यक्रम में पुलिस के जवानों को आऊट आफ टर्न प्रमोशन प्रदान किया जायेगा। इसके पश्चात रोड शो होगा और उत्कृष्ट विद्यालय के मैदान में विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों की सभा को संबोधित करेंगें।

# इंदौर में एनएसयूआई कार्यकर्ताओ पर हुई लाठीचार्ज के विरोध में सीएम का पुतला दहन

**समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय ब्यूरो चीफ**

बालाघाट।(27 अगस्त )इंदौर में गत दिवस देवी अहिल्या विश्वविद्यालय में गड़बड़ी को लेकर एनएसयूआई प्रदेश अध्यक्ष आशुतोष चौकसे और कार्यकताओं पर पुलिस ने लाठीचार्ज किया था। इसके विरोध में एनएसयूआई ने बालाघाट में सीएम का पुतला दहन किया। इस दौरान उन्होंने भाजपा सरकार और मुख्यमंत्री के खिलाफ भी जमकर नारेबाजी की।



एनएसयूआई पदाधिकारी ऋषभ सहारे ने बताया कि छात्र हित की आवाज उठा रही एनएसयूआई के कार्यकताओं को पुलिस ने दौड़ा-दौडाकर मारा। इसमें संगठन के प्रदेश अध्यक्ष आशुतोष चौकसे और कई कार्यकताओं को चोट आई है। इसमें पुलिस ने कई कार्यकताओं को हिरासत में लिया।

### पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई की मांग

छात्र हित की आवाज उठाने वाले छात्र संगठन को प्रदेश की भाजपा सरकार में दबावपूर्वक कार्रवाई की। इसका बालाघाट में एनएसयूआई विरोध दर्ज करती है और इसी विरोध के चलते, हमने सीएम शिवराज सिंह चौहान का पुतला जलाया। एनएसयूआई मांग करती है कि लाठीचार्ज करने वाले पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई की जाए।

एनएसयूआई जिला संगठन उपाध्यक्ष ने इंदौर की घटना पर आक्रोश जाहिर करते हुए कहा कि आज छात्र, हर समस्याओं से परेशान है जिन पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। लेकिन छात्रहित की आवाज बुलंद करने वाले संगठन पर दबाव में कार्रवाई की जा रही है, जो गलत है। हम सभी एनएसयूआई कार्यकर्ता इसका विरोध करते है। एनएसयूआई कार्यकताओं ने पीजी कॉलेज से रैली निकालकर आंबेडकर चौक पहुंचे और यहां विरोध दर्ज कर सीएम का पुतला दहन किया

# संकटो से मुक्ति दिलाते हैं बाबा भंवरनाथ महादेव

## आजमगढ़ जिला मुख्यालय के पास बिराजमान है बाबा भंवरनाथ

**बिकास राय ब्यूरो चीफ गाजीपुर दैनिक समाज जागरण**

देश विदेश में स्वयंभू या स्थापित शिव लिंगो में जहां काशी के बाबा विश्वनाथ. पशुपतिनाथ काठमांडू एवं देवघर में बिराजमान बाबा बैद्यनाथ धाम का विशेष महत्व माना जाता है ।उसी तरह आजमगढ़ के लोगों के लिए बाबा भंवरनाथ के दर्शन पूजन का विशेष महत्व है।

आजमगढ़ नगर के पश्चिमी छोर पर स्थित मंदिर के बारे में मान्यता है की बाबा भंवरनाथ का दर्शन पूजन करने से बाबा भंवरनाथ अपने भक्तों को संकटो से मुक्ति दिलाते हैं ।शायद यही वजह है की जब भी शिव आराधना का पर्व आता है तो शहर एवं आस पास के लोग यहां बाबा के धाम में अवश्य हाजिरी लगाते हैं ।यहां आने वाले सभी शिव भक्तों को विश्वास है की बाबा सदैव इस स्थान पर बिद्यमान रहते हैं ।लोगों की धारणा है की पूरे शहर की रक्षा खुद बाबा भंवरनाथ जी करते हैं इस लिए इन्हे आजमगढ़ शहर का कोतवाल भी माना जाता है।

महाशिवरात्रि हो या सावन का पवित्र महीना लोग यहां पहुंच कर दर्शन करना नहीं भूलते ।यहां तक की इस जनपद के शिव भक्त बाबा धाम जाने से पहले बाबा भंवरनाथ महादेव का जलाभिषेक करते हैं ।मान्यता है की आजमगढ में शहर की सीमा में स्थापित सभी शिवालयों में दर्शन पूजन के बाद यहां आये बगैर शिव की आराधना पूरी नहीं मानी जाती। लोगों का मानना है की नाम के अनुसार यहां दर्शन करने से किसी भी संकट से मुक्ति मिल जाती है और बाबा भंवरनाथ अपने भक्तों की वर्ष पर्यन्त सुरक्षा करते हैं।



यहां महाशिवरात्रि के दिन विशाल मेले का आयोजन होता है ।परम्परा के अनुसार शिव विवाह का भी भव्य आयोजन किया जाता है।

सावन के महीने में यहां श्रद्धालुओं की भारी भींड उमडती है ।घंटो दर्शन के लिए श्रद्धालुओं को लाईन में लग कर दर्शन करना पडता है ।यहां श्रद्धालु मन्नत पूरी होने के पश्चात कडाही चढा कर वर्ष पर्यन्त सुख समृद्धि की कामना करते हैं।

इस मंदिर के बारे में एक बात प्रचलित है की जब आजमगढ़ जनपद का अस्तित्व भी नहीं था ।उस समय यहां पर केवल जंगल और झाडियां हुआ करती थी ।उस समय यहां पर जनमानस का आना जाना नहीं था ।लोग इस स्थान से गुजरते तक नहीं थे ।बस चरवाहे अपनी गाय को चराने के लिए आते थे ।गाये चरने में लग जाती थी और चरवाहे छांव में विश्राम किया करते थे ।सूर्यास्त के साथ ही चरवाहे अपने पशुओं के साथ वापस हो जाते थे।

कुछ दिन के पश्चात एक दिन चरवाहे जब गायों को लेकर जंगल से घर लौटने पर दूध निकालने का प्रयास किये तो उन सभी गायों के थन से एक बूंद भी दूध नहीं निकला ।उस दिन से नित्य यही होने लगा ।दिन भर चराने के बाद घर लौटने पर एक बूंद भी दूध नहीं निकलता ।यह देखकर सभी चरवाहे परेशान हो गये की आखिर हम लोग नित्य कडी धूप में अथक मेहनत कर के चराने के लिए लेकर जाते हैं और यह गायें एक बूंद भी दूध नहीं दे रही हैं ।अगर यैसा ही चलता रहा तो हमारा और हमारे परिवार का भरण पोषण कैसे होगा।

जब चरवाहे अत्यधिक परेशान हो गये तो उन्होंने आपस में मिल कर एक योजना बनाई की अब हम लोग अपनी गायों को चराने के लिए उस क्षेत्र में लेकर जायेंगे तो विश्राम नहीं करेंगे ।हम लोग बारिकी से अपनी अपनी गाय पर नजर रक्खेगें ।ताकी हम लोग जान सके की दिन भर चराने के बाद भी हमारी गायें शाम को दूध क्यों नहीं देती हैं।

अगले दिन सभी चरवाहे अपनी अपनी गाय लेकर उसी क्षेत्र में पुनः चराने के लिए लेकर गये ।चरवाहे भी विश्राम न कर के झाडियों के पीछे छिप कर अपनी अपनी गायों की निगरानी करने लगे ।सभी गायें मस्ती में चर रहीं थी तभी सभी चरवाहों ने देखा की एक छोटा सा अबोध बालक बारी बारी से सभी गायों के पास जाकर उनका थन मुंह में लगा कर जल्दी जल्दी दूध पी रहा है।

यह सब अपनी जागती आंखों से देख कर चरवाहों के आश्चर्य का ठिकाना नहीं रहा ।वह सभी यह करामात देख कर बिल्कुल दंग रह गये ।सभी चरवाहे अपनी अपनी लाठियां लेकर उस बालक की तरफ दौडे ।नन्हा बालक चरवाहों को अपनी तरफ दौडते हुए आता देख कर भागने लगा ।बालक आगे आगे चरवाहे पिछे पिछे।अचानक बालक एक स्थान पर रूका और वह बालक अद्दश्य हो गया।

सभी चरवाहे यह घटना देख कर सकते में आ गये की बालक कहां गया ।सभी चरवाहे उस स्थान पर जहां बालक अद्दश्य हो गया था अपनी लाठियों से प्रहार करने लगे ।प्रहार करते ही उस स्थान से एक दिव्य शिवलिंग प्रगट हो गया ।जो बीच में से फटा था और उस फटे स्थान से हजारों की संख्या में भंवरे निकलने लगे ।चरवाहों को यह समझते देर नहीं लगी की हमारी ही लाठियों से यह पत्थर फटा है ।इस मंदिर के निर्माण के बारे में बताया जाता है की वर्ष 8 अक्टूबर 1951 को मंदिर निर्माण के लिए नींव रक्खी गई।13 दिसम्बर 1958 में बन कर तैयार हुआ ।वर्तमान में यहां श्रद्धालुओं के लिए सभी आवश्यक सुविधाएं मौजूद हैं ।बाबा की महिमा केवल आजमगढ़ शहर तक ही सीमित नहीं है वल्कि अडोस पडोस के जनपद तक है ।लोग श्रद्धा के साथ यहां आकर दर्शन पूजन करते हैं।

# जब तक जीना है तब तक सीखना है - फादर पी विक्टर

## विद्यालय में राखी एवं कार्ड मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन

**बिकास राय ब्यूरो चीफ दैनिक समाज जागरण**

सेंट जॉन्स स्कूल सिद्दीकपुर, जौनपुर की शनिवासरीय प्रार्थना सभा में कक्षा आठ स के विद्यार्थियों ने ओजोन परत एवं रॉकेट प्रक्षेपण से सम्बंधित परियोजना प्रस्तुत किया ।कक्षाध्यापक राहुल वाजपेयी ने इलेक्ट्रॉनिक कचरे से हानि और उसके निस्तारण के उपाय पर प्रकाश डाला ।विद्यालय के प्रधानाचार्य फादर पी विक्टर ने कहा कि किसी कार्य को करने में सफलता-असफलता लगी रहती है पर हमें अनवरत लगे रहना होगा ।जब तक जीना है तब तक सीखना है ।अनुभव सबसे बड़ा शिक्षक है ।परिश्रम का कोई विकल्प नहीं है ।परिश्रम से प्रतिभा निखरती है और प्रतिभा किसी सुविधा की मोहताज नहीं होती ।चन्द्रयान 3 अभियान से जुड़े हुए प्रभुख वैज्ञानिक सरकारी स्कूलों से पढ़े हैं और उनका बचपन असुविधाओं में बीता है पर उनके परिश्रम ने उनको विश्वस्तरीय ख्याति प्रदान किया।



आज के सहगामी क्रिया कलाप में सब जूनियर एवं जूनियर वर्ग के बच्चों ने रंग-विरंगी एवं आकर्षक राखियाँ बनाई ।सीनियर वर्ग के बच्चों ने आकर्षक एवं सुंदर कॉर्ड बनाया ।इस प्रतियोगिता का परिणाम सोमवार को जारी किया जाएगा।

# वोटर चेतना महाअभियान को लेकर कार्यशाला आयोजित

समाज जागरण अमेठी मुसाफिरखाना स्थानीय कस्बा स्थित नगर पंचायत अध्यक्ष बृजेश गुप्त के आवास पर भाजपा मंडल अध्यक्ष महेंद्र मिश्रा की अध्यक्षता में वोटर चेतना महाअभियान के तहत कार्यशाला आयोजित हुई जिसमें मंडल के प्रत्येक बूथों पर नए वोटरों का नाम बढ़ाने के लिए चर्चा की गयी।

शनिवार को नगर पंचायत अध्यक्ष बृजेश गुप्त के निजी आवास पर भाजपा कार्यकताओं की बैठक आयोजित हुई जिसकी अध्यक्षता भाजपा मंडल अध्यक्ष महेंद्र मिश्रा ने की बैठक में वोटर चेतना महाअभियान के तहत कार्यकताओं को मंडल के प्रत्येक बूथों पर नए वोटरों के नाम बढ़ाने को लेकर निर्देशित किया गया आयोजित वोटर चेतना महाअभियान कार्यशाला के दौरान चेयरमैन बृजेश गुप्त व भाजपा मंडल अध्यक्ष महेंद्र मिश्रा मंडल प्रभारी राजीव शुक्ला आदि ने नए वोटरों के नाम बढ़ाने को लेकर कार्यकताओं को निर्देशित किया इस दौरान आईटी जिला संयोजक अंशु तिवारी भाजपा मंडल उपाध्यक्ष राधेश्याम शुक्ल जयविंद सिंह राजेश सिंह रघुवंश मिश्रा श्याम लाल यादव विजय शंकर तिवारी अनिल पांडे अखिलेश पांडे जग प्रसाद अंकित शुक्ला सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे कार्यशाला का संचालन रामगोपाल कौशल ने किया।

## राजर्षि रणंजय सिंह आसलदेव पी. जी. कालेज में योगासना स्पोर्ट्स एसोसिएशन अमेठी ( उ. प्र. ) की तरफ से जिला स्तरीय योगासन प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

समाज जागरण अमेठी /अमेठी में शनिवार को राजर्षि रणंजय सिंह आसल देव,पी.जी. कॉलेज पीपरपुर अमेठी में जिला स्तरीय योगासन प्रतियोगिता का आयोजन रवीन्द्र प्रताप सिंह व सचिव राम बहादुर सिंह के निर्देशन में हुओ कार्यक्रमाध्यक्ष प्रचार्या डॉ संगीता सिंह, अतिथि ,मुख्य अतिथि सी.आर. पी.एफ.( आर. टी. सी.) अ. का. राधेश्याम अमेठी, विशिष्ट अतिथि, ब्लॉक प्रमुख भादर प्रवीण सिंह, थाना पीपरपुर एस. आई. तीर्थ राज सिंह, ,सुनील सिंह विधानसभा प्रभारी गौरीगंज, प्रधानाचार्य श्री आसलदेव इण्टर कालेज पीपरपुर डॉ लाल सिंह व कर्मराज सिंह योगासन समिति अध्यक्ष प्रतापगढ आदि उपस्थित रहें. कार्यक्रम की शुरूआत अतिथिजनों ने सरस्वती माँ एवं पूज्य बुढ़ऊ महाराज जी के छायाचित्र पर पुष्पार्चन करके किया` अतिथि जनों का स्वागत



डॉ हरि राम, सत्य प्रकाश यादव, नन्द कुमार यादव ,प्रगति शाहू, पूनम सिंह व जय कृष्ण के द्वारा किया गया` कार्यक्रम में राजर्षि रणंजय सिंह आसलदेव पी.जी. पीपरपुर अमेठी से 62 , आसलदेव इण्टर कालेज पीपरपुर से 41, श्री बद्री प्रसाद स्मारक उ. मा. विद्यालय अग्रेसर के 52 प्रतिभागी सम्मलित हुए` जूरी मेंम्बर की भूमिका में कर्मराज सिंह, प्रतीक खण्डेलवाल, संतोष यादव व नन्द लाल रहे` कार्यक्रम में नन्द कुमार यादव ने सभी आगन्तुक जनों का आभार व्यक्त किया` कार्यक्रम में राधे श्याम यादव, धर्मेन्द्र सिंह ,सचिन सिंह , जावेद आलम उपस्थित रहे`

# दुष्कर्म का वांछित आरोपी गिरफ्तार -भेजा जेल

समाज जागरण अमेठी मुसाफिरखाना अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश लगाए जाने के हेतु चलाए जा रहे घर पकड़ अभियान के तहत प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार सिंह के निर्देशन में उप निरीक्षक देवेंद्र सिंह चौहान मय हमराही पुलिस के साथ वाहन चेकिंग के दौरान दुष्कर्म के वांछित आरोपी को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही करते हुए जेल भेजा।

मुखबिर की सूचना पर प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार सिंह के निर्देशन में उप निरीक्षक देवेंद्र सिंह चौहान मय कोतवाली पुलिस के साथ क्षेत्र के जमुवारी तिराहे के पास से धारा 376 व 506 भादवि के तहत वांछित चल रहे आरोपी मोहम्मद कैफ पुत्र मोहम्मद अली निवासी ग्राम मियां का पुरवा थाना कुड़वार जनपद सुल्तानपुर को गिरफ्तार कर उसके विरुद्ध विधिक कार्यवाही करते हुए जेल भेजा।

## सोशल आडिट टीम ने मिजार्पुर में किया निरीक्षण

माधौगढ़ जालौनः- ग्राम पंचायत मिजार्पुर में सोशल ऑडिट की एक दिवसीय बैठक आयोजित की गयी जिसमें बी, आर,पी , प्रभारी,बी एस चौहान, एवं ब्लाक कोर्डिनेटर ने ग्राम पंचायत के कार्यों की समीक्षा की ग्राम पंचायत में हुए मनरेगा व शौचालय , आवास बाउंड्री वॉल इंटर लॉकिंग चकबंद अम्रत सरोवर तालाब,आदि कार्यों की समीक्षा करते हुए निरीक्षण किया एवं 2022- 2023 में हुए कार्यों की जानकारी ली गयी इस अवसर पर बैठक में बी, आर, पी, एवं टीम सदस्य राजकुमार कुशवाहा, छोटे लाल त्यागी,लाली, प्रधान मुनीम कुशवाहा तकनीकी सहायक अनिल सेंगर,, सचिव सुनील सोनकर, रोजगार सेवक विवेक कुमार, पंचायत सहायक,अनुज कुमार, मनरेगा मेट , सहयोगी हरभूषण सिंह एवं ग्राम वासी मौजूद रहे

# शिक्षा चौपाल के जरिए अभिभावकों को जागरूक कर रहा शिक्षा विभाग

समाज जागरण अमेठी /परिषदीय विद्यालय के शिक्षकों, बच्चों एवं अभिभावकों को जोड़ने हेतु खण्ड शिक्षा अधिकारी डॉ0 सन्तोष कुमार यादव की अध्यक्षता एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के निर्देशन में लगातार शिक्षा चौपाल का आयोजन चल रहा है इसी क्रम में शुक्रवार को भी संयुक्त प्राथमिक विद्यालय पूरे छाता एवं प्राथमिक विद्यालय कनकसिंहपुर में शिक्षा चौपाल का भव्य आयोजन किया गया।

शिक्षा चौपाल का शुभारंभ मां सरस्वती की पूजा के साथ हुआ,आयोजित शिक्षा चौपाल में खंड शिक्षा अधिकारी ने विद्यालयों में ऑपरेशन कायाकल्प के अंतर्गत 19 मापदंडों का प्रदर्शन किया तथा विभाग द्वारा प्राप्त लक्ष्य, सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं जैसे कन्या सुमंगला योजना, नवोदय विद्यालयों में अधिक से अधिक प्रवेश के लिए अभिभावकों और बच्चों को प्रेरित कियो

एआरपी महेन्द्र ने उपस्थित अभिभावकों को शिक्षा चौपाल के उद्देश्य एवं महत्व, डिजिटल शिक्षा,



स्मार्ट क्लास, निर्देशिका आधारित शिक्षण, निपुण लक्ष्य एप, दीक्षा एप, रीड अलोंग एप के बारे में बताते हुए उसका महत्व समझायो / इस दौरान कनकसिंह पुर में खंड शिक्षा अधिकारी डॉ. संतोष कुमार यादव, एआरपी महेन्द्र कुमार जयसवाल, राजीव कुमार गुप्ता, संजय कुमार पांडे, पवन कुमार उपाध्याय, गुणवत्ता समन्वयक अनामिका शुक्ला, ग्राम प्रधान राम केवल मौर्य, संभ्रांत नागारिक, सम्मानित अभिभावक राम अवध, वेद प्रकाश, अनिल कुमार, उमेश कुमार, एसएमसी अध्यक्ष अजय कुमार यादव, रामलाल, वंशराज उपाध्याय, कन्हैया लाल यादव, रमेश कुमार सहित 150 अभिभावकों की उपस्थिति रही . चौपाल में सक्रिय अभिभावकों एवं कुशल बच्चों को सम्मानित एवं पुरस्कृत भी किया गया तथा उपस्थित अभिभावकों को अपने बच्चों के उज्जवल भविष्य हेतु परिषदीय विद्यालयों में नामांकन हेतु प्रोत्साहित किया गयो

# आरआरएसआईएमटी मे मेधावियों का हुआ सम्मान

## स्नातक वर्ग के लिए कैरियर काउन्सलिंग और प्रतिभा सम्मान समारोह का हुआ आयोजन

समाज जागरण अमेठी /अमेठी। 26 अगस्त, दिन शनिवार को मुंशीगंज स्थित जनपद अमेठी के इंजीनियरिंग एवं प्रबंधन संस्थान राजर्षि रणञ्जय सिंह इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलाजी ( आरआरएसआईएमटी ) में स्नातक वर्ग के लिए एक कैरियर काउन्सलिंग और प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह मे जनपद के इस वर्ष स्नातक की परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले कुल 135 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया तथा कार्यक्रम मे कैरियर काउन्सलिंग मुख्य आकर्षण का केंद्र रहा। जिसमे प्रतिभागी छात्र-छात्राओं ने कैरियर सम्बन्धी विभिन्न प्रश्न पूंछे जिसका कैरियर विशेषज्ञों द्वारा जवाब दिया गया। कैरियर काउन्सलिंग कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कैरियर विशेषज्ञ तथा एमबीए विभागाध्यक्ष डॉ0 आशीष



कुमार त्रिपाठी ने कहा कि स्नातक की डिग्री पूर्ण करने के साथ ही कैरियर निर्धारण का महत्वपूर्ण वक्त आता है. डॉ0 आशीष कुमार त्रिपाठी द्वारा स्नातक के बाद उपलब्ध विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं तथा नौकरी के क्षेत्रों के विकल्पों पर विस्तार से प्रकाश डाला गया. उन्होंने कहा की छात्रों को अपने सपनों, क्षमताओं, आवश्यकताओं, तथा चुनौतियों के अनुरूप सही निर्णय लेना चाहिए. समारोह के मुख्य अतिथि आरआरपीजी के प्राचार्य प्रोफेसर पी0के0 श्रीवास्तव ने कहा की कैरियर का चुनाव करने से पहले अपने लक्ष्य को निर्धारित करना चाहिए. मुख्य अतिथि ने कहा की जीवन मे सफलता प्राप्त करने के लिए समर्पण तथा कड़ी मेहनत के साथ लक्ष्य से कभी भी विचलित नहीं होना चाहिए. कार्यक्रम मे विशिष्ट अतिथि के रूप मे शामिल श्री रानी सुषमा देवी महिला महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ0 पूनम सिंह ने कहा की सही कैरियर चुनाव सफलता का पहला कदम होता है. उन्होंने कहा की महिलाऐं आज सभी क्षेत्रों में कार्य कर रही हैं और महिला सशक्तिकरण को सशक्त कर रही हैं. सम्मान समारोह के अंत मे कार्यक्रम मे उपस्थित छात्रों के स्नातक की परीक्षा मे इस वर्ष अधिकतम अंक पाने वाले अनुराग जयसवाल 71.33% को प्रथम स्थान, फरहीन खान 70.61% को दूसरे स्थान तथा शुभांगिनी 70.55% को तीसरे स्थान के लिए शील्ड और पदक देकर सम्मानित किया गया तथा कार्यक्रम मे शामिल सभी मेधावी छात्रों को भी पदक प्रदान किए गए।

संस्थान के निदेशक शशांक श्रीवास्तव ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया. इस अवसर पर एसपी पाण्डेय, अभिलाषा तिवारी, नितेश सिंह, विनोद यादव, अभय कात्यायन, जीतेन्द्र त्रिपाठी, गिरिजा शंकर मिश्र, मीनाक्षी पाण्डेय, शालिनी पाण्डेय, एसपी मौर्या, सत्येन्द्र सिंह, सत्यप्रकाश प्रजापति, राम शंकर यादव, श्रवण, उमाशंकर पाल, सरयू, धीरज, आदि उपस्थित रहे और कार्यक्रम का सफल संचालन राजेश श्रीवास्तव ने किया.

# सिचाई विभाग के अधिकारियों ने पिरौना माइनर का किया निरीक्षण

पिरौना (जालौन) वर्षो से पिरौना माइनर की हालत जर्जर थी जिसको लेकर ग्राम के लोगो ने शिकायतें भी दर्ज कराई थी जिसको लेकर गुरुवार को सिचाई विभाग के अधिकारियों ने आकर मौके पर निरीक्षण किया और देखा कि वास्तविक कटाव अधिक हो गया है अगर कटाव को बंद नही किया गया तो कई हेक्टेयर भूमि की फसल बर्बाद हो जाएगी पिरौना गांव के पास से हमीरपुर शाखा नहर गुजराती है उसी शाखा से पिरौना माइनर निकला हुआ है जिसके किमी 2.03 माइनर पर बहुत ही बडा.कटान एवं पुलिया पानी के तेज बहाव में बह गई थी जो करीब 8-10 बर्षो से ऐसी ही पडी हुई है जिससे हजारों बीघा जमीन या तो सिंचाई से छूट जाती या अधिक जल भराव से जल मग्न हो जाती है किसानों और हरिश्चंद्र पांचाल और धीरेंद्र कुशवाहा ने बताया कि कई बार इसकी शिकायत की लेकिन प्रत्येक बार अधिकारियों द्वारा अश्वासन दिया जाता है कि प्रोक्लन तैयार करा लिया है अगले महीने कार्य हो जाएगा वही गुरुवार को सिचाई विभाग के लालाराम गुप्ता, देवेंद्र सिंह, प्रमोद कुमार और रविन्द्र कुमार शुक्ला जिलेदार ने मौके का निरीक्षण कर रिपोर्ट भेज दी हैं और साथ ही बताया कि अभी उक्त जगह पर वाहन नही पहुच सकता जब जगह सूख जाएगी तब कार्य कर दिया जाएगा।

# एसपी से न्याय की गुहार कर घर वापस लौट रही महिला बाइक से फिसल कर सड़क पर गिरी,मौत अपनी पुत्री को वापस पाने की चाहत दिल में बसाए ही चली गई शारदा

माधौगढ़, जालौन । अपनी पुत्री को बरगला कर ले जाने वाले रिस्तेदार युवक के विरुद्ध दंडात्मक कार्रवाई की मांग का प्रार्थना पत्र पुलिस अधीक्षक जालौन को देकर उरई से वापस अपने घर लौट रही महिला की मोटरसाइकिल से फिसल कर गिरने से मृत्यु हो गई ।

रामपुरा थाना अंतर्गत ग्राम जगम्मनपुर निवासी शारदा पत्नी कालीदीन बाल्मिक कि आज मोटरसाइकिल की पिछली सीट से फिसल कर सड़क पर गिरने से मौत हो गई । बताया जाता है कि शारदा बाल्मीक पत्नी कालीदीन बहुत स्वाभिमानी व मेहनतकश गरीब महिला थी ।वह अपने परिवार के भरण पोषण के लिये जगम्मनपुर में मजदूरी पर ग्रामीणों के पशुओं को जंगल में चराने ले जाती थी । दिनांक 18



अगस्त 2023 को दोपहर जब वह रोज की भांति पशु चराने जंगल गई थी इसी समय शारदा की पुत्रवधू का भाई अनिल पुत्र सोनेलाल वाल्मीकि निवासी मछंड थाना रौन जिला भिंड (मध्य प्रदेश) अपनी बहन के घर जगम्मनपुर आया और शारदा की पुत्री को बरगलाकर धोखे से मोटरसाइकिल पर बैठ कर ले उड़ा जिसकी गुमशुदगी थाना रामपुरा में दर्ज कराई गई लेकिन कोई परिणाम नहीं निकला। अपनी पुत्री के चले जाने की बाद से शारदा अपने को अपमानित होता समझ दुःखी पागलों की तरह मदद के लिए दरबदर भटकती रही किंतु कोई हल नहीं निकला, न्याय की अंतिम उम्मीद के साथ आज 26 अगस्त को एक प्रार्थना पत्र के साथ पुलिस अधीक्षक जालौन के उरई कार्यालय पहुंची व रोते हुए गिडगिडा कर 'पुत्री के साथ कोई अनहोनी घटना घटित ना हो जाए' अतः रिपोर्ट लिखकर अनिल के विरुद्ध दंडात्मक कार्रवाई की मांग की । पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र दे सहायता की मांग कर अपने पुत्र के साथ मोटरसाइकिल द्वारा अपने घर जगम्मनपुर वापस आ रही थी इस समय रास्ते में जालौन के सहाव मोड के समीप मोटरसाइकिल की पिछली सीट से फिसलकर सड़क पर गिर गई जिससे उसके सिर में चोट आ गई और वह गंभीर रूप से घायल हो गई , अचेतन स्थिति में उसे उपचार हेतु उरई ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत्यु घोषित कर दिया। बेचारी दुःखी शारदा अपनी पुत्री को वापस पाने की चाह लिए हुए ही परलोक सिधार गई ।

# माधौगढ़ थाना समाधान दिवस में आयी कुल 3 शिकायतें,मौके पर 2 का हुआ निस्तारण

माधौगढ़(जालौन):- जनपद के थाना कोतवाली माधौगढ़ में आज थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया,कार्यक्रम में क्षेत्राधिकारी माधौगढ़ उमेश पांडे ने शिकायतकताओं के प्रार्थना पत्रों को बारी-बारी से प्राप्त कर शिकायतओ को सुना,थाना दिवस में कुल 3 शिकायतें प्राप्त हुई जिसमें से 2 का मौके पर ही निस्तारण किया गया, थाना दिवस कार्यक्रम में विकासखंड माधौगढ़ के समस्त ग्राम पंचायत प्रधान को निर्देशित किया गया कि जहाँ जहाँ संविधान निमार्ता भीमराव अंबेडकर और गांधी जी की प्रतिमा जिन गांवों में लगी हुई है वो सभी ग्राम प्रधान अपने ग्राम पंचायत में सीसीटीवी कैमरे लगवाए जिससे कोई भी व्यक्ति महापुरुषों की प्रतिमाओं के साथ खिलवाड़ ना हो,क्योंकि अक्सर कुछ व्यक्ति अराजकता फैलाकर प्रतिमाओं को छेड़छाड़ कर उंगली या कोई भी गलत तरीके से प्रतिमा को तोड़फोड़ कर देते है,सीसीटीवी कैमरे लगाना अनिवार्य है,जिससें उन अराजकतत्वों पर निगरानी रहेगी,थाना दिवस में थाना कोतवाली प्रभारी समीर कुमार सिंह ने समस्त शिकायतकताओं की



शिकायतों को सुना जिन शिकायतों का निस्तारण नहीं हो सका,उनपर संबंधित अधिकारियों को निर्देशित कर मौके पर पहुँचकर कर जल्द से जल्द निस्तारण करने का निर्देश दिया,इस अवसर पर उपनिरीक्षक ब्रह्म दत्त तिवारी, एसएसआई नन्नेलाल,एसआई कामता प्रसाद,एसआई सुशील पाराशर,चौकी प्रभारी बंगरा बलराम शर्मा समस्त एसआई एवं पुलिस बल के सात साथ समस्त राजस्व विभाग से लेखपाल, प्रधान एवं समस्त पत्रकार बंधु मौजूद रहे।

# वाहन पर जाति सूचक शब्द का इस्तेमाल करना पड़ा भारी, पुलिस ने काटा चालान

**वाहनों पर पार्टी विशेष चिन्ह भी पुलिस ने हटवाए**

एट (जालौन) वाहनों पर जातिसूचक और धर्म एवं कई पार्टियों को दशार्ने वाले शब्द लिखने वालों के खिलाफ एट पुलिस के द्वारा अभियान चलाया गया उत्तर प्रदेश मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा दिये गए आदेश को लेकर पुलिस अधीक्षक इराज राजा जालौन के निर्देशन में एट पुलिस द्वारा कोटरा तिराहा एवं कोंच तिराहा पर ताबड़तोड़ चेकिंग अभियान चलाया।

# विकासखंड माधौगढ़ में बीडीओ ने ग्राम पंचायतों के सफाईकमीर्यों साथ की बैठक

माधौगढ़(जालौन):- प्रधानमंत्री स्वच्छ भारत मिशन के तहत आज माधौगढ़ विकासखंड में खंडविकास अधिकारी रमेश चंद्र शर्मा की अध्यक्षता में ग्राम सभाओं के सफाईकमर्चारियों के साथ बैठक आहूत की गई,बैठक का आयोजन ब्लॉक माधौगढ़ परिसर आयोजित हुई,वीडियो ने समस्त सफाईकर्मियों से ग्राम सभाओं में साफ सफाई पर ध्यान देने को कहा,उन्होंने कहा गाँव मे किसी भी स्थान पर चाहे नालियां हो गौशालाएं हो गली,मुहल्ला हो समस्त स्थानों को साफ सुथरा रखे,गंदी को एकत्रित न होने दें,गंदगी से महामारी और गंभीर बीमारियां जन्म लेती है,खंड विकास अधिकारी की सफाईकर्मचारियों से यह पहली मुलाकात थी,सहायक खंड विकास अधिकारी महावीर शरण ने फूलमाला पहनकर स्वागत किया,उन्होंने समस्त सफाई कर्मचारियों से कड़े शब्द कहा कि अगर साफ सफाई को लेकर जिस ग्राम सभा से शिकायत आयी तो संबंधित सफाई कर्मचारी पर विधिक कार्यवाही अमल में लायी जाएगी,बैठक कार्यक्रम में वीडियो माधौगढ़ रमेश चंद्र शर्मा के साथ एडीओ महावीर शरण गुप्ता, सफाई कर्मी अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद जिला महामंत्री आशीष कुमार ,मनोज कुमार चौरासिया, नगर अध्यक्ष बलवीर सिंह एवं समस्त सफाई कर्मचारी उपस्थित रहे,



# विष्णुगढ़ प्रखंड के ग्राम चेड़रा में स्थानीय जनप्रतिनिधियों के द्वारा शनिवार को ट्रांसफार्मर का किया गया उद्घाटन।

**दैनिक समाज जागरण , घनश्याम पाठक, ब्यूरो चीफ**

हजारीबाग (झारखंड) 26अगस्त 2023 :- बिष्णुगढ़ प्रखंड के ग्राम चेडरा में जनप्रतिनिधियों के द्वारा किया गया ट्रांसफार्मर का उद्घाटन इस मौके पर जनप्रतिनिधियों ने बताया कि ट्रांसफार्मर जलने के कारण यहां के लोग काफी परेशान थे और वह अपने परेशानी से लोकप्रिय विधायक जयप्रकाश भाई पटेल को अवगत कराया था। विधायक के प्रयास से ट्रांसफार्मर तीन दिनों के भीतर लगाया गया जिससे लोगों में हर्ष है। विधायक इस समय प्रवास में हैं । इस कारण जनता के हितों को देखते हुए ट्रांसफार्मर का उद्घाटन स्थानीय प्रतिनिधियों के द्वारा तत्क्षण कर दिया गया। उद्घाटन के मौके पर चेड़रा पंचायत के मुखिया निर्मल कुमार, पंचायत समिति सदस्य मुन्नी देवी, विधायक प्रतिनिधि गुरु प्रसाद साव, भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष हीरामन महतो ने संयुक्त रूप से पिता काटकर तथा नारियल फोड़कर ट्रांसफार्मर का



उद्घाटन किया। मौके पर ग्रामीणों के बीच लड्डू का वितरण किया गया।

# जमीन के हेरा फेरी में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन दें इस्तीफा, आदिवासी सेंगल संगठन

**दैनिक समाज जागरण, साजिद , ब्यूरो चीफ**

बोकारो (झारखंड) आदिवासी सेंगल संगठन ने दिनांक 26 अगस्त 2023 को पत्रकारों से कहा लूट, झूठ,भ्रष्टाचार और विज्ञापन पर सवार हेमंत सरकार को अब गद्दी छोड़ देना चाहिए। क्योंकि पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने सोरेन परिवार के खिलाफ जो जमीन खरीद- बिक्री की डीड के मामले को मीडिया के समक्ष सार्वजनिक किया है। वह बिल्कुल एक अपराधिक मामले की पुष्टि करता है। गंभीर फ्रॉड का मामला बनता है। जिसमें सोरेन परिवार ने अपना नाम, पिता का नाम और स्थान आदि का नाम बदलकर करीब 100 डिड बनाए हैं। ऐसी स्थिति में एक भ्रष्ट और फ्रॉड करने वाली परिवार द्वारा संचालित सरकार यदि जनता और जनतंत्र पर जबरन काबिज रहती है तो यह बिल्कुल दुर्भाग्यपूर्ण और राष्ट्रहित के खिलाफ होगा। आदिवासी सेंगेल अभियान इसका विरोध करती है और मांग करती है की हेमंत सोरेन गद्दी छोड़ें। पहले इस मामले पर जांच हो, अभिलंब कार्रवाई हो अन्यथा आदिवासी सेंगेल अभियान जनहित में एक जनहित याचिका दायर करने के लिए बाध्य हो सकती है।

जेएमएम घूसकांड की तरह यह मामला संविधान, कानून और जनतंत्र की मयार्दाओं का हनन करता है।



जनता का विश्वास चुनी हुई सरकारों पर खत्म करता है। कार्यपालिका को निष्पक्ष और निडर होकर काम करने के रास्ते को हतोत्साहित करता है। किसी भी व्यक्ति पर प्रथम दृष्टया कोई गंभीर आपराधिक मामला उस व्यक्ति को शीर्ष पद पर बने रहने का नैतिक अधिकार नहीं दे सकता है। इस गंभीर मामले को न्यायपालिका, कार्यपालिका, मीडिया और खुद जनता को भी संज्ञान में लेना जरूरी है।

यह झारखंड के आदिवासियों का दुर्भाग्य है कि सोरेन परिवार ने पहले झारखंड को कांग्रेस के हाथों ₹ 3.50 करोड़ रुपयों में बेचा। अब 5 जनवरी 2023 को मरांग बुरु (पारसनाथ पहाड़) अर्थात आदिवासियों के ईश्वर को जैनों के हाथों बेचा। खुद सीएनटी और एसपीटी कानून का उल्लंघन कर महान वीर शहीदों के सपनों को तोड़ने का भी काम कर रहा है। राष्ट्रीय मान्यताप्राप्त संताली भाषा को अपमानित करता है। वायदों के साथ वादाखिलाफी करता है। आदिवासियों के नाम पर सोरेन परिवार केवल स्वार्थ की राजनीति करता है।

बैठक में निम्न में सेंगेल के केन्द्रीय संयोजक सुमित्रा मुर्मू, प्रदेश संयोजक सुगदा किस्कू, बोकारो जोनल संयोजक जयराम सोरेन, बोकारो जिला अध्यक्ष सुखदेव मुर्मू, बोकारो जिला संयोजक भीम मुर्मू, सेंगेल छात्र मोर्चा बोकारो जिला अध्यक्ष कोमल किस्कू,सेंगेल युवा मोर्चा चास प्रखंड अध्यक्ष कालीचरण किस्कू,बुटान बेसरा, लालचंद सोरेन आदि शामिल हुए।

# रजिस्ट्री ऑफिस के समीप दस्तावेज नवीस संघ का धरना छठा दिन भी जारी, आक्रोश

**दैनिक समाज जागरण , साजिद , ब्यूरो चीफ**

बोकारो (झारखंड) चास निबंधन कार्यालय में कार्यरत अवर निबंधक पदाधिकारी के खिलाफे शनिवार को छठा दिन भी दस्तावेज नवीस संघ चास बोकारो के सदस्यों की हड़ताल जारी रही। इस कारण रजिस्ट्री कार्य पूरी तरह से बाधित रहा। छह दिन में निबंधन विभाग को एक करोड़ से भी अधिक राजस्व का नुकसान होने की बात कही जा रही है। दूसरी ओर संघ के सदस्यों ने अपने कार्यालय परिसर में रजिस्ट्रार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए उनका स्थानांतरण करने की मांग राज्य सरकार से की। इसके साथ ही सदस्यों ने कार्यालय परिसर में बैठक कर आगे की रणनीति बनायी। इस मामले में संघ की प्रदेश कमेटी से आंदोलन में समर्थन करने की अपील की गयी। संघ के अध्यक्ष सीताराम शर्मा ने कहा कि फिलहाल रजिस्ट्रार से वार्ता नहीं हुई है ।विभाग के वरीय पदाधिकारियों के हस्तक्षेप



के बाद ही हड़ताल वापस लेने पर विचार किया जा सकता है। सीता राम शर्मा ने कहा कि रजिस्ट्रार की मनमानी के कारण हड़ताल पर जाना पड़ा है। हड़ताल जारी रहेगी। जब तक निबंधन पदाधिकारी बदली ना हो जाए ।विभाग के वरीय पदाधिकारी के वार्ता के बाद ही हड़ताल वापस लेने पर विचार किया जा सकता है। मौके पर नवीस संघ के सचिव पंकज कुमार पांडेय, मनपूरन महतो, दिलीप राय, प्रवक्ता जय कुमार भगतिया, ब्रह्मानंद दे, काली दास दुबे, विजय शंकर झा, छोटेलाल महतो, ओपनचंद्र महतो, कामता प्रसाद राय, बलदेव शर्मा, भक्ति पद माझी सहित संघ के अन्य पदाधिकारी व सदस्य मौजूद थे।

# विशाखापट्टनम में मिसाइल प्रौद्योगिकी में आत्मनिर्भरता पर सम्मेलन-सह-संगोष्ठी का आयोजन

आईएनएस कलिंगा द्वारा 23 अगस्त 2023 को विशाखापट्टनम के नौसेना बेस के समुद्रिका ऑडिटोरियम में ह्यमिसाइल मरम्मत एवं स्वदेशी प्रौद्योगिकी में आत्मनिर्भरता (अमृत-2023)ह्व विषय पर मिसाइल प्रौद्योगिकी सम्मेलन-सह-संगोष्ठी का आयोजन किया गया था। इस कार्यक्रम का उद्घाटन वाइस एडमिरल समीर सक्सेना, एवीएसएम, एनएम, चीफ ऑफ स्टाफ, पूर्वी नौसेना कमान द्वारा किया गया। उद्घाटन सत्र के दौरान डॉ. वाई श्रीनिवास राव, डीएस, डीजी एनएस एंड एम और श्री जीए श्रीनिवास मूर्ति, डीएस, निदेशक डीआरडीएल ने मुख्य भाषण दिया। इस कार्यक्रम में पेपर प्रस्तुत किए गए और विभिन्न संगठनों के कर्मियों द्वारा




तकनीकी वार्ता आयोजित की गई, जिससे विचारों का आदान-प्रदान हुआ। पुणे के मिलिट्री इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी और राष्ट्रीय अनुसंधान एवं विकास निगम (एनआरडीसी) के अकादमिक सझेदार भी सक्रिय रूप से चर्चा में शामिल हुए तथा अपने काम के लिए महत्वपूर्ण जानकारियां हासिल की। संगोष्ठी को डीआरडीओ, पीएसयू, डीपीएसयू, भारतीय निजी रक्षा उद्योगों, एमएसएमई व स्टार्ट-अप, राज्य सरकार और सोसाइटी ऑफ इंडियन डिफेंस मैन्युफैक्चरर्स (एसआईडीएम) के प्रतिनिधियों से जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली। इस कार्यक्रम के दौरान प्रदर्शनी स्टॉल भी लगाए गए, जिसमें डीआरडीओ प्रयोगशालाओं, डीपीएसयू और निजी रक्षा फर्मों ने मिसाइल मरम्मत और स्वदेशीकरण में अपनी विशेषज्ञता और क्षमताओं का प्रदर्शन किया।

संगोष्ठी ने भारत सरकार की पहल- ह्यआत्मनिर्भर भारतह्व मिशन के अनुरूप सभी हितधारकों जैसे भारतीय सार्वजनिक और निजी उद्योगों, डीआरडीओ प्रयोगशालाओं, शिक्षाविदों और भारतीय नौसेना के लिए एक सहयोगपूर्ण माहौल प्रदान किया और बढ़ावा दिया। विदेशी ओईएम पर निर्भरता को कम करने एवं हमारे रक्षा उद्योग की मुख्य दक्षताओं को सुदृढ़ करने और अंततः राष्ट्र का आत्मनिर्भरता की दिशा में नेतृत्व करने के लिए विशेष रूप से भारतीय नौसेना और सामान्य रूप से सशस्त्र बलों को लाभान्वित करने की परिकल्पना की गई है।

मुख्य अतिथि ने सभी प्रतिभागी एजेंसियों को ह्यआत्मनिर्भरता भारतह्व की यात्रा में भागीदारी और अमृत-23 को सफल बनाने के लिए बधाई दी। आईएनएस कलिंग के कमांडिंग ऑफिसर सीएमडीई सीएस नायर ने धन्यवाद ज्ञापन किया। प्रदर्शनी स्टॉलों का दौरा नौसेना कर्मियों, विषय विशेषज्ञों, स्थानीय फर्मों, तकनीकी संस्थानों और इंजीनियरिंग कॉलेजों ने भी किया।

# डाक बम सेवा समिति ने पूर्व के भांति भव्य कार्यक्रम के साथ डाक बम को रवाना किया।

**दैनिक समाज जागरण , साजिद , ब्यूरो चीफ**

बोकारो (झारखंड) डाक बम सेवा समिति, बोकारो शनिवार को पुर्व निर्धारित कार्यक्रम अनुसार डाक बम सेवा समिति, बोकारो के द्वारा 450 डाक एवं 160 सेवा सदस्यों के साथ भव्य शोभायात्रा संकट मोचन हनुमान मंदिर, जोधाडीह मोड़ से निकालकर राम मंदिर में शोभायात्रा का समापन करते हुए सभी भक्तों को सुल्तानगंज से जल उठाने के के लिए हर्षोल्लास के साथ रवाना किया गया । इस मौके पर भव्य झांकी का आयोजन किया गया तथा भजन संगीत भी हुआ। इस मौके पर प्रशासन के द्वारा पुख्ता इंतजाम किया गया ।इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में बोकारो फाउंडेशन ट्रस्ट की अध्यक्षा नीना नारायण, बैंक ऑफ इंडिया के जोनल मैनेजर अश्वनी कुमार मित्तल, आई. ए.एम. बोकारो के अध्यक्ष डॉक्टर संजय सिंह, समाजसेवी बांके बिहारी सिंह जी, अध्यक्षा रोटरी क्लब मिडटाउन कपल्स श्रीमती अमिशा अग्रवाल, समाजसेवी मोहन जैन, समाजसेवी भागीरथ शर्मा, प्रसिद्ध चिकित्सक अमरीश सोनी, अपोलो क्लिनिक के नितेश अग्रवाल, सीए अनूप अग्रवाल, समाजसेवी मुन्ना




बरनवाल, समाजसेवी वीरेंद्र चौधरी, व्यवसायी एवं समाजसेवी ओम अग्रवाल, राजकुमार सिंह, बैंक ऑफ इंडिया के जोनल ऑफिसर रितेश कुमार, सचिव मुकेश राय, वरिष्ठ सद्स्य उत्तम दे, मनोज सिंह, अरविंद राय ,कर्ण सिंह जयप्रकाश तापड़िया, संजीव सिंह, मनोज पटवारी शिबू जायसवाल, धर्मवीर कुमार, ज्योति प्रकाश, मनोज मनकशिया,नितेश अग्रवाल, अभिषेक अग्रवाल, रंजन गुप्ता अरविंद कुमार सिंह, विकास कुमार, मुकेश कुमार, सुरेंद्र कुमार, संदीप कुमार,अलख शर्मा, माथुर मंडल, कुणाल सिंह झुनझुन सिंह संतोष ठाकुर विक्रम जयसवाल, टिंकू वर्णवाल ,प्रदीप दे, ,सिद्धेश्वर सेठ, सुधीर कुमार गुप्ता, धर्मेंद्र कुमार, अनिल कुमार, शैलेश कुमार सिंह, राजू मोदक, सुनील कुमार, दलजीत सिंह, अनूप भलोटिया, सोनू मिश्रा अमित अग्रवाल अमिताभ मिस्त्रा अशोक तिवारी उमेश गिरी पवन मित्तल, विक्की राय, अजीत कुमार, संदीप कुमार, रोहित कुमार, अमित कुमार, पप्पू सिंह, मनोज कुमार,संतोष तिवारी, पंकज कुमार गुप्ता, विकास कुमार लोहानी, रमन शर्मा, विकास महथा, अमित कुमार ,विजय कुमार, अरविंद कुमार राय, रंजन गुप्ता,संजय सिंहौ अंकुर ठाकुर, मोनू सिंह, रोहित गुप्ता छोटू यादव विजय कुमार बाउरी शानू मंडल अविनाश कुमार चौधरी शंभू दे दिलीप दे आकाश कुमार अंतिम कुमार उपस्थित हुए।

# प्रधानमंत्री के मन की बात से बोकारो के कारीगरों का जुड़ना गर्व का विषय : अमित

**दैनिक समाज जागरण, साजिद , ब्यूरो चीफ**

बोकारो (झारखंड) भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य कुमार अमित ने 27 अगस्त, रविवार को होने वाले प्रधानमंत्री के मन की बात के 104 वाँ संस्करण के लाईव प्रसारण से जुड़ने के लिए बोकारो के कारीगरों के चयन होने को गर्व का विषय बताया है। श्री अमित ने बताया कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के लोकप्रिय कार्यक्रम मन की बात के 104 वाँ संस्करण के लाइव प्रसारण से बड़ी संख्या में बोकारो के महिला कारीगर सेक्टर 9अ स्थित सेल के सी.एस.आर. प्रशिक्षण केन्द्र से लाइव जुड़ेंगीं। ये बोकारो के लिए गर्व का विषय है। प्रधानमंत्री कार्यालय द्वारा इस बार के कार्यक्रम के लिए सेल के सी.एस.आर द्वारा संचालित सेक्टर 9 ए प्रशिक्षण केन्द्र का चयन किया गया है। ये महिला कारीगर सेल के सी.एस.आर के द्वारा बोकारो के



सेक्टर-2 और सेक्टर-9 के केन्द्रों में प्रशिक्षित की गईं है। इन्हें प्रशिक्षण के उपरांत रोजगार का अवसर भी सेल से जुड़े समाजिक संस्थाओं के द्वारा हीं उपलब्ध कराया जाता है। ये सभी बोकारो स्टील प्लांट के विस्थापित क्षेत्र की ग्रामिण महिलाएँ हैं और बांस, जलकुम्भी और फटे पुराने कपड़ों से अनेक प्रकार के दैनिक उपयोग की वस्तुएँ बनाती हैं जिनकी भारी माँग देश के अलावे विदेशों में भी है। यहाँ ये यूरोप के अनेक देशों में इन वस्तुओं को निर्यात किया जाता है।

ज्ञात हो कि इस माह के इस कार्यक्रम हेतु पुरे देश से कुल 14 लोकेशन का चयन प्रधानमंत्री कार्यालय द्वारा किया गया है जिसमें एक बोकारो भी है और बोकारो कार्यक्रम का समन्वयक श्री कुमार अमित को बनाया गया है।

# बगोदर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में बंध्याकरण ऑपरेशन के बाद महिला की मौत

**दैनिक समाज जागरण , घनश्याम पाठक,ब्यूरो चीफ**

गिरिडीह (झारखंड )26 अगस्त 2023 :- बगोदर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में बंध्याकरण ऑपरेशन के बाद महिला की मौत हो गई , इसको लेकर परिजनों ने चिकित्सा कर्मियों पर इलाज में लापरवाही का आरोप लगाया और जमकर हंगामा किया ।बताया जाता है कि इधर घटना के बाद राजनीतिक एवं सामाजिक कार्यकर्ता बगोदर सीएससी पहुंचकर धरना प्रदर्शन करने लगे , मौके पर पहुंचे विधायक विनोद कुमार सिंह ने कहा कि मामले की जांच के लिए जांच कमेटी का गठन किया गया है मृतिका प्रियंका देवी बगोदर अंतर्गत हरिजन टोला की रहने वाली थी वह चार बच्चे की मां थी महिला की मौत के विरोध में शनिवार को सुबह में राजनीति एवं सामाजिक कार्यकताओं के द्वारा अस्पताल के दरवाजे पर बैठकर विरोध प्रदर्शन किया जा रहा था , साथ ही मामले की जांच व दोषियों पर कार्रवाई किए जाने की मांग की गई । मृतिका के पति अजय दास ने बताया कि शुक्रवार को शाम 6:00 बजे उसकी पत्नी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर धीरज कुमार के द्वारा ऑपरेशन किया गया ऑपरेशन के 5 घंटे के अंदर रात्रि 11:00 बजे प्रियंका की मौत हो गई , बताया जाता है कि इसके पूर्व उसकी



तबीयत बिगड़ने पर स्वास्थ्य कर्मियों से इलाज का अनुरोध किया स्वास्थ्य कर्मियों के द्वारा आश्वासन दिया गया की डॉक्टर आ रहे हैं ,मगर कोई डॉक्टर नहीं समय पर पहुंचे जिससे उसकी मौत हो गई , इधर पुलिस ने शव को जप्त कर पोस्टमार्टम के लिए गिरिडीह भेज दिया है मौके पर वीडियो चंदन कुमार सिंह भी पहुंच चुके थे इस घटना की सूचना मिलने पर बगोदर विधायक विनोद कुमार सिंह बगोदर सीएचसी पहुंचे और घटना की जानकारी ली उन्होंने इस घटना को दुखद बताया और कहा कि परिजनों का आरोप है कि इलाज में डॉक्टरों ने लापरवाही भर्ती है इसके कारण महिला की मौत हुई है , इस मामले में जांच कमेटी का गठन किया गया है कमेटी में बगोदर सरिया एसडीएम कुंदन कुमार भी हैं । उन्होंने बताया कि जांच के बाद दोषियों पर कार्रवाई की जाएगी और पर पीड़ित परिजनों को हर संभव सरकारी लाभ दिलाने का कोशिश होगी , इधर महिला का ऑपरेशन करने वाले प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ धीरज कुमार ने कहा है कि ऑपरेशन के पूर्व महिला का सभी तरह का जांच किया गया जांच में सभी रिपोर्ट सामान्य थे उन्होंने कहा कि संभवत हार्ट अटैक से महिला की मौत हुई होगी डॉक्टर ने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में ही मौत का कारण स्पष्ट होगा

# चिकित्सा शिविर लगाकर चार सौ रोगियों का किया गया निःशुल्क इलाज।

**दैनिक समाज जागरण,आशुतोष कुमार तिवारी ब्यूरो चीफ**

चतरा (झारखंड) 26 अगस्त 2023:-जिले के इटखोरी प्रखंड के पीतीज पंचायत भवन में मिनाक्षी नेत्रालय राँची के डॉक्टर अभिषेक कुमार सिंह के द्वारा शनिवार को निःशुल्क चिकित्सा शिविर लगाया गया ।डॉ अभिषेक कुमार सिंह को शिविर में आते ही उपस्थित लोगों ने माला पहनाकर भव्य स्वागत किया ।इस शिविर में क्षेत्र के लगभग चार सौ आँख के रोगियों को निःशुल्क इलाज एवम निःशुल्क दवाइयां दी गई ।डॉ. अभिषेक कुमार सिंह ने कहा कि कुछ मरीज ऐसे भी हैं जिन्हें चश्मे की जरूरत है वैसे मरीजों का लिस्ट हमने बना लिया है और बहुत जल्द लोगों को मेरे द्वारा निःशुल्क चश्मा भी उपलब्ध करा दिया जाएगा इनलोगों को कहीं जाकर चश्मा खरीदने और पैसे खर्च करने की जरूरत नहीं है ।शिविर में डॉ अभिषेक कुमार सिंह के द्वारा मानव जीवन का ज्ञान, दर्शन एवं अध्यात्म पर भी चर्चा की गई। डॉ. अभिषेक कुमार सिंह के साथ,अमित कुमार एवं कलेश्वर प्रजापति आदि



लोगों ने आँख के मरीजों के जरूरत की सभी दवाएं एवं मशीन अपने साथ लाए थे। वही डॉ अभिषेक कुमार सिंह ने इटखोरी में ज्ञान सरोवर आवासीय विद्यालय में भी अध्यनरत बच्चों को मोटिवेशनल स्पीच दिए एवं डॉ अभिषेक कुमार सिंह ने उक्त विद्यालय के प्रधानाध्यापक श्री बीरबल पांडेय को आध्यात्मिक किताब देकर सम्मानित किया। चिकित्सा शिविर में पीतीज पंचायत के मुखिया रामदेव यादव,पंचायत समिति सदस्य रूबी देवी,प्रिया कुमारी प्रमुख इटखोरी,मुकेश कुमार गुप्ता उपमुखिया, त्रिभुवन सिंह क्षेत्रीय समाज उपाध्यक्ष झारखंड प्रदेश,प्रकाश कुमार केशरी वार्ड संख्या-2, संगीता कुमारी वार्ड संख्या -3,फूलवंती देवी वार्ड संख्या-6,मीना देवी वार्ड संख्या-8 एवं समाजसेवी अवधेश पोद्दार सहित सैकड़ों लोग शिविर में उपस्थित थे।

# भाजपा कार्यकताओं ने सघन जनसंपर्क अभियान कर एनडीए प्रत्याशी श्रीमती यशोदा देवी के पक्ष में मांगा वोट

**दैनिक समाज जागरण , साजिद , ब्यूरो चीफ**

बोकारो (झारखंड) डुमरी विधानसभा उपचुनाव में एनडीए प्रत्याशी श्रीमती यशोदा देवी के पक्ष में प्रचार प्रसार करते हुए बीजेपी एसी टी मोर्चा के प्रदेश कार्य समिति सदस्य जानकी कोडा, जिला महामंत्री अनिल मुर्मू बोकारो नगर महामंत्री विक्की लोहरा , नवादी प्रखंड अध्यक्ष



दुर्गा मरांडी ,दिलीप मरांडी ,नंदकिशोर किस्कू ,जितेंद्र नारायण मुर्मू, जोतीलाल सोरेन, दुर्गा टुडू द्वारा दिनांक 26.8.2023 को नावाडीह प्रखंड के पंचायत के आदिवासी टोला ,बड़वा इसके करते हुए शारुबेड़ा, बारीडीह, चपरी, तेलों,पुलसुडीह, इत्यादि गांव में जनसंपर्क करते हुए जनसभा एवं डोर-टू डोर प्रचार प्रसार किया गया। केंद्र सरकार के उपलब्धियां को जनता के सामने रखते हुए हेमंत सरकार को निकम्मा बताया। गाथा की डुमरी विधानसभा में चुनाव को लेकर सर गर्मी है और सभी प्रत्याशी अपने-अपने स्तर से क्षेत्र के जनता को वोट के लिए प्रेरित कर रहे हैं।

# दारु प्रखंड़ में प्रेस क्लब के अध्यक्ष बने बसंत नारायण

**दैनिक समाज जागरण , घनश्याम पाठक , ब्युरो चीफ**

हजारीबाग (झारखंड) 26 अगस्त 2023 :- प्रेस क्लब हजारीबाग के प्रखंड इकाई दारू प्रखंड का चुनाव शांति पूर्ण तरीके से संपन्न हो गया। अध्यक्ष पद के लिए दो उमीदवार वसंत नारायण और बालेश्वर प्रसाद ने नामंकन पर्चा भरे थे। मतदान के बाद बसंत नारायण को नव मत और बालेश्वर प्रसाद को चार मत मिले इस तरह बसंत नारायण



पांच मत से विजय हुए। बाकी अन्य पदों उपाध्यक्ष, सचिव, उपसचिव, कोषाध्यक्ष, एवं कार्यकारी सदस्य सभी निर्विरोध चुने गए।

**निर्वाचन पदाधिकारी पप्पु ठाकुर और दयाल राम**

चुनाव संपन्न कराने के लिए पर्यवेक्षक ग्रुप में अमूलचंद पांडे और कुणाल भारद्वाज को दायित्व सौंपा गया था।

# बगोदर पुलिस ने भारी मात्रा में अवैध गांजा को गाड़ी समेत किया जप्त

**दैनिक समाज जागरण , घनश्याम पाठक , ब्यूरो चीफ**

गिरिडीह (झारखंड )26 अगस्त 2023 :- गिरिडीह जिले के बगोदर थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर शनिवार रात भारी मात्रा में गांजा बरामद किया है ।जिसकी कीमत लगभग 20 लाख रुपया आंकी जा रही है , इसकी पुष्टि एसपी दीपक कुमार शर्मा ने की है एक सफेद रंग के डस्टर गाड़ी से तस्करी किया जा रहा था , इसी दौरान बगोदर सरिया एसडीपीओ नौशाद आलम ने बगोदर



थाना प्रभारी नीतीश कुमार के साथ मिलकर ऑपरेशन चलाया और डस्टर गाड़ी को बगोदर थाना इलाके के दोंन्दलो गांव में जप्त किया गया , हालांकि गाड़ी का चालक अंधेरे का फायदा उठाकर फरार होने में सफल रहा , इसके बाद पुलिस गांजा लोड डस्टर को जप्त कर थाना ले आई । जहां पुलिस अब पता लगाने में जुटी हुई है कि जिस गाड़ी में इतने बड़े पैमाने पर गांजा लोड था उस गाड़ी का मालिक कौन है और कहां का रहने वाला है ।लिहाजा पुलिस तस्कर और गाड़ी मालिक का पता लगाने में पुलिस जुटी हुई है पुलिस की माने तो 40 लाख रुपए मूल्य के गांजा को डूमरी से लौडकर बगोदर के रास्ते बिहार भेजा जा रहा था , लेकिन बिहार में किस जगह तक जाना था इसकी जानकारी लगाने में पुलिस जुटी हुई है , वैसे यह पहला मामला है कि पुलिस ने इतने बड़े पैमाने पर गांजा की खेत को बरामद किया है।

# तीन चोर गिरफ्तार,

**दैनिक समाज जागरण**

धनबाद ।इलेक्ट्रिक रिक्शा, टोटो की बैटरी चोरी करने वाले गिरोह के तीन अपराधियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है.चोरी हुई चार टोटो की बैटरी भी पुलिस ने बरामद की है. 24 वर्षीय शमशाद आलम और कुंदन कुमार ठाकुर के साथ 51 वर्षीय सफीक अंसारी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। वासेपुर के नया बाजार कबाड़ी पट्टी का रहने



वाला सफीक चोरी की बैटरी कुंदन और शमशाद आलम से खरीदकर उसे खपाने का काम करता था ।बाघमारा एसडीपीओ निशा मुर्मू ने शनिवार को प्रेस कांफ्रेंस के माध्यम से पूरे मामले की जानकारी पत्रकारों को दी है.

# मां काली मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा संपन्न

**दैनिक समाज जागरण शीतल दत्ता वरीय संवाददाता, धनबाद झारखंड**

तिसरा। भक्ति भाव के साथ कुइयां कोलियरी कार्यालय में मां काली के मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम शनिवार को आचार्य बबन मिश्रा की ओर से संपन्न कराया गया जजमान के रूप में संजीव चटर्जी थे। बबन मिश्रा ने लक्ष्मी शिव पार्वती बजरंगबली नवग्रह गंगा पूजा पृथ्वी पूजा कर कर अंत में मां काली का प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम कराया गया। पूजा के बाद बालक



भोजन एवं महाप्रसाद का आयोजन किया गया जिसमें आसपास के मजदूर से लेकर आम लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। परियोजना पदाधिकारी संजीव कश्यप प्रबंधक राजीव झा, बी एल घोष, अभियंता रवि राज कार्मिक अधिकारी प्रतीक कुमार आदि लोग मंदिर में माथा टेका प्रसाद ग्रहण किया लोगों ने बताया कि पहले यह मंदिर घनुडीह परियोजना कार्यालय में स्थित था परियोजना कार्यालय यहां शिफ्ट होने के बाद पूजा पाठ में काफी दिक्कत होती थी इसलिए वहां से हम लोग मंदिर को यहां शिफ्ट कराया। घनुडीह में 1975 में सीआईएसएफ की ओर से मां काली का स्थापना किया गया था क्योंकि यहां पर शांति नहीं रहती थी आपस में लड़ाई झगड़ा एवं दुर्घटना होते रहता था इसलिए सीआईएसएफ ने यहां पर इसकी स्थापना और पूजा की थी। मौके पर दिलीप सिंह अमित कुमार नगीना बेलदार योगेंद्र विश्वकर्मा केशव सिंह यादव पीके सक्सेना जोगेंदर मिस्त्री विनय बेलदार आदि लोग थे।

# शालिग्राम उपाध्याय ब्लाईंड मर्डर केश का 24 घंटों में खुलासा : पत्नी निकली हत्या की मास्टरमांइड।

**दैनिक समाज जागरण निशांत तिवारी जिला संवादादाता चतरा**

दो भाईयो के साथ मिलकर पति को उतरवाया था मौत के घाट, हत्या में प्रयुक्त चाकू बरामद।

चतरा(झारखंड)26 अगस्त 2023ः-जिले के इटखोरी मे हुए शालिग्राम उपाध्याय ब्लाइंड मर्डर केस का पुलिस ने 24 घंटे में किया खुलासा। एसडीपीओ अविनाश कुमार के नेतृत्व में गठित एसआईटी को मिली बड़ी कामयाबी। मृतक की पत्नी निकली हत्याकांड की मास्टरमाइंड। दो भाईयो के साथ मिलकर दिया था घटना को अंजाम। पुलिस ने मृतिका की पत्नी सावित्री देवी व दो साले राहुल कुमार पंडित व विशाल कुमार उर्फ केतू पंडित को किया गिरफ्तार। हत्या में प्रयुक्त चाकू, अभियुक्त राहुल कुमार का खून से सना शर्ट व पजामा समेंत विभिन्न कंपनियों का दो मोबाइल फोन जप्त।



बीमार पत्नी का इलाज नहीं कराना, शराब पीकर आए दिन बेरहमी से बीमार पत्नी के साथ मारपीट करना व व्यवसाय करने को लेकर मृतक द्वारा ससुराल से ट्रेलर की मांग करना बना मौत का कारण। नाराज पत्नी व सालों ने षड्यंत्र के तहत इटखोरी बुलाकर शालिग्राम को शराब पिलाकर उतारा था मौत के घाट। मृतक के जीजा बब्लू दास के लिखित शि-कायत पर पुलिस ने की कार्रवाई। सदर थाना क्षेत्र के ऊंटा मोड़ के रहने वाले हैं गिरफ्तार राहुल व विशाल। विगत 24 अगस्त को इटखोरी चौक के समीप स्थित मनोज पासवान के झोपड़पट्टी होटल से बरामद हुआ था सदर थाना क्षेत्र के दुधौरी गांव निवासी शालिग्राम उपाध्याय का खून से सना लाश। एसडीपीओ अविनाश कुमार ने की कार्रवाई की पुष्टि।

# एकल अभियान के बहनों ने सीआरपीएफ जवानों को बांधा रक्षासूत्र : एक दूसरे की रक्षा करने का लिया संकल्प

**दैनिक समाज जागरण निशांत तिवारी जिला संवादादाता चतरा**

चतरा(झारखंड )26अगस्त 2023ः-जिले मे स्थित सीआरपीएफ 190 बटालियन मुख्यालय कैंप में शनिवार को एकल अभियान के बहनों ने सीआरपीएफ के अधिकारियों

एवम जवानों के साथ रक्षा बंधन पर्व मनाया । इस दौरान कार्यक्रम स्थल पर उपस्थित कमांडेंट मनोज कुमार, उप कमांडेंट श्रीराम भरोसे , सहायक कमांडेंट मुकेशचंद्र,इंस्पेक्टर धीरज कुमार समेत सैकड़ों जवानों को एकल अभियान परिवार के बहनों ने पहले आरती उतारी ,तिलक लगाया फिर रक्षा सूत्र बांधकर एक दूसरे की रक्षा करने का संकल्प लिया । कार्यक्रम के अवसर पर एकल विद्यालय अभियान चतरा नगर समिति अध्यक्ष एवम पूर्व अंचल अध्यक्ष राकेश केशरी ने कहा कि यह रक्षा बंधन कोई नया धर्म नही है पौराणिक गाथाओं की माने तो



द्वापर युग में बलराम दाऊ,भगवान श्री कृष्ण की बहन सुभद्रा अपने भाइयों को रक्षा सूत्र बांधती थी। वहीं महाभारत काल में कौरॉव द्वारा पांचाली द्रोपदी के चिर हरण के समय भगवान श्री कृष्ण ने रक्षा सूत्र(राखी) बंधवाने का धर्म निभाया उन्होंने पंचाली द्रोपदी की लाज बचाई। रक्षा बंधन भाइयों द्वारा बहनों की ही रक्षा करने की प्रतिज्ञा नही है वरन भाइयों के ऊपर आए हुए संकट के समय बहने मां दुर्गा मां काली बनकर खड़ी हो होने में झिझक नहीं होगी। मौके पर एकल अभियान के संरक्षक नंदलाल केशरी , प्रकाश राणा जी, अध्यक्ष महेंद्र राम, दिलीप गुप्ता, महित भाई, भरत सिंह , मनोरमा देवी , कलावती देवी, समेत सीआरपीएफ 190 बटालियन के अधिकारी एवम सैक-ड़ों जवान उपस्थित थे।

# फुटबाल टूनार्मेंट का आयोजन जिप उपाध्यक्ष हुए शामिल।

**दैनिक समाज जागरण निशांत तिवारी जिला संवाददाता चतरा**

चतरा(झारखंड)26 अगस्त 2024ः-जिले के इटखोरी प्रखंड के नवादा



गांव के फूटबाल मैदान में स्टूडेंट क्लब के तत्वावधान में फूटबाल टूनार्मेंट का आयोजन किया गया। फुटबाल टूनार्मेंट के उद्घाटन समारोह में जिला परिषद के उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी, जिला परिषद सदस्य सरिता देवी तथा नवादा पंचायत के मुखिया विकास कुमार सिंह विशेष रूप से शामिल हुए। टूनार्मेंट में आठ टीम ने भाग लिया है। उद्घाटन मैच बघमूंडी तथा कोइंडा के बीच खेला गया। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित जिला परिषद के उपाध्यक्ष ने दोनों टीम के खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हर व्यक्ति को खेलकूद अपनी दिनचर्या में शामिल करना चाहिए। खेलकूद से शरीर स्वस्थ तथा मजबूत रहता है। उन्होंने फुटबाल टूनार्मेंट का आयोजन करने वाले लोगों की प्रशंसा भी की। साथ ही यह सुझाव भी दिया की खेलकूद का आयोजन प्रत्येक वर्ष करें। कार्यक्रम में भरत साव, युमना कुमार साव, रूस्तम आलम, महोम्मद मुसरफ, सुनील कुमार, सुभाष राणा आदि मौजूद थे।

# सरायकेला जिले में सड़क सुरक्षा को लेकर चल रहा है बड़ा अभियान, उपायुक्त व एसपी के निर्देश के बाद जिले के सभी थाना प्रभारी हुए सख्त, आदित्यपुर के सर्विस रोड से हटाया जा रहा है दुकान

**दैनिक समाज जागरण ,दयाल लायक ,ब्यूरो चीफ**

सराइकेला (झारखंड ) आदित्यपुरः सरायकेला- खरसावां जिले में सड़क सुरक्षा को लेकर उपायुक्त व एसपी का संयुक्त रूप से एक मीटिंग किया गया था. जिसमें सड़क दुर्घटनाएं मेंकमी लाया जा सके. जिसका असर शनिवार के दिन आदित्यपुर थाना क्षेत्र में दिखने लगा है. जिला पुलिस लगातार एक्शन में है.

बता दे कि सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में उपायुक्त ने जिले के सभी थाना प्रभारी को सड़कों पर हो रहे अतिक्रमण पर सख्ती बरतने का निर्देश दिया है. इसको लेकर सभी थानों की पुलिस रेस हो गई है. शनिवार की सुबह आदित्यपुर थाना प्रभारी राजन कुमार ने अभियान चलाते हुए सड़क के सर्विस रोड का अतिक्रमण कर लगाए गए दुकानों को हटाया और भविष्य में दोबारा अतिक्रमण न करने की नसीहत दी. बता दें कि जिले की सड़कों पर आए दिन हो रहे सड़क दुर्घटनाओं एवं उससे हो रहे मौतों पर उपायुक्त ने कड़ी आपत्ति जताते हुए यह निर्णय लिया है. आदित्यपुर से लेकर कांड्रा तक मुख्य सड़क के दोनों किनारे बने



सर्विस रोड का बड़े पैमाने पर अतिक्रमण किया गया है. जिससे राहगीर मजबूर होकर मुख्य सड़क पर चलने को विवश है. जहां तेज रफ्तार दौड़ते बड़े वाहनों के शिकार हो रहे हैं. उपयुक्त का यह निर्देश कितना प्रभावी होता है आने वाले समय में देखने को मिलेगा. फिलहाल आदित्यपुर पुलिस की इस कार्रवाई के बाद फुटपाथी एवं स्थाई दुकानदा-रों में भी हड़कंप मचा हुआ है.

इस संबंध में आदित्यपुर थाना प्रभारी ने बताया कि रोड किनारे अतिक्रमित जगह से दुकान को हटाना ही उनका मकसद नहीं है. जितने भी दुकान एक्स्ट्रा बनाए हुए हैं वह व्यवस्थित हो जाए. उन्होंने बताया कि सर्विस रोड जाम हो जाने के कारण पैदल चलने वाले राहगीर एवं साइ-किल सवार व्यक्ति सर्विस रोड छोड़कर मुख्य सड़क से गुजरते हैं जिसके कारण बड़ी सड़क दुर्घटनाएं होती है. उन्होंने यह भी कहा कि इस कार्य में किसी समाज सेवी एवं बड़े नेता का अगर इंवॉल्वमेंट आता है तो इसकी सूचना वरीयअधिकारी को दी जाएगी. उसके बाद कार्रवाई की जाएगी.

# आभूषण कारोबारी ने एसपी विमल कुमार का किया भव्य स्वागत, पुष्प कुछ देकर एवं तिलक लगाकर किया सम्मानित

**दैनिक समाज जागरण दयाल लायक ब्यूरो चीफ सराइकेला झारखंड**

एसपी ने दुकानदारों को निडर होकर व्यवसाय करने को कहा, पुलिस की मिलेगी पूरी सुरक्षा

गम्हरिया : गम्हरिया में स्थित ईश्वर लाल ज्वेलरी दुकान में लूट कांड के बाद लोगों में काफी नाराज की पुलिस के खिलाफ देखी गई थी. मगर कुछ ऐसे पुलिस अधिकारी होते हैं जिनकी कार्यशैली लोगों को अपना कायल बना देते हैं और लोग उनका सम्मान करने से खुद को रोक नहीं पाते. ऐसा ही नजारा शनिवार को सरायकेला जिले में देखने को मिला जहां जिला ज्वेलरी दुकानदार संघ के आह्वान पर एसपी डॉ विमल कुमार का भव्य नागरिक अभिनंद किया गया.

दरअसल स्वर्ण कारोबारियों में ने गम्हरिया लाल बिल्डिंग चौक स्थित ईश्वरलाल ज्वेलर्स में हुए लूटकांड के उद्भेदन को लेकर हर्ष व्याप्त है. यही वजह है कि संघ के आह्वान पर एसपी का नागरिक अभिनंदन किया गया.

शनिवार को सबसे पहले एसपी डॉ विमल कुमार का गम्हरिया लाल बिल्डिंग चौक पर नागरिक अभिनंद



किया गया. इसमे व्यापारी संघ एवं अलग- अलग राजनीति दलों से जुड़े नेता व कार्यकर्ता भी शामिल थे. सभी ने एसपी को पुष्प कुछ देकर एवं तिलक लगाकर स्वागत किया. इस मौके पर ईश्वर लाल, सुनीता मिश्रा, रश्मि साहू, पप्पू केडिया, सुंदर मिश्रा, बंटी तुलस्यान, बृजेश पति तिवारी, निखिल सरकार, सुमित अग्रवाल, रतन बर्मन, शंकर बर्मन व अन्य मौजूद थे.

उसके बाद एसपी को राजस्थान भवन स्थित मुख्य कार्यक्रम में ले जाया गया. जहां संघ की ओर से एसपी का भव्य स्वागत किया गया. इस मौके पर आदित्यपुर थाना प्रभारी राजन कुमार, ट्रैफिक इंस्पेक्टर राजेश सिंह व अन्य पुलिसकर्मी भी मौजूद रहे. अपने संबोधन में एसपी ने दुकानदारों को निडर होकर व्यवसाय करने का भरोसा दिलाया. उन्होंने कहा कि आम लोगों का सहयोग यदि इसी तरह मिलता रहा तो बेहतर पुलिसिंग देखने को मिलेगा. लोगों से उन्होंने निडर होकर थाना आकर अपनी बातें रखने की बात कही. उन्होंने कहा इंसाफ में कभी कोई कोताही नहीं बरती जाएगी. बता दे कि लंबे समय के बाद आदित्यपुर में किसी एसपी को इस तरह से सम्मानित किया गया है.

# सासांगडीह में बनेगा आदिवासी सांस्कृतिक एवं कला केंद्र, ग्राम सभा में लाभुक समिति का गठन

**नंदा रजक, दैनिक समाज जागरण , बामनी संवाददाता, पटमदा**

पटमदा : प्रखंड विकास पदाधिकारी कार्यालय, बोड़ाम द्वारा जारी पत्र के



आलोक में शनिवार को पहाड़पुर पंचायत अंतर्गत सासांगडीह आमबागान में वित्तीय वर्ष 2022-23 में आदिवासियों के आदिवासी स-ांस्कृतिक एवं कला केंद्र माझी परगना, पहान, मानकी मुंडा व धूमकुड़िया भवन निर्माण हेतु ग्राम प्रधान भरत सिंह की अध्यक्षता में ग्राम सभा आयोजित की गई।

इस दौरान सर्वसम्मति से लाभुक समिति का गठन किया गया। मौके पर पंचायत के मुखिया अजब सिंह ने कहा कि आदिवासियों की संस्कृति व रीति-रिवाज जो पूर्वजों की बदौलत मिली है उसे सुरक्षित बरकरार रखने का दायित्व हम सभी का है।

मौके पर मुख्य रूप से पंचायत सचिव पाठक कुंभकार, सुकदेव बेसरा, दीपंकर सिंह, सहन मुर्मू, गोविंद सिंह, राकेश बेसरा, शंकर मांडी व सोहन मुर्मू आदि मौजूद थे।

# कर्नाटक में आयोजित मिलेट मेला ( 26 -29 अगस्त) में पोटका से आदिवासी आदिम सबर जनजाति ने लिया हिस्सा

**दैनिक समाज जागरण मोहम्मद कलीमुद्दीन ,प्रखंड संवाददाता ,मुसाबनी**

पूर्वी सिंहभूम

आदिवासी आदिम जनजाति की मजबूती को लेकर लगा है उनके उत्पाद की प्रदर्शनी

जादूगोड़ा से सटे पर्यावरण चेतना केंद्र बड़ा सिकदी के निर्देशक सिद्धेश्वर सरदार की अगुवाई में आदिवासी आदिम सबर जनजाति का एक प्रतिनिधि मंडल कर्नाटक में आज से आयोजित पांच दिवसीय ( 26 - 29 अगस्त तक )मिलेट मेला में झारखंड का प्रतिनिधित्व कर रही है जहा अपने गैर कृषि वन खाद्य प्रदार्थ व मोटे अनाज की प्रदर्शनी लगाई है ।इस प्रदर्शनी में देश के कोने - कोने से आदिवासी आदिम जनजाति अपने उत्पाद के साथ कर्नाटक के मैसूर में हिस्सा ले रहे है ।जिसकी मेजबानी सहारा समृद्धि कर रही है ।जिसका मकसक इस मेला के जरिए उनके उत्पाद को एक



दूसरे से शेयर करना व समझना व आदिवासी आदिम जनजाति को मजबूती प्रदान करना है। इस प्रदर्शनी में पोटका से आदिम सबर जनजाति महेंद्र सबर, सोनाराम भूमिज, उत्तरा सरदार ,गौरी सरदार व पर्यावरण चेतना केंद्र के निर्देशक सिद्धेश्वर सरदार ने शिरकत की जिसका समापन 29 अगस्त को होनी है।

पोटका से आदिवासी आदिम सबर जनजाति ने कर्नाटक में आयोजित मिलेट मेला में लिया हिस्सा, देश के कोने - कोने से आदिवासी आदिम जनजाति की मजबूती को लेकर लगा है उनके उत्पाद की प्रदर्शनी

पोटका से आदिवासी आदिम सबर जनजाति ने कर्नाटक में आयोजित मिलेट मेला में लिया हिस्सा, देश के कोने_ कोने से आदिवासी आदिम जनजाति की मजबूती को लेकर लगा है उनके उत्पाद की लगी है प्रदर्शनी

# चांडिल व गम्हारिया में पीटेक ने कराया फूड सेफ्टी ट्रेनिंग का हुआ आयोजन

**फुलचांद पारित, समाज जागरण, प्रखंड संवाददाता, नीमडीह**

नीमडीह (झारखंड), 26 अगस्त 2023 : सरायकेला खरसावां जिला अंतर्गत चांडिल व गम्हरिया में फूड सेफ्टी ट्रैनिंग का आयोजन किया गया। गम्हारिया के एनकेएस फील्ड स्थित सामुदायिक भवन में ट्रेनिंग पार्टनर पीटेक एजुकेशनल ट्रस्ट द्वारा फूड सेफ्टी ट्रेनिंग का कार्यक्रम आयोजन किया गया। जिसमें गम्हरिया क्षेत्र के विभिन्न जगहों से होटल के कारीगर शामिल हुए एवं फूड सेफ्टी की जानकारी प्राप्त की। इस दौरान स्वास्थ्य मंत्री के प्रतिनिधि प्रभात ठाकुर, पीटेक ट्रस्ट के स्टेट को-ऑर्डिनेटर अमित मोदक, फूड सेफ्टी ट्रेनर श्री रंजन कुमार मल्लिक , मजदूर यूनियन नेता मनोज कुमार ठाकुर समेत अन्य समाजसेवियों ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। कार्यक्रम में स्वास्थ्य



मंत्री के प्रतिनिधि ने इस तरह के कार्यक्रम को बढ़ावा देने की बात कही एवं इस योजना को जन जन तक पहुंचाने के लिए ट्रस्ट को हर संभव मदद करने की बात कही। ट्रस्ट के प्रदेश को-ऑर्डिनेटर अमित मोदक ने कहा कि आज ही के दिन दो जगहों जिसमे चांडिल और गम्हरिया में कार्यक्रम रखा गया था जिसमे चांडिल के कार्यक्रम का शुभारंभ चांडिल के एसडीएम रंजीत लोहरा द्वारा किया गया एवं सभी जगह से आये ट्रेनिंग लेने वाले खाद्य सामग्री विक्रेताओं को फूड सेफ्टी के बारे में विस्तृत जानकारी दी। मौके पर मौजूद ट्रस्ट के मनोज मोदक, फनी भूषण महतो, सुभाष सिंघा, प्रणय रॉय, रुपेश कुमार सोनी, निशा कुमारी ने भी कार्यक्रम को सफल बनाने में अहम् भूमिका निभाई।

# विधायक प्रतिनिधि के हाथों भूमि संरक्षण विभाग ने पटमदा के 84 किसानों में बांटे पंपसेट

**नंदा रजक, दैनिक समाज जागरण , बामनी संवाददाता, पटमदा**

पटमदा : पटमदा प्रखंड मुख्यालय स्थित कृषि तकनीकी केंद्र परिसर में शनिवार



को भूमि संरक्षण विभाग की ओर से 90 प्रतिशत अनुदानित दर पर 84 किसानों के बीच विधायक मंगल कालिंदी की अनुपस्थिति में विधायक प्रतिनिधि चंद्रशेखर टुडू के हाथों पंपसेट का वितरण किया गया

इस दौरान जिला पार्षद खगेन चंद्र महतो व प्रदीप बेसरा, सांसद प्रतिनिधि महाबीर महतो, झामुमो नेता सुभाष कर्मकार, अश्विनी महतो, संजय कुमार महतो, संदीप कुमार, विश्वामित्र दास व राजू कर्मकार के अलावे विभागीय कनीय अभियंता गौरव कुमार, सहायक तकनीकी प्रबंधक जितेंद्र नाथ रुहिदास व निर्मल कांति दास उपस्थित थे।

विधायक प्रतिनिधि ने बताया कि राज्य सरकार की ओर से किसानों को 90 प्रतिशत अनुदान पर इलेक्ट्रिक मोटर व पेट्रोल से संचालित पंपसेट उपलब्ध कराया जा रहा है ताकि क्षेत्र के किसान सालों भर कृषि कार्य करते हुए अपनी आमदनी बढ़ा सके। उन्होंने बताया कि विधायक मंगल कालिंदी की अनुशंसा पर पूरे जुगसलाई विधानसभा क्षेत्र में सालों भर खेती करने के लिए भूमि संरक्षण विभाग से कई तालाबों का जीर्णोद्धार भी कार्य कराया गया है।

# कांग्रेस ने प्रदेश अध्यक्ष और कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष के सफलतापूर्वक 2 वर्ष पूरे होने पर केक काटकर मनाया खुशी

**अभय कुमार मिश्रा, दैनिक समाज जागरण, प्रखंड संवाददाता, आदित्यपुर**

सरायकेला खरसावां (झारखंड) 26 अगस्त 2023ःझजिला कांग्रेस कमेटी सरायकेला खरसावां के कार्य जिला अध्यक्ष अंबुज कुमार के नेतृत्व में आदित्यपुर स्थित दीप गेस्ट हाउस में कांग्रेस के लोकप्रिय प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर के प्रदेश अध्यक्ष के रूप में एवं सांसद श्रीमती गीता कोड़ा पूर्व मंत्री जलेश्वर महतो पूर्व मंत्री बंधु तिर्की एवं वरिष्ठ नेता शहजाद अनवर के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष के रूप में सफलतापूर्वक 2 वर्ष पूरे होने पर केक काटकर जश्न मनाया गया।

सर्वप्रथम कांग्रेस पार्टी के लोगों हाथ छाप का 11 पाउंड का केक कार्यकारी जिला अध्यक्ष अंबुज कुमार द्वारा उपस्थित कांग्रेस जनों के बीच काटा गया।

कार्यक्रम का संयोजन जिला सचिव प्रभात सिंह छोटू ने किया।

उपस्थित कांग्रेसी जनों के बीच संक्षिप्त संबोधन में कार्यकारी जिला अध्यक्ष अंबुज कुमार ने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर के नेतृत्व में पिछले दो वर्षों के अंदर कई ऐतिहासिक सांगठनिक कार्य हुए हैं जो अपने आप में एक मिसाल है।

राजेश ठाकुर के नेतृत्व में प्रदेश कमेटी के साथ-साथ सभी जिलों में जिला कमेटी प्रखंड कमेटी बूथ कमेटी मंडल कमेटी आदि का सफलतापूर्वक गठन किया जा चुका है

इसके अलावा पूरे झारखंड प्रदेश में भारत जोड़ो यात्रा का सफल आयोजन आदरणीय प्रदेश अध्यक्ष के नेतृत्व में किया गया जो अपने



आप में अद्भुत है

यह प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर की ही दूरदर्शिता थी की झारखंड में पहली बार कांग्रेस पार्टी को सरकार में मंत्रिमंडल विभाग के साथ-साथ बोर्ड निगम में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी हिस्सेदारी मिली है।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रदेश सचिव सुरेश धारी सेवादल अध्यक्ष जैनेंद्र कुमार मुन्ना जिला महासचिव रमाशंकर पांडे समरेंद्र नाथ तिवारी खिरोड़ सरदार महिला जिला अध्यक्ष वैजयंती बारी जिला सचिव अरुण पांडे रमेश बालमुचू झरना मन्ना संगीत प्रधान रोशन सिंह उत्तम पत्रों जिला सचिव सरबजीत प्रसाद विजय झा संदीप कुणाल राय विनय झा शैलेश गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

# ईचागढ़ थाना परिसर में हुआ रूद्राभिषेक ,विधायक हुए शामिल

**शशि भूषण महतो दैनिक समाज जागरण अनुमंडल संवाददाता(चांडिल)**

चांडिल : चांडिल अनुमंडल क्षेत्र अंतर्गत ईचागढ़ थाना परिसर में मनोकामना शिव मंदिर में श्रावणी पुजा में रूद्राभिषेक सह श्रृंगार पुजा का आयोजन किया गया। रूद्राभिषेक में विधायक सविता महतो सहित कई समाजसेवी, नेता व पदाधिकारी मंदिर पहुंचे व माथा टेककर क्षेत्र की शांति व समृद्धि का कामना किए। वहीं पंडित चंद्रभान द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ रूद्राभिषेक सम्पन्न कराया गया।मारूति नंदन मनोकामना शिव मंदिर पुजा समिति द्वारा भव्य रूद्राभिषेक सह श्रृंगार पुजा का आयोजन किया गया। श्रावण माह के पावन महिना में जल ,दुध, दही, गन्ना रस से विशेष अभिषेक किया गया। पंडित चंद्रभान ने बताया कि प्रतिवर्ष श्रावण के पवित्र माह में



मारूति नंदन मनोकामना शिव मंदिर समिति द्वारा धुमधाम से रूद्राभिषेक सह श्रृंगार पुजा किया जाता है। उन्होंने कहा कि थाना परिसर में भव्य पुजा का आयोजन किया गया।

मौके पर तिरुलडीह थाना प्रभारी चितरंजन कुमार, चांडिल प्रभारी दिनेश ठाकुर, नीमडीह एसआई अजित कुमार, प्रमुख गुरुपद मार्डी, समिति अध्यक्ष अरूण माझी,सचिव अनिल सिंह, केन्द्रीय सदस्य काबलु महतो, राजेन सिंह मुंडा, अमित कुमार सिन्हा, पंचानन पातर, मुरलीधर मिश्रा, बासुदेव चटर्जी,अमुल्य प्रमाणिक, कमल साव, सुबोध कुमार,आदि उपस्थित थे।

# रूद्राभिषेक मे विधायक व कोई पदाधिकारी हुए सामिल

**दैनिक समाज जागरण ,शेखर सुमन , ईचागढ़ सराइकेला (झारखण्ड )**

ईचागढ़ - सरायकेला खरसावां जिला के ईचागढ़ थाना परिसर में मारूति नंदन मनोकामना शिव मंदिर में श्रावणी पुजा में रूद्राभिषेक सह श्रृंगार पुजा का आयोजन किया गया। रूद्राभिषेक में विधायक सविता महतो ने भी भाग लिया । उन्होंने मंदिर में पुजा अर्चना कर क्षेत्र की तरक्की व खुशहाली का कामना किया। वहीं कई समाजसेवी, नेता व पदाधिकारी मंदिर पहुंचे व माथा टेककर क्षेत्र की शांति व समृद्धि का कामना किए । वहीं पंडित चंद्रभान द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ रूद्राभिषेक सम्पन्न कराया गया। मारूति नंदन मनोकामना शिव मंदिर पुजा समिति द्वारा भव्य रूद्राभिषेक सह श्रृंगार पुजा का आयोजन किया गया। श्रावण माह के पावन महिना में जल ,दुध, दही, गन्ना रस से विशेष अभिषेक किया



गया। विधायक सविता महतो ने बताया कि श्रावण के पवित्र माह में मारूति नंदन मनोकामना शिव मंदिर समिति द्वारा धुमधाम से रूद्राभिषेक सह श्रृंगार पुजा किया गया एवं इस महा पुजा में आने का सौभाग्य मिला। उन्होंने कहा कि थाना परिसर में आयोजित रूद्राभिषेक में माथा टेककर क्षेत्र का विकास व खुशहाली का कामना किया गया। मौके पर ईचागढ़ थाना प्रभारी गौरव मिश्रा,तिरूलडीह थाना प्रभारी चित्ररंजन कुमार, चांडिल प्रभारी दिनेश ठाकुर, प्रमुख गुरूपद मार्डी,सांसद प्रतिनिधि विश्वनाथ उरांव, समिति अध्यक्ष अरूण माझी, सचिव अनिल सिंह, कोषाध्यक्ष बासुदेव चटर्जी, सह सचिव छुटु घोष, उपाध्यक्ष पंचानन पातर, श्यामापद नापीत, संयोजक अमुल्य प्रामाणिक , मंत्री अमित सिन्हा, ललित घोष, विनोद वर्मा, सुबोध राय, कमल साहु आदि उपस्थित थे।

# पूरे देश से भारतीय आदिवासी भूमिज समाज के प्रतिनिधि मंडल आज जुटेंगे खड़गपुर में

**दैनिक समाज जागरण मोहम्मद कलीमुद्दीन,प्रखंड संवाददाता ,मुसाबनी**

पूर्वी सिंहभूम

पूरे देश के कोने - कोने से भारतीय आदिवासी भूमिज समाज के प्रतिनिधि




मंडल कल रवि-वार को खड़गपुर ट्रैफिक स्कूल( खड़गपुर) में जु-टेंगे जहा इस राष्ट्रीय सम्मेलन के जरिए सामाजिक व राष्ट्रीय स्तर के मुद्दो पर चर्चा होगी। उक्ताशय की जानकारी देते भारतीय आदिवासी भूमिज समाज राष्ट्रीय महासचिव दिनेश सरदार ( जादूगोड़ा) ने कहा के इस इस राष्ट्रीय अधिवेशन में पांच राज्यों ( असम , बिहार,प० बंगाल , उड़ीसा और झारखंड) से भूमिज समाज के नवगठित कार्यकारिणी सदस्यों की पहली बैठक आयोजित किया गया है जिसमें विशेष रूप सभी निर्वाचित पदाधिकारियों और कार्यकारिणी सदस्यों द्वारा आपसी परिचय एवं सामाजिक संगठनात्मक संरचना पर विस्तार से चर्चा समेत समान नागरिक संहिता, वन संरक्षण संशोधन विधेयक 2023 , व माणिपुर हो रहे आदिवासी पर हो रहे अत्याचार एवं हिंसा पर चर्चा किया जाएगा ।इस अधिवेशन में सभी राज्यों के पदाधिकारियों एवं केंद्रीय सदस्यों तथा सभी प्रदेशों के अध्यक्ष, सचिव व कोषाध्यक्ष उपस्थित रहेंगे।